सूर्योदय 6:25 सूर्यास्त 5:49

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 16 न्यू | 24 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,605 |
| निफ्टी | 25,324 |
| सोना | 1,26,714 |
| चांदी | 1,74,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 16 अक्तूबर 2025 | 1 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 289, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### महाभारत के 'कर्ण' पंकज धीर का निधन



**एजेंसी, मुंबई।** सिनेमा जगत व दुनिया के लिए बेहद बुरी खबर सामने आई है। जाने-माने अभिनेता पंकज धीर का निधन हो गया है। 68 साल की उम्र में उन्होंने मुंबई में आखिरी सांस ली है। निर्देशक बीआर चोपड़ा की महाभारत में कर्ण की आईकॉनिक भूमिका निभाने के लिए पंकज धीर का जाना जाता था। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे, जिसके चलते 15 अक्तूबर को वह जिंदगी की जंग हार गए और इस दुनिया को छोड़कर चले गए। उनकी मौत से सिनेमा जगत में मातम पसर गया है। (अनंत ज्ञान)

### हमास ने 8 लोगों को जासूस बता मारी गोली

**एजेंसी, गाजा।** गाजा में हमास ने 8 लोगों को सड़क पर गोली मार दी। हमास ने इन लोगों को इसराइल का जासूस बताया। वायरल वीडियो में 8 लोगों को आंखों पर पट्टी बांधकर बैठाया गया और हमास के लड़ाकों ने उन्हें गोली मार दी। इस दौरान कुछ लोग अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाते नजर आए। इसराइली सेना के गाजा से पीछे हटने के बाद हमास फिर से अपनी ताकत बढ़ा रहा है। उसने उन लोकल हथियारबंद गिरोह पर हमले शुरू किए हैं, जो इसराइल के कब्जे वाले इलाकों में ताकतवर हो गए थे। आरोप है कि ये लोकल ग्रुप्स दो साल से राहत सामग्री लूटकर बेच रहे थे, जिससे गाजा में भुखमरी बढ़ी। हमास की पुलिस अब सड़कों पर गश्त कर रही है और इन गैंग्स पर हमला कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### बंगाल में अब इंजीनियरिंग कर रही छात्रा से दुष्कर्म

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एक और युवती के साथ दरिंदगी की घटना हुई है। कोलकाता के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ उसके सहपाठी ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत के बाद आरोपी को शहर के दक्षिणी हिस्से के आनंदपुर इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में पढ़ाई करने आई छात्रा ने आनंदपुर पुलिस स्टेशन में अपने सहपाठी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। छात्रा ने आरोप लगाया है कि उसके पेय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया, जिसके बाद वह बेहोश हो गई और बाद में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने इंजीनियरिंग छात्रा के गृह राज्य का अभी खुलासा नहीं किया है। यह घटना पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ हुई कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना के कुछ दिनों बाद ही हुई है। दुर्गापुर घटना को लेकर पहले ही ममता सरकार विपक्षियों के निशाने पर है। अब नई घटना से उसकी परेशानी और बढ़ सकती है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- एचपीटीयू का सारा भर्ती प्रोसेस ठंडे बस्ते में -पेज 2
- असमय सेब के पौधों पर फूल खिलने से बागवानों की बढ़ी चिंता -पेज 3
- ज्वालामुखी के सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 100 करोड़ : अग्निहोत्री -पेज 4
- 5 करोड़ रुपए खर्च पर नहीं बना कॉलेज भवन -पेज 9
- ट्रक से 260 बैग सीमेंट, 146 पेटियां अवैध शराब बरामद -पेज 11


### सीएम सुक्खू ने की 3 % महंगाई भत्ता देने की घोषणा, अप्रैल से सितंबर तक का एरियर भी मिलेगा

# सरकारी कर्मचारियों को दिवाली गिफ्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

दिवाली से पहले कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए बड़ी राहत भरी खबर है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और पेंशनरों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते की नई किस्त अक्तूबर माह के वेतन और पेंशन के साथ नवंबर माह में देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से सितंबर 2025 तक का बकाया भत्ता अक्तूबर माह में ही खातों में जमा कर दिया जाएगा, जबकि जुलाई 2023 से मार्च 2025 तक की बकाया राशि के आदेश अलग से जारी किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री सुक्खू बुधवार को शिमला में आयोजित हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन के दो दिवसीय आम अधिवेशन के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बोर्ड के कर्मचारियों की यूनियन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा के बाद पुरानी पेंशन योजना को लेकर भी विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड में सुधार की आवश्यकता है और यह कार्य कर्मचारियों के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार ने कर्मचारियों के वित्तीय लाभों के लिए 2200 करोड़ रुपए जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली बोर्ड में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एक नई मुआवजा नीति तैयार की जाएगी, ताकि किसी हादसे में घायल होने या मृत्यु की स्थिति में उनके परिवारों को तुरंत सहायता मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि बोर्ड अपने सभी लंबित प्रमोशन मामलों का निपटारा शीघ्र करे। उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यकाल में अब तक पेंशनधारकों को ग्रेच्युटी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, अवकाश नकदीकरण और पेंशन बकाया के रूप में 662.81 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है, जबकि 70 करोड़ का भुगतान वर्ष के अंत तक किया जाएगा।



शिमला में बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन के अधिवेशन को संबोधित करते सीएम सुक्खू।

**बिजली बोर्ड के आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए लाएंगे नई मुआवजा नीति**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि दूध की खरीद दरों में राज्य सरकार ने ऐतिहासिक वृद्धि की गई है तथा प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं, मक्की, जौ और कच्ची हल्दी को समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुक्खू ने यूनियन की स्मारिका का विमोचन किया और कर्मचारियों को दिवाली से पहले खुशियों की सौगात दी।

### राज्य की वित्तीय स्थिति जल्द होगी सामान्य

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य की एडिशनल बॉरोइंग बंद किए जाने से आर्थिक तंगी जरूर आई है, लेकिन राज्य की वित्तीय स्थिति जल्द सामान्य हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने जनता का धन लुटाया और वर्तमान सरकार को 75 हजार करोड़ का कर्ज और 10 हजार करोड़ की देनदारियां विरासत में मिलीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंचा है।

### सीएम ने बजट भाषण में की थी घोषणा

**सीएम** सुखविंद्र सुक्खू ने तीन प्रतिशत डीए की घोषणा 2025-26 के बजट भाषण में की थी, मगर अब तक इसका भुगतान नहीं हो सका। अब जाकर सीएम ने दिवाली से पहले इसकी घोषणा की है।

### केंद्र सरकार 58 प्रतिशत डीए दे चुकी

**केंद्र** सरकार अपने कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता दे चुकी है, जबकि हिमाचल में अभी तक 42 प्रतिशत डीए मिला है। नई घोषणा लागू होने के बाद यह 45 प्रतिशत हो जाएगा। प्रदेश में दो लाख से ज्यादा कर्मचारी और लगभग डेढ़ लाख पेंशनर है।

## पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप के बेटे की जमानत याचिका खारिज

**प्रदेश हाईकोर्ट ने जिला अदालत जाने को कहा**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल हाईकोर्ट ने शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद रहे वीरेंद्र कश्यप के बेटे बृजेश्वर कश्यप की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायाधीश विरेंदर सिंह के समक्ष याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लेख करते हुए याचिका को अमान्य बताया। सरकार का तर्क था कि आरोपी अग्रिम जमानत के लिए सीधे हाईकोर्ट का रुख नहीं कर सकता, इसलिए उसे सत्र न्यायाधीश के समक्ष जमानत याचिका पेश करनी चाहिए।

इस पर याचिकाकर्ता ने अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट से वापस लेते हुए सत्र न्यायाधीश सोलन के समक्ष याचिका दायर करने की छूट मांगी, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकारते हुए याचिका को खारिज कर दिया और जिला न्यायालय में जाने के लिए कहा।

### शादी का झांसा देकर रेप करने के हैं आरोप

**पूर्व** सांसद के बेटे बृजेश्वर कश्यप पर पीड़िता ने रेप का आरोप लगाया है। पीड़िता ने महिला थाना सोलन में इस बाबत शिकायत दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि बृजेश्वर कश्यप दो साल से शादी का झांसा देकर यौन शोषण कर रहा हैं। जब पीड़िता ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने इन्कार कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता हाईकोर्ट में उपस्थित था।

### प्रदेश महिला आयोग ने लिया संज्ञान

इस मामले में प्रदेश महिला आयोग की चेयरपर्सन विद्या नेगी ने भी संज्ञान लेते हुए एसपी सोलन से नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। विद्या नेगी ने कहा कि पीड़िता का शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया गया। उन्होंने एसपी को बिना राजनीतिक दबाव के कार्रवाई करने को कहा है और पूरी इंक्वायरी रिपोर्ट मांगी है।

## सरकार ने घटाया 28 स्कूलों का दर्जा

### स्कूलों में 5 या 5 से भी कम विद्यार्थी, सबसे ज्यादा शिमला के

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने 28 सरकारी स्कूलों का दर्जा घटा दिया है। इन स्कूलों में 18 सितंबर, 2025 तक विद्यार्थियों की संख्या पांच या इससे कम रही। इनमें 12 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल (जीएसएसएस) और 16 सरकारी उच्च विद्यालय (जीएचएस) शामिल हैं।

बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इन स्कूलों में मौजूदा कर्मचारियों, कार्यालय अभिलेखों, अन्य स्टॉक मदों, स्वीकृत पदों, भूमि एवं भवनों आदि के स्थानांतरण के संबंध में दिशा-निर्देश/निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। इन विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों को निकटवर्ती विद्यालयों या उनकी पसंद के विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाएगा।

**इनका दर्जा घटाकर हाई स्कूल किया**

1 जीएसएसएस भौंरा (कांगड़ा)
2 जीएसएसएस चंबी (मंडी)
3 जीएसएसएस कोटगढ़ (शिमला)
4 जीएसएसएस जुब्बड़ (शिमला)
5 जीएसएसएस दमयाना (शिमला)
6 जीएसएसएस बोसारी (शिमला)
7 जीएसएसएस रत्नाड़ी (शिमला)
8 जीएसएसएस बरवास (सिरमौर)
9 जीएसएसएस कडीवान (शिमला)
10 जीएसएसएस झीना (शिमला)
11 जीएसएसएस बराच (शिमला)
12 जीएसएसएस बाघल (शिमला)

**इनका दर्जा घटाकर मिडल स्कूल किया**

1 जीएचएस घरना (कांगड़ा )
2 जीएचएस त्रास्वान (मंडी )
3 जीएचएस मलहोटी(सिरमौर )
4 जीएचएस लिंगजार (शिमला)
5 जीएचएस चनोग (शिमला)
6 जीएचएस मुनीष (शिमला)
7 जीएचएस ब्राल (शिमला)
8 जीएचएस अलावांग (शिमला)
9 जीएचएस कुहल (शिमला)
10 जीएचएस कांडा (शिमला)
11 जीएचएस जराशी (शिमला)
12 जीएचएस जनाहन (शिमला)
13 जीएचएस गैहा (शिमला)
14 जीएचएस कचेरी (शिमला)
15 जीएचएस नागान (शिमला)
16 जीएचएस गाहन (शिमला)

## दुष्कर्म के झूठे आरोप भी करते हैं अपमानित : हाईकोर्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने दुष्कर्म से जुड़े एक मामले में अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि दुष्कर्म पीड़िता को जहां अपमान और पीड़ा झेलनी पड़ती है, वहीं किसी व्यक्ति पर लगाया गया झूठा आरोप भी उसके जीवन को गहरे आघात और अपमान से भर देता है। न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि आरोपी के भी संवैधानिक अधिकार होते हैं, जिनकी रक्षा आवश्यक है, और झूठे आरोपों की संभावना को गंभीरता से परखा जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि न्याय तभी सार्थक है, जब सच्चाई की पूरी निष्पक्षता से पड़ताल की जाए। खंडपीठ ने ऊना के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (1) के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें दो आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और 506 के तहत बरी किया गया था। अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता महिला के बयानों में समय-समय पर संशोधन और विरोधाभास देखने को मिले हैं, जिससे उसकी विश्वसनीयता पर संदेह उत्पन्न होता है। पीड़िता के कथनों में अलंकरण और विसंगतियां इतनी स्पष्ट थीं कि न्यायालय ने उन्हें अतिशयोक्तिपूर्ण माना।

### कैदियों को जहरीला इंजेक्शन नहीं दे सकते

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर मृत्युदंड की सजा के तरीके को बदलने की अपील की गई है, लेकिन केंद्र सरकार इसे बदलने के लिए तैयार नहीं है। सुनवाई के दौरान यह सुझाव दिया गया कि दोषी को फांसी या जहर का इंजेक्शन में से किसी एक को चुनने का विकल्प दिया जा सकता है। हालांकि, केंद्र सरकार ने हलफनामा दायर कर कहा कि ऐसा करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। मौत की सजा पा चुके कैदियों को जहरीला इंजेक्शन देना अमानवीय है।

इस पर अदालत की जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने नाराजगी जताई और मौखिक रूप से कहा कि समस्या यह है कि केंद्र सरकार बदलने को तैयार नहीं ही नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली-एनसीआर में अब फोड़ सकेंगे ग्रीन पटाखे

**एजेंसी नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दे दी। हालांकि, ये परमिशन 18 से 21 अक्टूबर तक के लिए है। इस दौरान, लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे ही ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने आदेश देते हुए कहा कि हम कुछ शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे जलाने की इजाजत दे रहे हैं। गवई ने कहा कि हमें बैलेंस अप्रोच अपनानी होगी, लेकिन पर्यावरण के साथ समझौता नहीं करेंगे।



**सुप्रीम कोर्ट ने दी परमिशन**

दिल्ली-एनसीआर, के राज्यों और केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिवाली, गुरु पर्व और क्रिसमस जैसे त्योहारों पर ग्रीन पटाखे फोड़ने की इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने 10 अक्तूबर को ग्रीन पटाखों के निर्माण और बिक्री की इजाजत मांगने वाली याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिकी पासपोर्ट टॉप-10 से बाहर

### सिंगापुर पहले नंबर पर, भारत की रैंकिंग में 8 पायदान का सुधार

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी पासपोर्ट पहली बार दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की टॉप-10 लिस्ट से बाहर हो गया। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 के मुताबिक, 20 साल में ऐसा पहली बार हुआ है। अब अमेरिकी पासपोर्ट 12वें नंबर पर है, जो मलेशिया के बराबर है। इस पासपोर्ट से 227 में से 180 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं। दूसरी ओर, सिंगापुर का पासपोर्ट सबसे ताकतवर है, जो 193 देशों में वीजा-फ्री एंट्री देता है। इसके बाद दक्षिण कोरिया (190) और जापान (189) हैं। इंडेक्स के मुताबिक, भारतीय पासपोर्ट 77वें पायदान पर है। भारत की रैंकिंग में 2025 के पहले क्वार्टर के मुकाबले 8 पायदान का सुधार हुआ है। भारतीय पासपोर्ट के साथ 59 देशों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल एक्सेस मिलता है। (अनंत ज्ञान)

### आखिर क्यों कमजोर हुआ अमेरिकी पासपोर्ट?

**कई** देशों ने अमेरिकियों के लिए वीजा नियम सख्त कर दिए। ब्राजील ने अप्रैल में वीजा-फ्री एंट्री खत्म कर दी है। चीन ने अपने वीजा-फ्री प्रोग्राम में अमेरिका को शामिल नहीं किया। पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, भारत, सोमालिया और वियतनाम के नए नियमों ने भी अमेरिकी पासपोर्ट की ताकत पर असर डाला है। हेनली एंड पार्टनर्स के चेयरमैन क्रिश्चियन केलिन ने कहा- अमेरिकी पासपोर्ट की ताकत में कमी सिर्फ रैंकिंग की बात नहीं है। यह दिखाता है कि दुनिया में ताकत का खेल बदल रहा है। जो देश खुलापन अपनाते हैं, वे आगे बढ़ रहे हैं, और जो पुरानी सोच पर टिके हैं, वे पीछे रह रहे हैं। एनी फोर्जहाइमर नाम की एक्सपर्ट ने कहा कि अमेरिका की सख्त नीतियों वाली सोच उनके पासपोर्ट की ताकत में कमी के रूप में दिख रही है।



### भारत की बढ़ती ताकत से रैंकिंग में सुधार

**ग्लोबल** लेवल पर भारत की बढ़ती ताकत का असर उसकी पासपोर्ट रैंकिंग पर भी पड़ा है। इसके अलावा डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल और नए समझौतों ने भी खास रोल निभाया है।

## चीन ने की डब्ल्यूटीओ में भारत की शिकायत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही सब्सिडी पर चीन ने नाराजगी जताई है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने बुधवार को इस मामले में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है। चीन का दावा है कि भारत की यह भारी भरकम सब्सिडी उसकी घरेलू कंपनियों को अनफेयर एडवांटेज दे रही हैं। इससे भारत में बिकने वाले चीनी इलेक्ट्रिक गाड़ियों और ईवी प्रोडक्ट्स पर असर हो रहा है। इससे चीन के हितों को नुकसान पहुंच रहा है। दुनिया के बड़े देशों में इलेक्ट्रिक कारों पर सबसे ज्यादा सब्सिडी भारत में ही मिल रही है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि वह अपने उद्योगों के अधिकारों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाएगा। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### तरकवाड़ी व लुदर में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विद्युत उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाले सभी 11 केवी फीडरों पर रखरखाव और मरम्मत कार्य प्रस्तावित किया गया है। इस कारण 17 अक्तूबर को सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल भोरंज के सहायक अभियंता ई. वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस अवधि में विद्युत उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाले सभी विद्युत अनुभाग तरकवाड़ी, ढो, डेरा परोल और लुदर की बिजली आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्य उपमंडल के सभी 11 केवी फीडरों की मरम्मत, उपकरणों की जांच तथा आवश्यक रखरखाव कार्यों के लिए किया जा रहा है, जिससे भविष्य में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। यदि मौसम प्रतिकूल रहा तो यह कार्य 18 अक्तूबर को किया जाएगा।

### भोरंज में 18 को लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन 'योगदान' भोरंज द्वारा 18 अक्तूबर 2025 को सिविल अस्पताल, भोरंज में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक चलेगा। संगठन के सचिव देवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इसका उद्देश्य अस्पताल के रक्त बैंक में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना है। उन्होंने बताया कि संगठन पहले भी शिक्षा, पर्यावरण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय रहा है। संगठन के प्रवक्ता ने आम जनता, युवाओं और सामाजिक संस्थाओं से रक्तदान कर जीवनदान देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक रक्तदाता कई लोगों की जान बचा सकता है, इसलिए सभी को इस पुण्य कार्य में भाग लेना चाहिए।

### इनरव्हील क्लब ने बांटी आर्थिक सहायता व कंबल




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर उपमंडल के चबूतरा गांव में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए इनरव्हील क्लब ऑफ हमीरपुर ने सराहनीय पहल की है। क्लब ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर प्रभावित छह परिवारों को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और एक-एक कंबल भेंट किए। यह राहत स्थानीय पंचायत समिति सदस्य प्रवीण ठाकुर और राजपूत महासभा के जिला महासचिव जोगिंदर ठाकुर की उपस्थिति में दी गई। क्लब अध्यक्ष इला चौहान, उपाध्यक्ष मनोरमा, सचिव चेतना शर्मा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। परिवारों ने क्लब का आभार जताया। साथ ही, क्लब की ओर से भविष्य में राशन आदि जरूरतों में मदद का भी आश्वासन दिया गया। इस मानवीय कार्य को लेकर क्षेत्र में क्लब की सराहना हो रही है।

### झूठे सर्टिफिकेट पर चल रही सुक्खू सरकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर झूठे दावे करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू ब्रिटिश संसद में भाषण देने का झूठा दावा करके खुद को 'झूठ का सर्टिफिकेट' दिलाने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। राणा ने बताया कि सीएम ने हाल ही में इंग्लैंड यात्रा के दौरान यह कहा था कि उन्होंने हाउस ऑफ लॉर्ड्स को संबोधित किया, लेकिन ब्रिटिश संसद के आधिकारिक संचार केंद्र ने साफ कर दिया कि 24 सितंबर को न तो कोई भाषण हुआ और न ही उस दिन कोई कार्यवाही ही थी। राणा ने कहा कि सुक्खू पहले भी विधानसभा में गलत बयानबाजी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि झूठ और अफवाह फैलाकर सरकार चलाना सुक्खू की आदत बन गई है, जिससे न केवल मुख्यमंत्री की गरिमा बल्कि सरकार की साख पर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने सुक्खू से आग्रह किया कि वे जिम्मेदार पद की गरिमा बनाए रखें।

### एनआईटी हमीरपुर ने तोड़ा रिकॉर्ड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर के सत्र 2025-26 के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र आर्यन मित्तल ने 3.40 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड तोड़ प्लेसमेंट पैकेज हासिल किया है। यह पैकेज एनआईटी के अब तक के उच्चतम पैकेज से काफी अधिक है। संस्थान के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने बताया कि इस वर्ष 15 से अधिक छात्रों ने 40 लाख रुपए से अधिक और 50 छात्रों ने 30 लाख रुपए से अधिक वेतन प्राप्त किया है। लड़कियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जिसमें कंप्यूटर साइंस की मानसी जोशी ने 1 करोड़ का पैकेज प्राप्त किया। एनआईटी हमीरपुर का औसत पैकेज अब 15 लाख रुपए हो गया है। पिछले वर्ष प्लेसमेंट इंडेक्स 94 प्रतिशत था, जो इस बार और बेहतर होने की उम्मीद है।

### ऑलमाइटी स्कूल के बच्चों ने किया गोशाला भ्रमण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल हमीरपुर द्वारा बुधवार को किंडरगार्टन विद्यार्थियों के लिए जमली स्थित गोशाला का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पशु संरक्षण, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करना था। गोशाला पहुंचने पर हिमाचल प्रदेश गोशाला प्रदेशाध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया व उत्तम सिंह ढटवालिया ने विद्यार्थियों और शिक्षकों का स्वागत किया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने गौवंश की देखभाल, चारे की व्यवस्था और गौसेवा के महत्व की जानकारी दी गई। उत्तम सिंह ने बताया कि गायों से प्राप्त पदार्थ जैविक खेती में अत्यंत उपयोगी हैं और पर्यावरण के लिए लाभकारी भी हैं। स्कूल की प्रिंसिपल-डायरेक्टर सीए पूजा मिन्हास ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को जीवन मूल्यों से जोड़ती हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन निवास करता है। जीवन के सुख के लिए मन का स्वस्थ होना आवश्यक है और स्वस्थ मन के लिए शरीर का स्वस्थ होना आवश्यक है। इस प्रकार मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य एक दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। हमारी मानसिक स्थिति और भावनाएं हमारे शारीरिक शरीर को भी प्रभावित करती हैं। शरीर के स्वास्थ्य के लिए जिस प्रकार शारीरिक शिक्षा महत्वपूर्ण है ठीक उसी प्रकार मन को दृढ़ करने के लिए भावनाओं की समुचित अभिव्यक्ति अत्यंत आवश्यक है। बुधवार को राजकीय उच्च पाठशाला डुग्घा और बनाल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 'मानसिक स्वास्थ्य एवं किशोर' विषय पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ कुलदीप सिंह चैहान ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य एक ऐसी अदृश्य समस्या है, जिसे शारीरिक लक्षणों की तरह सीधे तौर पर देखा अथवा मापा नहीं जा सकता।

# एचपीटीयू का सारा भर्ती प्रोसेस ठंडे बस्ते में

## 6 माह से धूल चाट रहे आवेदन, शिक्षकों के भरे जाने हैं 32 पद, रेगुलर वीसी की नियुक्ति का प्रोसेस भी खा रहा हिचकोले

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जिला में स्थित हिमाचल प्रदेश तकनीकी यूनिवर्सिटी में नई भर्तियों का प्रोसेस ठंडे बस्ते में चला गया है। अलग-अलग कैटिगरीज के लिए तकरीबन 6 महीने पहले आवेदन लेने की प्रक्रिया मुकम्मल हुई थी, लेकिन उसके बाद आज तक और कुछ भी नहीं हुआ। जिन्होंने आवेदन किया था वे इंटरव्यू के बुलावे की इंतजार कर रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक जितने आवेदन आए थे, वे ज्यों के त्यों पड़े हुए हैं। बहाना एक ही बनाया जा रहा है कि वाइस चांसलर की पोस्ट खाली है, उस पर नई नियुक्ति होने के बाद ही यह प्रक्रिया शुरू होगी। अब समस्या यह है कि रेगुलर वीसी की नियुक्ति का प्रोसेस भी ठंडे बस्ते में ही है। उस पर भी कोई हरकत नहीं हो रही है।

रेगुलर वाइस चांसलर के लिए एप्लीकेशन मंगवाई गईं थीं। उसकी जो विज्ञापन जारी हुई थी, उसके मुताबिक आवेदन की लास्ट डेट 26 जून थी, लेकिन उसके बाद का प्रोसेस 'जाम' हो गया है। चार माह हो चले हैं, लेकिन इन आवेदनों की स्क्रूटनिंग होनी थी। उसके बाद सर्च कमेटी के पास मामला जाना था, लेकिन इसे भी क्यों ठंडे बस्ते में डाल दिया है, यह स्थिति बेहद हास्यास्पद दिख रही है। सूत्रों के मुताबिक रेगुलर वीसी के लिए करीब दो दर्जन आवेदन आए हुए हैं, जिनमें ज्यादातर हिमाचल से ही संबंधित हैं। इक्का-दुक्का आवेदन दूसरे राज्यों से भी आए हैं। अब इनकी स्क्रूटनिंग के बाद जो प्रक्रिया शुरू होनी है, उसमें क्यों देरी हो रही? यह समझ से परे है। इसी वजह से यूनिवर्सिटी की बाकी गतिविधियों के प्रोसेस पर भी ब्रेक लगा हुआ है।


हिमाचल प्रदेश तकनीकी यूनिवर्सिटी की फाइल फोटो।

### शिक्षकों के पदों को भरने के लिए आए हैं 1604 आवेदन

**यूनिवर्सिटी** के रजिस्ट्रार कमलदेव सिंह कंवर का कहना है कि शिक्षकों के पदों को भरने के लिए लगभग 1604 आवेदन आए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक नए वाइस चांसलर का पद खाली हैं तब तक शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया मुकम्मल नहीं हो सकती। फिलहाल वाइस चांसलर के पद को भरने के लिए प्रक्रिया जारी है। उसके लिए आवेदन आए हुए हैं। स्क्रूटनिंग के बाद सर्च कमेटी को मामला जाएगा। उम्मीद यही है कि यह सारा प्रोसेस जल्दी मुकम्मल होगा।

यूनिवर्सिटी में शिक्षक वर्ग की जो भर्ती होनी है उसमें तकरीबन 32 पदों को भरा जाना है और इसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में एक पद प्रोफेसर का, जबकि इसी डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर के दो और मैनेजमेंट में एक पद को भरा जाना है।

असिस्टेंट प्रोफेसर इसी विभाग में आठ पद भरे जाने हैं। दो-दो पद इंग्लिश और एनवायरनमेंट साइंस के भी भरे जाएंगे। मैनेजमेंट के 6, मैथ के चार, फिजिक्स के भी चार और योगा के दो टीचर के पद इस प्रक्रिया में भर जाने हैं।

टेक्निकल स्टाफ में भी ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर का एक पद भर जाना है। अभी प्रक्रिया को रुके हुए 6 महीने हो गए हैं। जिन लोगों ने आवेदन ऑनलाइन किया हुआ है, वे सभी इंतजार में है। मगर यूनिवर्सिटी का सिस्टम कब 'गियर अप' होगा? इसका कोई भरोसा दिख नहीं रहा।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर दबाव डालना बंद करे कॉलेज प्रशासन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** धनेटा महाविद्यालय में एबीवीपी के बढ़ते जनाधार से घबराए कॉलेज प्रशासन और कांग्रेस समर्थित लोग संगठन के कार्यकर्ताओं पर दबाव बना रहे हैं। यह आरोप एबीवीपी हमीरपुर विभाग संयोजक भवानी ठाकुर ने लगाए। उन्होंने कहा कि परिषद छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर निरंतर सक्रिय है, जिसमें सफाई अभियान, पौधारोपण, प्रतियोगिताएं व व्यक्तित्व विकास जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इसी कारण से छात्र तेजी से एबीवीपी से जुड़ रहे हैं, जिससे बौखलाकर कॉलेज प्रशासन कार्यकर्ताओं को बैच पहनने और गतिविधियां करने से रोक रहा है। प्रधानाचार्य पर कांग्रेस के एजेंट की तरह व्यवहार करने और परिषद कार्यकर्ताओं को संगठन छोड़ने के लिए धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। भवानी ठाकुर ने स्पष्ट किया कि यदि यह मानसिक प्रताड़ना बंद नहीं हुई, तो एबीवीपी आंदोलन, धरना और भूख हड़ताल का रास्ता अपनाएगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में छात्र राजनीति पर प्रतिबंध अस्वीकार्य है और विद्यार्थी परिषद लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

## त्योहारों पर स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत मिशन को आगे बढ़ाएं : अनुराग सिंह ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- कहा- 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना होगा साकार
- हिमाचली हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों की करें खरीदारी
- स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से समृद्ध हो रही हिमाचली संस्कृति

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग के आह्वान की सराहना करते हुए त्योहारों के अवसर पर लोगों से स्थानीय व भारतीय उत्पादों की खरीददारी कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। विकसित भारत विजन को हासिल करने में आत्मनिर्भरता प्रमुख स्तंभ है और इसी के दृष्टिगत मोदी ने स्वदेशी अपनाने व भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। जब हर भारतीय स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करेगा, तब भारत आत्मनिर्भर बनेगा और देश की अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी। स्वदेशी व वोकल फॉर लोकल केवल एक नारा नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम है। स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना न केवल रोजगार बढ़ाएगा, बल्कि छोटे कारोबारियों के आत्मसम्मान की भी रक्षा करेगा। उन्होंने जनता से निवेदन किया कि त्योहारों के इस अवसर पर प्रयास करें कि ज्यादा से ज्यादा खरीददारी भारत में निर्मित उत्पादों की ही करें। यह कदम न सिर्फ भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा साथ ही स्थानीय दुकानदारों व निर्माण इकाइयों को भी बल देने का काम करेगा।



अनुराग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से प्रसिद्ध है और यहां के लोगों में अद्भुत प्रतिभा देखने को मिलती है। हस्तशिल्प के नाम पर यहां पत्थर, धातु की मूर्तियां, गुड़िया, मिट्टी के बर्तनों, चित्रों, कालीनों, शॉल की देश विदेश में भारी मांग है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कई सारे स्वयं सहायता समूह हिमाचली कला और संस्कृति को स्थानीय उत्पादों के माध्यम से दुनिया के सामने ला रहे हैं। पीएम ने वोकल फॉर लोकल मुहिम के जरिए आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य देशवासियों के सामने रखा है जिसे हम सब को अपनी सामूहिक भागीदारी के साथ साकार करना है।

## 15 तक पूरे करें आदर्श ग्राम योजना के कार्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने संबंधित पंचायत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में चयनित जिला के पांचों गांवों दड़ूही, दरोगण पत्ती कोट, मालग, महारल और धीरड़ में सभी कार्यों को 15 नवंबर तक हर हाल में पूरा करें, ताकि इन कार्यों की धनराशि लैप्स न हो। सोमवार को पीएमएजीवाई की जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इन गांवों के लिए योजना के तहत 20-20 लाख रुपये का प्रावधान किया गया था और इनकी ग्राम विकास योजना (वीडीपी) के अनुसार कुल 165 विकास कार्यों को मंजूरी दी गई थी। लेकिन, इनमें से कुछ विकास कार्य अभी भी लंबित हैं। उन्होंने कहा कि किन्हीं कारणों से अगर कोई कार्य अभी भी शुरू नहीं हो पा रहा है और उसमें कोई विवाद है तो तुरंत वीडीपी में बदलाव करें तथा नए कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उपायुक्त ने कहा कि पीएमएजीवाई के हर कार्य की जानकारी वेबपोर्टल पर भी अपलोड की जाती है। इसलिए, पंचायत जनप्रतिनिधि एवं सचिव इन कार्यों की तुरंत ऑनलाइन रिपोर्टिंग भी सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला कल्याण अधिकारी और संबंधित बीडीओ को सभी लंबित कार्यों की मौके पर जाकर निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

## महिलाओं की प्रगति ही समाज की असली शक्ति है : इंद्रदत्त लखनपाल



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

- विधायक ने 5.25 लाख की से बने महिला मंडल भवन का किया उद्घाटन

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की भकरेड़ी पंचायत में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने महिला मंडल भवन का लोकार्पण किया। यह भवन ₹5.25 लाख की लागत से निर्मित हुआ है और महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों को संगठित रूप से आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करेगा।

लोकार्पण समारोह विधिवत पूजा-अर्चना और रिबन कटिंग के साथ हुआ। ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक गीतों और नृत्य से विधायक का स्वागत किया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। अपने संबोधन में विधायक लखनपाल ने कहा कि महिलाओं की प्रगति ही समाज की असली शक्ति है और महिला मंडल भवन का निर्माण इस सोच का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने बताया कि सरकार महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना, मातृ वंदना योजना, स्वयं सहायता समूह जैसी कई योजनाएं चला रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राजेश बन्याल का पलटवार, सत्ता न मिलने से छटपटा रहे हैं राजेंद्र राणा



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

- कहा- हिमुडा सीईओ की नियुक्ति को लेकर लगाए आरोप बेबुनियाद

**बड़सर।** हिमुडा डायरेक्टर इंजीनियर राजेश बन्याल ने सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद राणा छटपटा रहे हैं और हिमुडा व सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीईओ की नियुक्ति पर सवाल उठाने वाले राणा को यह जान लेना चाहिए कि जिस अधिकारी की बात हो रही है, वे एनआईटी के गोल्ड मेडलिस्ट और आईआईटी रुड़की से पीएचडी हैं। उनके पास चीफ इंजीनियर के तौर पर दो वर्ष का अनुभव भी है।

राजेश बन्याल ने कहा कि राजेंद्र राणा खुद एक प्रॉपर्टी डीलर हैं, इसलिए वह हिमुडा को लेकर झूठी बयानबाजी कर रहे हैं ताकि बिल्डरों को फायदा हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि राजेंद्र राणा भाजपा कार्यकाल में हुई जमीन खरीद और बिना नियमों के प्लॉट आवंटन पर चुप क्यों रहे?

बन्याल ने कहा कि हिमुडा अब सिर्फ हाउसिंग ही नहीं बल्कि शहरी विकास और युवाओं के स्टार्टअप को बढ़ावा देने में भी काम करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब हिमुडा किसी बिल्डर के साथ कार्य नहीं करता और ना ही हिंद बिल्डर से उसका कोई लेना-देना है।

## टौणी देवी स्कूल की टीम ने फिर रचा इतिहास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी की अंडर-14 बास्केटबॉल टीम ने जिला स्तरीय चैंपियनशिप में लगातार दूसरे वर्ष जीत दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना ने दर्शकों का मन जीत लिया और स्कूल को गौरवान्वित किया। विजेता टीम के स्कूल लौटने पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने इसे मेहनत, समर्पण और अनुशासन का प्रतीक बताया और कोच संजय कुमार के योगदान की सराहना की, जिन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल में भी उत्कृष्ट मार्गदर्शन दिया। कोच संजय कुमार ने इसे बच्चों की निरंतर मेहनत और एकजुटता का परिणाम बताया। विजेता टीम में रुत्विक, ऋत्विक, मोहित, क्रांति, कार्तिक, गुरप्रीत, रोहित, कर्ण और राहुल जैसे खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह जीत न केवल स्कूल बल्कि पूरे टौणी देवी क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है, जो दिखाती है कि जब शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी एकजुट हों, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

## खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं दे रहे सीएम : अजय

### हमीरपुर में जिलास्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर में बुधवार को जिला स्तरीय अंडर-14 स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा ने किया। उन्होंने आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं देकर उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए अनेक क्रांतिकारी कदम उठा रहे हैं।

अजय शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी और यात्रा भत्ते में कई गुणा वृद्धि की है। अब खिलाड़ियों को प्रदेश से बाहर रेलवे में एसी क्लास तक की यात्रा सुविधा मिल रही है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विजेताओं के लिए लाखों रुपये के पुरस्कार व उत्कृष्ट कोचिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में स्टेडियम और इंडोर स्टेडियमों के निर्माण की योजना है, जिनमें नादौन में 115 करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित इंडोर स्टेडियम और सुजानपुर ग्राउंड में सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण भी शामिल है।


जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

- कहा-115 करोड़ से नादौन में बन रहा अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम

बाल स्कूल हमीरपुर का उल्लेख करते हुए अजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने स्कूल के मैदान का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण, सोलर लाइट्स और भवन के लिए सोलर प्लांट की स्वीकृति दिलाकर विद्यार्थियों को बड़ी सौगात दी है। शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के नाम से स्कूल का नामकरण कर सरकार ने वीर सैनिकों का सम्मान किया है। अजय शर्मा ने बच्चों से मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की और कहा कि एक साधारण परिवार से निकलकर कड़ी मेहनत व संकल्प से सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश के शीर्ष पद तक पहुंचे हैं। समारोह में प्रधानाचार्य मुश्ताक मुहम्मद ने मुख्य अतिथि व सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अंकुश शर्मा शहरी व आशीष बने ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- भाजयुमो ने घोषित की जिला कार्यकारिणी

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला हमीरपुर के जिलाध्यक्ष शुभम पठानिया ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श के उपरांत भाजयुमो जिला हमीरपुर के मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। शुभम पठानिया ने बताय कि जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के पद पर सोनी कुमार गर्ग, सौरव शर्मा, अभिषेक शर्मा, व जितेंद्र कुमार को बनाया गया है।

महामंत्री के पद पर अरविंद शर्मा, अक्षय शर्मा, सचिव राहुल चैधरी, चिराग गर्ग, नवजोत शर्मा, मोहन लाल शर्मा व अदित्य ठाकुर को बनाया गया है। भाजयुमो समीरपुर मंडल के अध्यक्ष मनोज कुमार, भोरंज खास मंडल अध्यक्ष अच्युत, मंडल अध्यक्ष सुजानपुर टिहरा बुधि सिंह, मंडल अध्यक्ष बमसन टौणी देवी मोहित डोगरा, मंडल अध्यक्ष हमीरपुर शहरी अंकुश कुमार, मंडल अध्यक्ष हमीरपुर ग्रामीण आशीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष ढटवाल बिझड़ी पंकज ढटवालिया, मंडल अध्यक्ष बड़सर अनिल ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नादौन आशीष राणा, मंडल अध्यक्ष गलोड़ राम लाल को बनाया गया है। इसके अलावा मुख्य प्रवक्ता सुमित कटोच नादौन, प्रवक्ता हर्षित मिन्हास नादौन व अमित ठाकुर बड़सर, कोषाध्यक्ष पंकज राणा सुजानपुर, कार्यालय सचिव हमीरपुर विशाल शर्मा, सह कार्यालय सचिव राहुल राणा हमीरपुर, सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार भोरंज, सह सोशल मीडिया प्रभारी कोशिक जरियाल नादौन, मीडिया प्रभारी अखिल ठाकुर हमीरपुर, सह मीडिया प्रभारी शम्मी शर्मा भोरंज, आईटी संयोजक कार्तिक शर्मा हमीरपुर शहरी, सह आईटी संयोजक प्रवेश कटोच नादौन को बनाया गया है। इसके अलावा संजीव चंदेल, साहिल, रक्षित बन्याल, हर्ष ठाकुर, मनोज कुमार, अक्षय कुमार व प्रियंका को सदस्य बनाया गया है।

**मांग** विश्व हिंदू परिषद ने उच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का किया स्वागत

# सरकारी नियंत्रण से मंदिरों को करें मुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

- विहिप ने मांगा मंदिरों का नियंत्रण सनातनी समाज को सौंपने का अधिकार

हिमाचल प्रदेश विश्व हिंदू परिषद ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस हालिया निर्णय का स्वागत किया है जिसमें न्यायालय ने राज्य सरकार, उपायुक्तों और मंदिर अधिकारियों को मंदिर के दान को सरकारी खजाने में स्थानांतरित करने या सामान्य विकास कार्यों के लिए उपयोग करने से स्पष्ट रूप से रोक दिया है।



उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय में कहा है कि न्यासियों या राज्य प्राधिकारियों द्वारा मंदिर न्यास निधि का दुरुपयोग या अन्यत्र उपयोग करना विश्वासघात है। न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति राकेश कैंथला की खंडपीठ ने सीडब्ल्यूपी संख्या 1834/2018 (कश्मीर चंद शदयाल बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य एवं अन्य) में 38 पृष्ठों के फैसले में यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा दान किए गए प्रत्येक रुपये का उपयोग मंदिर से जुड़े धार्मिक, आध्यात्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए ही किया जाना चाहिए। उसने कहा कि मंदिर के धन को राज्य या सरकारी खजाने के सामान्य राजस्व की तरह नहीं माना जा सकता। उसने ज़ोर देकर कहा कि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, सार्वजनिक कार्यों या राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए किसी भी तरह का धन इस्तेमाल धार्मिक स्वतंत्रता और संस्थागत पवित्रता के मूल पर प्रहार करता है।

विस्तृत संचालन निर्देशों में, अदालत ने मंदिर की आय के अनुमेय उपयोगों को सूचीबद्ध किया। जिसमें मंदिर वास्तुकला का संरक्षण, गोपुरम और मंडपों का निर्माण, हिंदू दर्शन का प्रचार, संस्कृत और वैदिक शिक्षा को बढ़ावा देना, पुजारियों का प्रशिक्षण, मंदिर कर्मचारियों के वेतन और पेंशन का भुगतान, और धार्मिक सिद्धांतों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे धर्मार्थ कार्य शामिल हैं।

पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि मंदिर के खातों का रखरखाव पारदर्शी तरीके से किया जाए। भक्तों में विश्वास जगाने के लिए मासिक आय और व्यय को नोटिस बोर्ड या वेबसाइटों पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

मंदिरों की निधियों को पवित्र ट्रस्ट मानते हुए, न्यायालय ने घोषणा की कि ऐसे धन का कोई भी दुरुपयोग न्यायिक कर्तव्य का उल्लंघन माना जाएगा और भक्तों के चढ़ावे के उद्देश्य का उल्लंघन होगा। न्यायालय ने इस बात पर ज़ोर दिया कि मंदिरों के प्रबंधन में राज्य की भूमिका केवल विनियमन तक सीमित है और धर्मनिरपेक्ष या सरकारी उद्देश्यों के लिए धार्मिक निधियों के विनियोग तक विस्तारित नहीं हो सकती।

हमीरपुर में पत्रकारों से बात करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के प्रदेश सह मंत्री पंकज भारतीय ने इस निर्णय का स्वागत किया और मांग की कि हिंदू मंदिरों का संपूर्ण नियंत्रण पहले की तरह सनातनी लोगों के हाथों में दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिरों का नियंत्रण सरकारी स्वामित्व वाले ट्रस्टों से वापस ले लिया जाना चाहिए, जिन्हें उनके अधिकारी चलाते हैं।

## गौरव शर्मा को चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ कमेंडेशन कार्ड प्रशस्ति पत्र से नवाजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर,**



हिमाचल प्रदेश के लिए यह गर्व और सम्मान का क्षण है। जिला हमीरपुर के बडसर तहसील के ग्राम पंचायत गारली, गांव कोटलू के निवासी गौरव शर्मा को भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ कमेंडेशन कार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान उनके द्वारा इस वर्ष में प्रशिक्षित रिकॉर्ड 46 बच्चों के एनडीए में चयन के बाद दिया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, चैल के शताब्दी समारोह के अवसर पर उनकी उत्कृष्ट सेवा, व्यावसायिक दक्षता और संस्थान के प्रति अटूट समर्पण के लिए प्रदान किया गया। गौरव शर्मा वर्तमान में राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, चैल में गणित के प्राध्यापक हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि गौरव शर्मा वर्ष 2019 से इस संस्थान का एक अहम हिस्सा रहे हैं। अपनी ईमानदारी, उत्साह और व्यावसायिक सत्यनिष्ठा के लिए जाने जाने वाले गौरव ने हाउस मास्टर, एनसीसी (जूनियर डिवीजन) इंचार्ज और एनडीए इंचार्ज जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। उनके योगदान ने स्कूल की शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों को उत्कृष्टता के नए आयाम दिए हैं।

गौरव शर्मा की यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत संकल्प का प्रतीक है, बल्कि हिमाचल प्रदेश की उस सुनहरी विरासत को भी रेखांकित करती है जो अनुशासन, राष्ट्र सेवा और उत्कृष्टता के लिए देश भर में जानी जाती है। उनका यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

## न्यूज ब्रीफ

### कोर्ट परिसरों में सक्षम व्यक्तियों के लिए बने 52 शौचालय

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश ने न्यायालय परिसरों में ट्रांसजेंडर और विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए 52 शौचालय बनाए हैं, जो देश में एक मिसाल बने हैं। 9 अक्तूबर तक शिमला, कांगड़ा, सोलन, हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना, मंडी, चंबा और किन्नौर में 27 ट्रांसजेंडर व 25 विशेष सक्षम शौचालय पूर्ण हो चुके हैं। सिरमौर, कुल्लू समेत अन्य न्यायालय परिसरों में 34 शौचालय निर्माणाधीन हैं, और इस वर्ष 13 और बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देश पर करीब 1.50 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं, जबकि 1.13 करोड़ की धनराशि जल्द जारी होगी। न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय निगरानी समिति गठित की गई है, जो निर्माण और रखरखाव पर नजर रखेगी। जिला स्तर पर भी उप-समितियां उपयोगकर्ताओं की सुविधा सुनिश्चित कर रही हैं। यह पहल न्यायालय परिसरों में समावेशी और सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने दिखाया जज्बा

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** रोहड़ू के हिमालयन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को विज्ञान मेले का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक कौशल और सृजनशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और छात्रों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल की सराहना की। मेले में लगभग एक सौ छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए। विज्ञान अध्यापक दिनेश शर्मा, अंकिता शर्मा और दिव्या ठाकुर ने बताया कि मॉडल और प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को सरल और रोचक ढंग से समझाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्रधानाचार्य रंजू शर्मा और चेयरमैन दिनेश शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### शूटिंग प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में आयोजित इंटर कॉलेज शूटिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन शिमला, संजौली, पालमपुर, धर्मशाला, बैजनाथ, कोटशेरा, डीएवी कॉलेज कांगड़ा और सोलन के खिलाड़ियों ने 10 मीटर एयर राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं में बेहतरीन निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया, जबकि दर्शकों ने उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ावा देती हैं।

### पंचायत अधिकारों पर विशेष अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील परमार ने प्रदेश में पंचायत अधिकारों और 73वें-74वें संविधान संशोधनों की जानकारी फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाने की घोषणा की है। संगठन सभी जिलों और ब्लॉकों में कार्यशालाओं का आयोजन करेगा ताकि पंचायत संस्थाओं में कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत किया जा सके। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने संगठन के विस्तार और सिक्षा से कार्यान्वयन पर जोर दिया। राज्य अध्यक्ष सचिन मिरुपा ने शिविरों के आयोजन को अंतिम रूप देने की जानकारी दी, जबकि राष्ट्रीय महासचिव दीपक राठौर ने आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों में संगठन की अहम भूमिका पर बल दिया। संगठन के प्रदेश प्रभारी डॉ. संजय ने कहा कि यह संगठन कांग्रेस की विचारधारा को जनस्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# असमय सेब के पौधों पर फूल खिलने से बागवानों की बढ़ी चिंता

## विशेषज्ञ बोले, तीन साल से दोहराई जा रही स्थिति, अब सेब की गुणवत्ता पर भी दिखने लगे निशान

सत्यदेव भारद्वाज अनंत ज्ञान ब्यूरो



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बागवान फिर से मुश्किल में घिर गए हैं। लोअर व मिडल बेल्ट में सेब सीजन लगभग समाप्त है, केवल ऊंचाई वाले इलाकों में तुड़ान का अंतिम दौर जारी है। इस बार पेड़ों पर असमय पतझड़ व उसके बाद दोबारा फूल निकलने की प्रक्रिया ने हालात को और उलझा दिया है। कई क्षेत्रों में पत्ते झड़ते ही पौधों ने फिर से फ्लावरिंग शुरू कर दी, जिससे अगले वर्ष की फसल पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है।

जानकारों के अनुसार पिछले तीन से चार सालों से यह असामान्य चक्र राज्य के प्रमुख सेब क्षेत्रों में दोहराया जा रहा है। कृषि एवं बागवानी विश्वविद्यालय नौणी और उससे संबद्ध अनुसंधान केंद्र अब तक इस प्रक्रिया का स्थायी निदान नहीं खोज पाए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में उपलब्ध दवाएं असर नहीं दिखा रहीं। बागवानों की मानें तो पत्तों का झड़ना, रोग संक्रमण और फफूंद का फैलाव लगातार बढ़ा है, जबकि बारिश और तापमान की गड़बड़ी ने स्थिति को और कठिन बना दिया है। बर्फ अब पहले जैसी नहीं पड़ती, जिससे पौधों को प्राकृतिक विश्राम नहीं मिल पा रहा और विकास चक्र असंतुलित हो गया है। सेब की गुणवत्ता पर इसका गहरा असर पड़ा है। जिला शिमला के ऊपरी और मध्य क्षेत्रों, जो कभी अपनी मिठास और आकर्षक रंग के लिए पहचाने जाते थे, अब गिरती गुणवत्ता की मार झेल रहे हैं। कई बागवान बताते हैं कि फल का आकार घट गया है, स्वाद में मिठास नहीं रही है और रंग पहले जैसा चमकदार नहीं रहा। जो सेब कभी दिल्ली, मुंबई और विदेशी बाजारों तक अपनी पहचान बनाए हुए थे, अब उसी क्षेत्र के उत्पाद कम चमकदार और कम रसदार नजर आ रहे हैं।

### ग्लोबल वार्मिंग बना परेशानी का कारण

**वैज्ञानिक** मान रहे हैं कि मौसम का यह असंतुलन ग्लोबल वार्मिंग का प्रत्यक्ष संकेत है। तापमान की अनिश्चितता, समय से पहले बारिश और सर्दियों में घटती बर्फबारी ने बागवानी की पारंपरिक लय तोड़ दी है।

### पेड़ अब नहीं पहचानते मौसम

**विशेषज्ञों** का अनुमान है कि स्थिति नहीं सुधरी तो अगले वर्ष की पैदावार पर तीस से चालीस प्रतिशत तक असर पड़ सकता है। बागवान कह रहे हैं कि पेड़ अब मौसम नहीं पहचानते, फूल गलत वक्त पर आने लगे हैं और फल सही समय पर नहीं पनप रहे।

# कुसुम्पटी में 150 करोड़ से हो रहा सड़कों का कायाकल्प : अनिरुद्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



कुसुम्पटी में विकास कार्यों का शिलान्यास मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बुधवार को कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की रफ्तार निरंतर बढ़ रही है और हर गांव तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पंचायत सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

अनिरुद्ध सिंह ने पटगेहर-धार सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सड़क का टेंडर जारी हो चुका है और कार्य शीघ्र आरंभ होगा। मंत्री ने याद दिलाया कि 2012 में विधायक बनने के बाद उनकी प्राथमिकता रही है कि क्षेत्र के हर गांव तक सड़क सुविधा पहुंचे। उन्होंने बताया कि पटगेहर पंचायत में अब तक लगभग 28 लाख 50 हजार रुपए की राशि विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च की जा चुकी है। मंत्री ने पशु चिकित्सालय को पुनः आरंभ करने और प्राथमिक विद्यालय के पुराने भवन को गिराकर नया भवन निर्माण करवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जहां भी सड़क निर्माण के लिए लोगों की जमीन आवश्यक है, वहां एनओसी मिलने पर तुरंत निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

ग्रामीण विकास मंत्री ने भराड़ी (पदेची) पंचायत भवन का लोकार्पण किया, जिसका निर्माण लगभग 88 लाख रुपए की लागत से हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने पंचायत भवन के निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले लोगों को सम्मानित किया। मंत्री ने बताया कि भराड़ी (पदेची) पंचायत के अन्य विकास कार्यों के लिए लगभग 68 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। भराड़ी पंचायत में मंत्री ने कोटि जुब्बड़ सड़क का शिलान्यास किया, जिसकी मेटलिंग व उन्नयन पर लगभग 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगभग 150 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। अनिरुद्ध सिंह ने ग्राम पंचायत मेहली में गुसान से बचटेडी सड़क का शिलान्यास किया। यह सड़क लगभग 25 लाख रुपये की लागत से बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर कोने में सड़कें बनाकर ग्रामीणों को बेहतर संपर्क और विकास के अवसर उपलब्ध कराना उनका लक्ष्य है। मंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें हल करने का आश्वासन दिया।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने ई-टैक्सियों को झंडी दिखाकर किया रवाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



मुख्यमंत्री सरकारी आवास ओक ओवर में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के अंतर्गत ई-टैक्सी के शुभारंभ के मौके पर।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को अपने सरकारी आवास ओक ओवर से राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के अंतर्गत 18 ई-टैक्सियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिमला जिले के चार, कांगड़ा और किन्नौर जिलों के तीन-तीन, चंबा, कुल्लू और सोलन जिलों के दो-दो तथा हमीरपुर और सिरमौर जिलों के एक-एक युवा को यह ई-टैक्सियां प्रदान की गईं।

राज्य सरकार ने इन ई-टैक्सियों की खरीद के लिए 1.28 करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान की है। इस योजना के तहत युवाओं को ई-टैक्सियों की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। अब तक प्रदेश के 79 पात्र युवाओं को 5.64 करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम युवाओं को लाभकारी स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा, साथ ही इन टैक्सियों को सरकारी विभागों और निगमों के साथ जोड़कर पांच वर्षों तक सुनिश्चित आय उपलब्ध होगी, जिसे दो वर्ष तक बढ़ाया भी जा सकेगा।

# म्युनिसिपल शेयर्ड सर्विस सेंटर्स को केंद्र से 47.37 करोड़ स्वीकृत : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में म्युनिसिपल शेयर्ड सर्विस सेंटर्स की स्थापना के लिए 47.37 करोड़ रुपए की अनुदान राशि स्वीकृत की है। यह राज्य सरकार की पहल और निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जिससे सीमित जनशक्ति, वित्तीय संसाधनों की कमी और तकनीकी सहयोग की चुनौतियों का समाधान संभव होगा। इन केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, व्यापार लाइसेंस, संपत्ति कर भुगतान, कचरा बिल संग्रहण और शिकायत निवारण जैसी सेवाएं एक ही स्थान पर सुलभ होंगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ये केंद्र पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर काम करेंगे और शहरी निकायों के लेखा, वेतन प्रबंधन तथा विक्रेता भुगतान जैसी गतिविधियों के लिए केंद्रीकृत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। छोटे कस्बों में टैक्स और बिल संग्रहण जैसी सुविधाएं भी घर-घर प्रदान की जाएंगी। केंद्र सरकार इस परियोजना की राशि दो किस्तों में जारी करेगी, जिसमें से पहली किस्त के रूप में 23.68 करोड़ रुपए पहले ही प्राप्त हो चुके हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वयं सहायता समूहों और गैर-सरकारी संगठनों को भी इस पहल से जोड़ेगी, ताकि वार्ड स्तर तक सेवाओं की पहुंच और जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# स्टार्ट-अप एंड इनोवेशन पॉलिसी से युवाओं के सपनों को लगेंगे पंख : धर्माणी



मंत्री राजेश धर्माणी हिमुडा की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि हिमुडा द्वारा स्टार्ट-अप एंड स्टूडेंट इनोवेशन पॉलिसी लागू की जा रही है, जिसके तहत युवाओं के स्टार्ट-अप को बढ़ावा दिया जाएगा। इस नीति में हिमुडा ने 25 लाख रुपए के स्टार्ट-अप फंड की व्यवस्था की है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक चयनित प्रस्ताव को पांच लाख रुपए तक की फंडिंग दी जाएगी। धर्माणी ने कहा कि यह नीति प्रदेश में नवाचार, आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकीय तंत्र तैयार करेगी।

उन्होंने बताया कि हिमुडा सतत और सुनियोजित विकास की दिशा में कार्य कर रहा है। प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए कांगड़ा जिले के नरघोटा में पर्यटन गांव विकसित किया जाएगा। साथ ही हिमुडा को आध्यात्मिक नगर परियोजनाओं की संभावनाएं तलाशने और सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए आइटी टाउनशिप परियोजनाओं पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

राजेश धर्माणी ने शिमला शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए जाठिया देवी में विकसित की जा रही 'माउंटेन सिटी परियोजना' की भी समीक्षा की और इसे शहरी विस्तार की दिशा में एक दूरदर्शी कदम बताया। उन्होंने कहा कि हिमुडा की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए संगठन में 46 नए पद सृजित किए गए हैं, वहीं लम्बे समय से निष्क्रिय पदों का युक्तिकरण भी किया गया है।

# पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाना आयोग का संकल्प : कुलदीप धीमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



कुलदीप कुमार धीमान रोहड़ू रेस्ट हाउस में पीड़ित परिवार से मिलने के बाद जानकारी देते हुए।

रोहड़ू के लिंमड़ा गांव में नाबालिग बच्चे की आत्महत्या मामले ने प्रशासनिक संवेदनशीलता और न्यायिक निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले की जांच के लिए हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान बुधवार को रोहड़ू पहुंचे और स्थानीय प्रशासन व पुलिस अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की।

धीमान ने कहा कि पुलिस की जांच संतोषजनक नहीं रही और शुरुआती चरण में गंभीर लापरवाही हुई। 20 सितंबर 2025 को दर्ज एफआईआर में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम की धाराएं शामिल नहीं की गईं। जांच अधिकारी ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके कारण आयोग ने जांच अधिकारी एएसआई मंजीत को निलंबित कर दिया है। साथ ही, एसडीपीओ रोहड़ू से कार्यप्रणाली पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

पीड़ित परिवार ने बताया कि बच्चे को 'अछूत' कहकर उसके घर में प्रवेश पर रोका गया और घर की शुद्धि के लिए बकरा मांगने की बात कही गई। बावजूद इसके, पुलिस ने मामला अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज नहीं किया। जब मामला हाईकोर्ट पहुंचा, तब ही अधिनियम की धाराएं जोड़ी गईं, पर आरोपित महिला अभी तक गिरफ्तार नहीं हुई है।

आयोग लगातार मामले की निगरानी कर रहा है। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के निर्देश दिए हैं। आयोग निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रहा है।

# खाद्य सुरक्षा अधिनियम पर कड़ी निगरानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और शिकायत निवारण की समीक्षा बैठक हुई। सभी जिला शिकायत निवारण अधिकारी इसमें शामिल हुए। डॉ. कत्याल ने कई जिलों से शिकायत न मिलने पर चिंता जताई और कहा कि इससे पता चलता है कि शिकायत निस्तारण की जानकारी आम जनता तक सही तरीके से नहीं पहुंच रही। उन्होंने व्यापक जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार और सार्वजनिक स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी सेवाएं और पोषण अभियान से जुड़ी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही उचित मूल्य दुकानों का नियमित निरीक्षण कर अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई की बात कही गई। डॉ. कटवाल ने पारदर्शिता और जवाबदेही को प्रभावी क्रियान्वयन का मूल मंत्र बताया और भविष्य में नियमित समीक्षा बैठकों का वादा किया, ताकि योजनाओं का लाभ सही ढंग से जनता तक पहुंच सके।

# एसएफआई ने सांकेतिक हड़ताल का किया ऐलान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की इकाई ने बुधवार परीक्षा प्रणाली में बढ़ती अनियमितताओं और छात्रों से वसूले जा रहे शुल्कों के विरोध में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और 24 घंटे की सांकेतिक हड़ताल का ऐलान किया। एसएफआई नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन परीक्षाओं को पैसे कमाने का जरिया बना चुका है और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। संगठन के उपाध्यक्ष कामरेड आशीष ने कहा कि ईआरपी सिस्टम के माध्यम से परीक्षा परिणाम जारी करने की प्रक्रिया विफल साबित हो रही है। ऑनलाइन प्रणाली में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पर तीन गुना अधिक खर्च हो रहा है, जबकि परिणाम समय पर नहीं आ रहे।

आशीष ने आरोप लगाया कि पुनः निरीक्षण में 90 प्रतिशत छात्र पास हो रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि विश्वविद्यालय जान-बूझकर छात्रों को कुछ अंकों से फेल कर रहा है ताकि पुनः निरीक्षण के नाम पर उनसे अतिरिक्त शुल्क वसूला जा सके।

**सुविधा** चमियाना अस्पताल में जांच सेवाओं का हुआ बड़ा विस्तार, अब 100 से अधिक ब्लड टेस्ट एक ही स्थान पर संभव

# अटल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में लगी अत्याधुनिक 'कोबास' मशीन

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान, चमियाना में अब मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अस्पताल में अत्याधुनिक कोबास मशीन स्थापित की गई है, जिससे अब एक ही स्थान पर लगभग सौ तरह के ब्लड टेस्ट किए जा सकेंगे। यह मशीन अत्याधुनिक तकनीक से लैस है और बहुत कम समय में सटीक रिपोर्ट उपलब्ध कराती है। इस सुविधा के शुरू होने से संस्थान में स्वास्थ्य जांच सेवाओं की गुणवत्ता और गति दोनों में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

जानकारों के अनुसार कोबास मशीन को आधुनिक चिकित्सा जगत में एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि माना जाता है। यह मशीन एक साथ कई सैंपलों की जांच करने में सक्षम है और इसमें



अस्पताल की फाइल फोटो।

ऑटोमेटेड सिस्टम के माध्यम से मानवीय त्रुटियों की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है। अब उन मरीजों को राहत मिलेगी जिन्हें पहले जटिल जांचों के लिए निजी प्रयोगशालाओं का सहारा लेना पड़ता था। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इस मशीन के आने से जांच रिपोर्ट समय पर मिलने लगेगी, जिससे इलाज की प्रक्रिया भी तेज होगी और डॉक्टरों को बेहतर उपचार योजना बनाने में मदद मिलेगी।

अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान से जानकारी मिली है कि कोबास मशीन की स्थापना से अस्पताल की प्रयोगशाला सेवाओं में एक बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि पहले जिन जांचों के परिणाम आने में घंटों या कभी-कभी पूरे दिन का समय लग जाता था, अब वे कुछ ही मिनटों में उपलब्ध होंगे। इससे आपातकालीन मरीजों को विशेष लाभ मिलेगा, क्योंकि सटीक रिपोर्ट मिलने से उपचार में देरी नहीं होगी। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में अस्पताल में और आधुनिक उपकरण जोड़े जाएंगे, ताकि हिमाचल प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं घर के पास ही मिल सकें।

कोबास मशीन की मदद से ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, लिवर और किडनी फंक्शन से जुड़ी अनेक जांचें एक साथ की जा सकती हैं। यह मशीन एक बार में कई दर्जन सैंपलों का विश्लेषण करने में सक्षम है। इससे अस्पताल की प्रयोगशाला का कामकाज सुचारू होगा और मरीजों की बढ़ती संख्या के बावजूद रिपोर्ट समय पर दी जा सकेगी।

### आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम

**यह** पहल प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग की उस दिशा में एक और ठोस कदम है, जिसमें सार्वजनिक अस्पतालों को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित करने की योजना चलाई जा रही है। चमियाना अस्पताल में यह सुविधा मिलने से अब आसपास के जिलों के मरीजों को भी लाभ मिलेगा और उन्हें बड़े शहरों के निजी अस्पतालों तक नहीं जाना पड़ेगा।

### मरीजों का बढ़ेगा भरोसा

**अटल** सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान, चमियाना में इस मशीन के संचालन से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन की दिशा में एक नई शुरुआत हुई है। इस पहल से जहां चिकित्सा सेवाओं की सटीकता बढ़ेगी, वहीं मरीजों के प्रति भरोसा और संतोष भी बढ़ेगा।

# कांग्रेस ने सरकारी स्कूलों का दर्जा घटाया, सुविधाएं कीं डीग्रेड : संदीपनी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि पहले सरकारें सरकारी सुविधाओं को सुधारती थीं, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार के शासन में ये लगातार गिरावट पर हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 12 वरिष्ठ सेकेंडरी और हाई स्कूलों का दर्जा घटा दिया गया है, खासकर शिमला में 22 स्कूल डाउन ग्रेड हुए हैं। इसके अलावा करीब 1200 सरकारी स्कूल बंद या मर्ज किए गए, जिससे ग्रामीण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। संदीपनी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनर्स को किए वादे पूरा नहीं किए, हिमाचल में पेंशन भुगतान 1301 करोड़ रुपए से अधिक लंबित है। उन्होंने इसे प्रदेश के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार की नीतियों पर उठे सवाल

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान



सेब उत्पादक संघ के पहले सम्मेलन में भाग लेते पदाधिकारी।

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल सेब उत्पादक संघ ननखड़ी ब्लॉक का पहला सम्मेलन बुधवार को ननखड़ी में सम्पन्न हुआ, जिसमें लगभग 60 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्घाटन किसान सभा के राज्य महासचिव राकेश सिंघा ने किया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश दोनों जगह सरकार की नीतियों के कारण किसानों की पीड़ा बढ़ती जा रही है।

किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य न मिलने से कृषि घाटे का सौदा बन गई है और कई किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि गरीब किसानों की बेदखली रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया

### सेब उत्पादक संघ ननखड़ी ब्लॉक का पहला सम्मेलन संपन्न

जा रहा है। सिंघा ने कहा कि सेब उत्पादक संघ तथा किसान सभा मिलकर आने वाले समय में किसानों को संगठित करेंगे और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन छेड़ेंगे। कार्यक्रम में किसान सभा के जिला महासचिव देवकी नंद ने कहा कि संगठन को जिला स्तर पर और मजबूत किया जाएगा तथा किसान विरोधी निर्णयों का डटकर मुकाबला किया जाएगा। सम्मेलन में 31 सदस्यों की ब्लॉक कमेटी का गठन किया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### पोषाहार माह के तहत रेसिपी कंपटीशन



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बाल विकास परियोजना बैजनाथ के वृत्त आवेरी में पोषाहार माह के अंतर्गत रेसिपी कंपटीशन का कैंप का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वृत्त परिवेशक अवेरी की रानी देवी ने की। कैंप में आशा वर्कर, स्वास्थ्य कर्मचारी और बाल विकास कार्यकर्ता व स्थानीय महिलाओं, बेटियों और बच्चों ने भाग लिया और उन्हें पोषाहार के बारे में बताया गया और स्थानीय पोषाहार की जानकारी भी दी गई।

### लोगों से श्रीराम के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान

**नरेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** न्यू रामलीला क्लब बाबा बालकरूपी में चल रही रामलीला का समापन भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन उपरांत हुए राजतिलक और कलाकारों के सम्मान समारोह के साथ हुआ। अंतिम दिन राम-रावण युद्ध के मंचन के बाद श्रीराम का राजतिलक किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि मंदिर प्रबंधक कमेटी बाबा बालकरूपी के पुजारी ब्रिज मोहन शर्मा रहे। उन्होंने मंच पर उपस्थित कलाकारों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। बृज मोहन ने रामलीला कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा बालकरूपी में पीढ़ियों से सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखा जा रहा है। उन्होंने लोगों से श्रीराम के पदचिह्नों पर चलने और बुराइयों को छोड़कर जीवन में अच्छाइयों को अपनाने का आह्वान किया।

### लंबित बिल जमा करवाएं, नहीं तो कटेगा कनेक्शन

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के तहत आने वाले उन सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिन उपभोक्ताओं ने अपना सितंबर महीने का बिजली का बिल या उस से भी अधिक लंबित समय से अभी तक जमा नहीं करवाया है, वे सभी अपना बिजली का बिल जल्द से जल्द विद्युत उपमंडल ढलियारा या बिजली बोर्ड कि ऑनलाइन साइट के माध्यम से जमा करवा दें। इसके बाद बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर उनके बिजली के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इसे अंतरिम सूचना या नोटिस माना जाये। यह सूचना ई. मनीष कुमार संधू सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल ढलियारा ने दी है।

### जयसिंहपुर में आम आदमी पार्टी की बैठक

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आम आदमी पार्टी विधानसभा जयसिंहपुर की बैठक कैप्टन विनोद कुमार कार्यकारी अध्यक्ष की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह जयसिंहपुर में हुई। जिला अध्यक्ष शेर सिंह विधानसभा अध्यक्ष विनोद कुमार ने पर्यवेक्षक पूर्ण चंद व प्रभारी व सह प्रभारी द्वारा प्राप्त आदेशों के बारे में अवगत करवाया। विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर की कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जाए। इस अवसर पर कैप्टन विनोद कुमार, रंजन, प्रीतम मेहरा, शेर सिंह, प्रभात चंद कौंडल, वीरेंद्र सिंह, संजय राणा, रवि कुमार, कालिदास, प्यारचंद ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### डरोह, बसकेहड़ में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** 17 अक्तूबर को बिजली लाइन के रखरखाव एवं मरम्मत कार्य के चलते 33/11 केवी सब-स्टेशन कुरल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों डरोह, बारी, बसकेहर पीटीसी डरोह, अटियालादाई, बोदा, जैंद, खड्डुल, भोडा, कलेहड, केदारा, मरूंह, भेडू ब्लॉक कार्यालय, सिहोल, धीरा, कुहाना, नौरा, डईं आदि क्षेत्रों में सुबह 9:30 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। खराब मौसम होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी इंजीनियर सुभाष कुमार सहायक अभियन्ता विद्युत उपमंडल डरोह ने दी है, साथ ही उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

# ज्वालामुखी शक्तिपीठ के सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 100 करोड़ : अग्निहोत्री

## बोले, पारंपरिक पूजा पद्धति में लाई गुणवत्ता, पुजारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

- कुलदेवी मां ज्वाला जी के दर नवाया शीश, बेटी के विवाह का दिया प्रथम निमंत्रण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



डिप्टी सीएम ने बेटी डॉ. आस्था के साथ कुलदेवी मां श्री ज्वाला मंदिर में टेका माथा।

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।

माता श्री ज्वालाजी और माता श्री नयना देवी मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए 100-100 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के लिए 56.26 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं और लगभग 250 करोड़ रुपए की लागत से एक भव्य परिसर का निर्माण किया जा रहा है। मंदिरों के पुजारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस क्रम में हाल ही में माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के 15 और माता श्री नयना देवी मंदिर के 10 पुजारियों को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया है। बुधवार उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री सहित अपनी कुलदेवी मां श्री ज्वाला मंदिर में माथा टेका और विधिवत पूजा-अर्चना की तथा बेटी के विवाह का प्रथम निमंत्रण भी दिया। इसके उपरांत के माता श्री बगलामुखी मंदिर भी पहुंचे और यहां भी विधिवत शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए लगभग 11.16 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। मंदिरों में नियमित पूजा-अर्चना और अधोसंरचना के बेहतर रखरखाव के लिए एक करोड़ रुपये की वार्षिक सहायता दी जा रही है। छोटे मंदिरों को पूजा-अर्चना के लिए दी जाने वाली राशि को वर्ष 2025-26 में दोगुना कर दिया गया है।

प्रदेश के सभी मंदिरों में चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन लंगर बुकिंग और ऑनलाइन दर्शन जैसी डिजिटल सेवाएं भी सुविधा शीघ्र ही आरंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक 550 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है।

### नगरोटा बगवां कॉलेज में ध्यान योग शिविर का आयोजन

# स्टूडेंट्स ध्यान योग को बनाएं दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**राजकीय** उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में मेडिटेशन क्लब के सौजन्य से एक दिवसीय ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सोनी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि आधुनिक जीवन की व्यस्त दिनचर्या में तनाव और चिंता सामान्य हो गए हैं, जिनसे मुक्ति पाने का सबसे प्रभावी उपाय योग और ध्यान है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इन क्रियाओं को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं, ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बन सकें। शिविर का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षित योग प्रवक्ता विकास द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को सांसों के अभ्यास (प्राणायाम), सूर्य नमस्कार, सुधर्शन क्रिया तथा ध्यान की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया। विद्यार्थियों ने अत्यंत रुचि और समर्पण के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया। विकास ने बताया कि ध्यान और योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है, जो मन को शांत, एकाग्र और सकारात्मक बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि नियमित ध्यान से न केवल स्मरण शक्ति और एकाग्रता बढ़ती है, बल्कि आत्मविश्वास और भावनात्मक स्थिरता भी विकसित होती है।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. सोनी ने श्री विकास और आर्ट ऑफ लिविंग टीम का आभार व्यक्त किया तथा मेडिटेशन क्लब के संयोजक डॉ. राजीव कुमार और सदस्यों की सराहना की, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# धर्मशाला में भावी शिक्षकों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला के सड़क सुरक्षा क्लब ने प्राचार्य आरती वर्मा के निर्देशन और मार्गदर्शन में राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला में सड़क सुरक्षा के संबंध में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया।

2025 बैच के सभी छात्र सड़क सुरक्षा क्लब में शामिल हुए और प्रदेश सरकार की ओर से दिए गए निर्देशानुसार शपथ ली।

सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी प्रो. युगराज सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए निर्देशानुसार राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला सत्र 2025-26 के लिए सड़क सुरक्षा क्लब की गतिविधियों का आयोजन करेगा, जिसमें जागरूकता अभियान, जैसे रैलियां, सार्वजनिक व्याख्यान और सामुदायिक आउटरीच शामिल हैं, ताकि जनता को यातायात नियमों और सुरक्षित प्रथाओं के बारे में सूचित किया जा सके। वे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, प्राथमिक चिकित्सा और दुर्घटना निवारण पर कार्यशालाएं, ड्राइवरों और पैदल यात्रियों के लिए प्रशिक्षण सत्र और छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा नियमों पर इंटरैक्टिव सत्र जैसे शैक्षिक कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं। इसके अतिरिक्त, क्लब सदस्यों को शामिल करने और सडक़ सुरक्षा मुद्दों के रचनात्मक समाधान को बढ़ावा देने के लिए नारा लेखन, पोस्टर बनाना, प्रश्नोत्तरी, स्किट, भाषण, नुक्कड़ नाटक, अभिभावक शिक्षक जागरूकता सत्र, व्यावहारिक प्रशिक्षण, वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं।

इस अवसर पर डॉ. अनूप कुमार, डॉ. अतुल ठाकुर एवं अन्य स्टाफ सदस्य शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहे।

# आपदाओं के प्रति युवा रहें सजग

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में एक दिवसीय आपदा जागरूकता और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा द्वारा समर्थ 2025 के अंतर्गत किया गया। इसका विषय आपदा नहीं सुरक्षा क्षमता रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्राकृतिक तथा मानव-निर्मित आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करना और आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना था। कार्यक्रम का आयोजन आपदा प्रबंधन समिति के संयोजक डॉ. इंद्र कुमार द्वारा महाविद्यालय में आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में भकंप, बाढ़, भूस्खलन और आग जैसी आपदाएं लगातार बढ़ रही हैं, इसलिए युवाओं को इनके प्रति सजग रहना आवश्यक है।

# 8 परिवारों ने सड़क निर्माण के लिए दान की 10 कनाल भूमि

**पिंकी, अनंत ज्ञान**



अब दर्जनों परिवारों के घर तक पहुंचेगी विकास की गाड़ी।

**डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील की पंचायत त्यामल वार्ड-1 के आठ परिवारों ने विकास की नई राह खोलते हुए लगभग 10 कनाल भूमि लोक निर्माण विभाग डाडासीबा को सड़क निर्माण के लिए दान की है। यह सड़क त्यामल से चनौर जरयाल बस्ती होते हुए राखा बस्ती तक बनेगी, जिसकी कुल लंबाई लगभग 5 किलोमीटर होगी।

गांव के लोग वर्षों से सड़क सुविधा से वंचित थे और अब इस कदम से दर्जनों परिवारों के घर तक विकास की गाड़ी पहुंचेगी। इससे पहले भी इन परिवारों ने सड़क के लिए भूमि दान कर समाजसेवा की मिसाल कायम की थी। भूमिदान की रजिस्ट्री नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार के समक्ष लोक निर्माण विभाग के नाम करवाई गई। भूमिदान करने वालों में वीर सिंह पुत्र धनीराम (5 कनाल 15 मरले), सोमदत्त पुत्र फैलीराम (10 मरले), राजेंद्र सिंह पुत्र रण सिंह (5 मरले), हंसराज पुत्र रन सिंह (10 मरले), अशोक कुमार पुत्र ओमप्रकाश (1 कनाल 10 मरले), संतोष कुमारी पत्नी स्व. बाबूराम (10 मरले), राकेश कुमार पुत्र प्यार सिंह (10 मरले) और लेखराज पुत्र अमर सिंह (10 मरले) शामिल हैं। इन आठ परिवारों ने स्वेच्छा से भूमिदान कर सामाजिक एकता, जनहित और गांव के विकास की भावना को सशक्त किया है। इस सड़क के निर्माण से लगभग दो दर्जन से अधिक परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा, साथ ही क्षेत्र में यातायात और सुविधाओं में बड़ा सुधार होगा। जनहित में किया गया, यह भूमिदान ग्रामवासियों के सहयोग और सामूहिक भावना की मिसाल है, जिसने विकास के मार्ग को प्रशस्त किया है।

# राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में एंजल स्कूल भवारना प्रथम



भारत विकास परिषद ने आयोजित की राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में एंजल पब्लिक स्कूल भवारना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस शाखा स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन परिषद की भवारना शाखा द्वारा पारस पब्लिक स्कूल में किया गया।

एंजल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हिंदी एवं संस्कृत के सुरीले देशभक्ति गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस बीच टीम का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी किया गया। मुख्यातिथि बुड्ढा मल ज्वैलर्स के सतीश खरवाल ने ट्रॉफी देकर बच्चों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य समीर अमिताभ ने बच्चों की उपलब्धि की सराहना करते हुए संगीत अध्यापक अंकित कुमार एवं दीपक कुमार, सांस्कृतिक संयोजक शिवानी तथा प्रियंका डोगर के प्रयास के लिए सराहना की तथा नन्हें कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# स्वयंसेवियों को निस्वार्थ सेवा और नैतिक मूल्य बताए

## एसएचओ गुरदेव ने साइबर क्राइम और सड़क सुरक्षा की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह**





डरोह स्कूल में सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर और स्थानीय बाजार में सफाई की।

**पीएम** श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर और स्थानीय बाजार में सफाई की। बौद्धिक स्तर में बुध राम, उमेश गैस एजेंसी डरोह के संचालक ने स्वयंसेवियों को एलपीजी गैस के उचित प्रयोग के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी।

इसके उपरांत सांस्कृतिक संध्या में विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में कार्यरत संगीत के असिस्टेंट प्रो. डॉ. अमरजीत ने पहाड़ी संस्कृति का उदाहरण संगीत के माध्यम से स्वयंसेवियों को दिया। शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से की। उन्होंने सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य देशराज चम्याल के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया। तत्पश्चात उन्होंने स्वच्छता अभियान चलाया। बौद्धिक स्तर में डॉ. मृणालिनी सिंह जो कि पीटीसी डरोह में कार्यरत हैं स्वयंसेवियों को स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य, संतुलित आहार और व्यक्तिगत विकास के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। तदोपरांत पुलिस स्टेशन भवारना के एसएचओ गुरदेव सिंह ने साइबर क्राइम, नशावृत्ति और सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। मध्यकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी धर्मपाल जम्वाल व अलका कायस्था ने स्वयंसेवियों को निस्वार्थ सेवा और नैतिक मूल्यों के संदर्भ में बताया। इस मौके पर अजय सूद, रविंद्र सिंह,हैप्पी व अमित मौजूद रहे।

### आंचल ने झटका कला उत्सव विजुअल आर्ट चित्रकला में जिलास्तरीय प्रथम पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** धर्मशाला में हुई कला उत्सव की प्रतियोगिता में जिला भर से चयनित विभिन्न कलाओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें विजुअल आर्ट चित्रकला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोअर लंबागांव की 12 वीं की छात्रा आंचल ने जिला स्तर में प्रथम स्थान हासिल किया है। आंचल की इस सफलता पर उसे बधाई संदेश मिल रहे हैं। आंचल के स्कूल स्टाफ शिक्षक वर्ग ने भी आंचल को सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। अब आंचल चित्रकला में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

# वेटलिफ्टिंग में कशिश और भाला फेंक में अनिकेत ने जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**स्वामी** विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल कंदरोड़ी के विद्यार्थियों ने जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में वेटलिफ्टिंग में विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा कशिश ने स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा भाला फेंक प्रतियोगिता में अनिकेत लाहौरिया कक्षा बारहवीं ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

छात्रा नंदनी ने रजत पदक तथा तनु सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया है। मोहित (ग्यारहवीं), प्रिंस (दसवीं) , दिव्यांश (दसवीं ) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किए। रनरअप मेडल में सुहाना, रीतिका नेगी, नंदनी, तनु, कशिश, मोहित, कृष्णा, तनुष, दिव्यांश, प्रिंस को सम्मानित किया गया। विद्यालय को वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में समग्र रूप से रनरअप ट्रॉफी प्रदान की गई। स्कूल के चेयरमैन पंकज भनोट व प्रिंसिपल रचना भनोट ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विवेकानंद स्कूल पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को खेलकूद और अन्य गतिविधियों के भाग



प्रिंसिपल रचना भनोट के साथ सामूहिक चित्र में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर जीते हुए मेडलों के साथ स्वामी विवेकानंद स्कूल के विद्यार्थी।

### केंद्र से मदद न मिलने का कांग्रेस सरकार का झूठा प्रचार ध्वस्त: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने स्पष्ट किया कि 2023 की विनाशकारी मानसून आपदाओं के बाद केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को रिकॉर्ड सहायता राशि जारी की है, जिससे कांग्रेस की राज्य सरकार का केंद्र ने मदद नहीं की का झूठा प्रचार पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। उन्होंने कहो कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब हिमाचल प्रदेश के लोग प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे थे, तो राज्य की कांग्रेस सरकार सस्ती राजनीति में लिप्त थी और केंद्र सरकार पर मदद न करने का निराधार आरोप लगा रही थी। आज यह स्पष्ट हो गया है कि केंद्र ने न केवल पर्याप्त सहायता भेजी, बल्कि पोस्ट डिजास्टर नीड्स असेसमेंट के वैज्ञानिक और पारदर्शी प्रक्रिया के आधार पर यह राशि जारी की गई है। भाजपा प्रवक्ता ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आपदा राहत के लिए भेजा गया यह पैसा हिमाचल के लोगों का हक है। हम इस फंड में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे और इसके वितरण तथा उपयोग की निगरानी और ऑडिट सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर दबाव बनाएंगे।

# पेंशनर्स सड़कों पर उतरे तो जागी सोई हुई सरकार : कल्याण भंडारी

## कहा-लटके महंगाई भत्ते और राहत की किस्त जारी करने की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**हिमाचल** प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के नेतृत्व में हाल ही में जिला मुख्यालयों पर किए गए धरना-प्रदर्शन और आक्रोश रैलियों ने अपना सार्थक प्रभाव दिखाया है। पेंशनर्स की एकजुट आवाज और शांतिपूर्ण संघर्ष के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री ने 3 फीसदी महंगाई भत्ते और राहत की घोषणा कर दी है। पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय न केवल पेंशनर्स की लंबे समय से चली आ रही मांगों की भले ही आंशिक रूप से पूर्ति भर है, बल्कि सरकार की संवेदनशीलता और संवाद की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी है। मुख्यमंत्री द्वारा दर्शाए गए सकारात्मक रुख ने छठे वेतन आयोग के बकाया एरियर भुगतान को लेकर पेंशनरों के मन में नई आशा जगाई है। आंदोलन की राह पर चल पड़े पेंशनर्स अब संवाद केमाध्यम से समाधान की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इस बीच, ज्वाइंट फ्रंट का शीर्ष नेतृत्व आगामी बैठक में सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श कर आगे की कार्यनीति तय करेगा और शुरू किए जा चुके आंदोलन से संबंधित उचित निर्णय लेगा। मुख्यमंत्री के इस ऐलान से राज्यभर के प्रत्येक पेंशनर को लगभग पांच से छह हजार रुपये का आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है, जिससे उनके घरेलू बजट में वास्तविक राहत पहुंचेगी।

कल्याण भंडारी ने आगे कहा कि यह परिदृश्य इस बात का प्रमाण है कि संगठित आवाज जब जनहित के स्वर में उठती है, तो शासन भी संवेदना के साथ उसे सुनता है और भविष्य में सरकार की संभावित खराब होने वाली छवि को सुरक्षित करना चाहता है। इसके साथ ही पेंशनर्स ने एक बार फिर यह साबित किया है कि लोकतांत्रिक तरीके से उठाई गई मांगें न्यायोचित संवाद का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

### दिवाली पर डाडासीबा में अग्निशमन विभाग अलर्ट, दो फायर वाहन 24 घंटे तैनात

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** दीवाली के दौरान आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग ने विशेष प्रबंध किए हैं। फायर चौकी प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र में दो अग्निशमन वाहन और पूरी टीम 24 घंटे मुस्तैद रहेगी। सभी उपकरणों की जांच पूरी कर ली गई है। किसी भी आपात स्थिति में 01970-289011 पर तुरंत सूचना देने की अपील की गई है। अजय ने लोगों से सावधानी बरतने, पानी व रेत पास रखने और ग्रीन पटाखों का प्रयोग करने का आग्रह किया। पटाखा विक्रेता केवल चिन्हित स्थानों पर ही बिक्री करें और अग्निशमन यंत्र पास में रखें। उन्होंने कहा कि लापरवाही नहीं, सजगता ही सुरक्षा है।

### मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर बैठक

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एसडीएम नेत्रा मेती की अध्यक्षता में बाल कल्याण भवन में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर खंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। एसडीएम ने भवारना परियोजना वृत्त के तहत सभी पात्र निराश्रित बच्चों का चयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी बच्चा योजना से वंचित न रहे। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा करते हुए लिंग अनुपात सुधार के लिए प्रभावी जागरूकता शिविरों के आयोजन पर बल दिया। बालिकाओं के स्कूलों में शत प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

# श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी में स्टार्टअप एक्सपो 2 .0 का आयोजन



कॉलेज थिंक टैंक प्रतियोगिता में प्रथम टीम को 11,000 और द्वितीय टीम को 5100 रुपए देकर सम्मानित किया।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी में स्टार्टअप पंजाब और पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में स्टार्टअप एक्सपो 2.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज, एमडी. तृप्ता पुंज, सीएमडी कंवर तुषार पुंज और वाइस प्रेसिडेंट रिया पुंज ने किया।

उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना और राज्य को इनोवेशन व उद्यमशीलता का अग्रणी केंद्र बनाना है। प्रो. सुलक्ष्य कुमार मुरगई, डायरेक्टर प्लेसमेंट्स ने बताया कि एक्सपो की अध्यक्षता ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज और एमडी तृप्ता पुंज ने की। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स अमित मैदान (अमृतसर), डॉ. मृगिंदर सिंह बेदी (जालंधर) और मरीजुला (चंडीगढ़) ने निर्णायक मंडल में भाग लिया। कॉलेज थिंक टैंक प्रतियोगिता में प्रथम टीम को 11,000 रुपए और द्वितीय को 5,100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। स्कूल थिंक टैंक में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आई टीमों को क्रमशः 5,100, 3,100 और 2,100 रुपए का नकद पुरस्कार दिए गए। सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने कहा कि साई ग्रुप युवाओं को नवाचार के लिए आवश्यक प्लेटफॉर्म देने के लिए प्रतिबद्ध है। रिया पुंज ने छात्रों के चहुमुखी विकास पर बल देते हुए इस मंच को उनके लिए प्रेरणास्रोत बताया। डॉ. नेहा तुली ने बताया कि कार्यक्रम में पठानकोट, जालंधर, कठुआ, हिमाचल आदि स्थानों से स्कूल और कॉलेज की टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, फैकल्टी, स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### चढ़ियार और दगोह में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विद्युत उपमंडल चढ़ियार के अंतर्गत 33/11 केवी सब स्टेशन टान्की में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते 17 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आंशिक रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ई. ओम प्रकाश राणा ने बताया कि चढ़ियार, दगोह, भुआना, सरी, सलसाई सहित दर्जनों गांवों में बिजली नहीं रहेगी। इसके अतिरिक्त चढ़ियार के 11 केवी फीडर से जुड़े गांवों में पेड़ों की कांट-छांट व लाइनों की मरम्मत के कारण सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### शाहपुर, मझियार में भी कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल शाहपुर के सहायक अभियंता विक्रम शर्मा ने बताया कि 17 अक्तूबर को 33/11 केवी सबस्टेशन शाहपुर और 33/11 केवी सबस्टेशन दरीणी में विद्युत लाइनों के उचित रखरखाव के चलते शाहपुर, मझियार, डांगी, डोहब, क्यारी, संधु, हरनेरा, बडंज, 39 मील, आईटीबीपी, द्रमण, छतड़ी, सिहुंआ, भनियार, हटली, गोरड़ा, भनाला, रेहलू, पल्वाना, दरोहल, दरीणी, बोह, सल्ली व साथ लगते गांवों में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे अथवा कार्य की समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने सर्वसाधारण जनता से बिजली विभाग को सहयोग करने की अपील की है।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' पर संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धर्मशाला की ओर से 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से भारत को आत्मनिर्भर बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश प्रवक्ता विनय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। स्वदेशी अपनाने से न केवल अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता श्री विनय शर्मा, जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. विशाल नेहरिया सहित भवनेश चौधरी, चंद्र भारद्वाज, सुनील मनोच आदि उपस्थित रहे। संगोष्ठी में सभी कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### धर्मशाला कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 9 से 15 अक्टूबर तक मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाया गया। इसका उद्देश्य छात्रों और समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. संजीवन कटोच ने जीवन में संतुलन और सकारात्मक सोच बनाए रखने का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी बताया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया, बल्कि समाज में सकारात्मक संवाद को भी प्रोत्साहन दिया।

### स्टूडेंट्स के लिए एनईईटी/जेईई बूट कैंप शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में समग्र शिक्षा अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के होनहार छात्रों के लिए एनईईटी/जेईई बूट कैंप की शुरुआत की गई। राज्य परियोजना अधिकारी राजेश शर्मा ने इसे ज्ञानवर्धक पहल बताया। स्टेट को-ऑर्डिनेटर सोनिया शर्मा व उपनिदेशक कंचन ज्योति ने इसे आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने वाला प्रयास बताया। राज्य के 9 जिलों से आए 81 विद्यार्थियों को ऑनलाइन कोचिंग, समूह चर्चा और प्रेरक सत्रों के माध्यम से मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जिला समन्वयक विश्वनाथ मनकोटिया ने बताया कि यह कैंप छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की तैयारी में सशक्त मंच प्रदान करेगा।

### एससीवीबी कॉलेज में लगाए पक्षियों के घोंसले

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एससीवीबी राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की इको क्लब इकाई ने 15 अक्टूबर 2025 को पक्षियों के घोंसले स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने कहा कि पेड़ों की कटाई से पक्षियों के आवास नष्ट हो रहे हैं, इसलिए उनकी रक्षा जरूरी है। डॉ. मीनाक्षी ठाकुर ने कहा कि यह कदम टिकाऊ पर्यावरण बनाने के लिए क्लब के प्रयासों का हिस्सा है। कार्यक्रम का समापन पक्षियों के घोंसलों की नियमित निगरानी और रखरखाव की शपथ के साथ हुआ, जिससे परिसर की जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा।

### शिक्षकों को एमसीक्यू बनाने का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर पाठ्यक्रम, सतत मूल्यांकन में एकरूपता, शिक्षा में गुणवत्ता लाने व शिक्षा के स्तर को सुधारने के उद्देश्य से तीन दिवसीय कार्यशाला में बुधवार को हुमानिटिज ग्रुप को ब्लूम्स टेक्सटोनॉमी के आधार पर एमसीक्यूस बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 80 विषय विशेषज्ञ आमंत्रित किए गए हैं।

### पंजाब के युवक से 313 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर पुलिस ने आईटीआई रोड सगूर (नजदीक हनुमान मन्दिर) के पास बलराम सिंह निवासी वुर दा अड्डा, मुहल्ला गली चरणसिंह तहसील व जिला तरनतारण (पंजाब) से 313 ग्राम चरस बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 20-61-85 स्वापक औषधि एंव मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

### विवेका फाउंडेशन स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह गंगोत्सव

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विवेका फाउंडेशन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिंबल में 18वां वार्षिक समारोह 'गंगोत्सव 2025' धूमधाम से संपन्न हुआ। इस वर्ष का विषय महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत था। कार्यक्रम में डॉ. डीके चौधरी (डीआईजी), कर्नल एसएस राणा, कुसुम राणा एवं मनीषा अग्रवाल उपस्थित रहे। छात्रों ने भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें भक्ति, शौर्य, और देशभक्ति के रंग दिखाई दिए। नृत्य, नाटकों और भाषणों ने दर्शकों का मनमोह लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जो विद्यालय के संस्कार और संस्कृति के आदर्शों को प्रतिबिंबित करता है।

### ग्रामीणों को बताए सेल्फ हेल्प ग्रुप के फायदे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केसीसी बैंक की चड़ी शाखा ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मंडल भवन चड़ी में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक पंकज धीमान ने की। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को सेल्फ हेल्प ग्रुप के फायदे, बैंक संबंधी जानकारी, बैंक लोन योजनाओं, डिजिटल मार्केटिंग व डिजिटल फ्रॉड से बचने की जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक ने ग्रामीणों से बैंक की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### आंगनबाड़ी सहायिका पदों के लिए साक्षात्कार 29 को

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी नूरपुर के अधीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 2 तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 20 रिक्त पदों को भरने के लिए निर्धारित साक्षात्कार की तिथि में संशोधन किया गया है। कार्यकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीत कुमार ने बताया कि पूर्व निर्धारित तिथि 16 अक्तूबर के स्थान पर अब 29 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नूरपुर में साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नूरपुर में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं।

### जनजातीय किसानों की आजीविका सुधार पर विशेष जोर



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** डॉ. जीसी नेगी कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज, चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के वेटरनरी पैथोलॉजी विभाग द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों के पशु चिकित्सकों को नवीनतम वैज्ञानिक पशुपालन तकनीकों से अवगत कराना और किसानों की आजीविका सुधारना है। यह प्रशिक्षण नेशनल रिसर्च सेंटर ऑन इक्वाइंस हिसार के सहयोग से हुआ। डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि इसमें रोग नियंत्रण, पोषण प्रबंधन, टीकाकरण और अश्व प्रजातियों के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एके पांडा ने कहा कि पशु चिकित्सक किसानों को स्वच्छ दूध उत्पादन और जैविक विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित करें।

# ताइवान की एनजीओ की तर्ज पर विशेष आपदा प्रतिक्रिया किट विकसित करेगा सीयू

## जनवरी से शुरू करेगा आपदा प्रबंधन कोर्स, छह माह के कोर्स में तीन माह का होगा प्रेक्टिकल

**राजेश कुमार। अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश ताइवान की एनजीओ त्जु ची की तर्ज पर आपातकालीन स्थितियों में तैनात करने के लिए विशेष आपदा प्रतिक्रिया किट विकसित करने की योजना बना रहा है।

**कोर्स में अनुभव के आधार मिलेगा प्रवेश**

साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन ने आपदा प्रबंधन विभाग में जनवरी 2026 से कोर्सिस शुरू करने का भी निर्णय लिया है। विभाग के लिए स्वीकृत पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी और छह माह में कोर्सिस तीन माह का प्रेक्टिकल रहेगा। यही नहीं इस कोर्स में उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो कि आपदा के समय कार्य कर चुके होंगे। सूत्रों के अनुसार ताइवान की एनजीओ त्जु ची द्वारा तैयार किट को बिस्तर, स्ट्रेचर, कुर्सी या पर्दे के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है, उसी तरह की किट तैयार करने की दिशा में सीयू भी आगे बढ़ रहा है। ताइवान की त्जु जी एनजीओ के साथ सीयू एचपी का एक समझौता भी हुआ है। एनजीओ ने एक यूनिक किट बनाई है, जो कि कुर्सी के आकार की है। उसी तर्ज पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता और कार्यशाला के संयोजक, प्रो. दीपक पंत को इस तरह की किट तैयार करने का दारोमदार सौंपा गया है। प्रदेश के युवा आपदा प्रबंधन में शैक्षणिक समझ और क्षेत्र-आधारित व्यावहारिक कौशल, दोनों विकसित करें, इसके लिए सीयू प्रशासन कार्य कर रहा है।

इसी कड़ी में सीयू द्वारा डीडीएमए कांगड़ा के सहयोग से आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यशाला का जो भी निष्कर्ष होगा, उसका ब्लूप्रिंट तैयार किया जाएगा। उसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

> सीयू आपातकालीन स्थितियों में तैनात करने के लिए विशेष आपदा प्रतिक्रिया किट विकसित करने की योजना बना रहा है। अंतिम रूप दिए जाने के बाद, वे पूरे हिमाचल प्रदेश में इनके कार्यान्वयन के लिए मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया जाएगा। जनवरी माह से सीयू आपदा प्रबंधन पर छह माह का कोर्स शुरू करने जा रहा है, जिसमें तीन माह का प्रैक्टिकल होगा तथा इस कोर्स में अनुभव रखने वालों को प्रवेश दिया जाएगा।
>
> **प्रो. सत प्रकाश बंसल, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश**

## अमृत सरोवर योजना के तहत पंचायतों में होगा तालाबों का सौंदर्यीकरण: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने उपायुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला योजना कार्यालय तथा जिला पंचायत कार्यालय के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार, परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण भानु प्रताप सिंह, जिला पंचायत अधिकारी आलोक धवन सहित जिला के सभी खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाएं, ताकि विकास के लाभ आमजन तक समय पर पहुंच सकें। उपायुक्त ने विशेष रूप से अमृत सरोवर योजना के तहत पंचायतों में तालाबों के सौंदर्यीकरण पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि तालाबों की सफाई कर उसके आसपास फुटपाथ, कैचमेंट एरिया में पौधरोपण, तालाब के आसपास घास लगाना और सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएं, ताकि ये स्थल ग्राम वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकें। उन्होंने मिशन धन्वंतरि के तहत जिले में स्वास्थ्य संबंधी पहल को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने खंड विकास अधिकारियों को विभिन्न स्थानों पर बनाई जा रही लाइब्रेरी के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे की युवाओं को अपने क्षेत्र में लाईब्रेरी की सुविधा उपलब्ध हो सके।

## सरकार श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत: किशोरी



खंड विकास कार्यालय बैजनाथ में जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के सौजन्य से खंड विकास कार्यालय बैजनाथ के प्रांगण में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य भवन एवं सन्निर्माण कार्य से जुड़े पंजीकृत श्रमिकों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था। शिविर की अध्यक्षता विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने की, जबकि बोर्ड स्रह्य अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर विशेष अतिथि थे। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि सरकार श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है और ऐसे शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक श्रमिकों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जानी चाहिए। नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को गंभीर बीमारियों के उपचार, मृत्यु पर आर्थिक सहायता और बेटी जन्म उपहार योजना जैसी कई सुविधाएं दी जाती हैं। उन्होंने पंजीकरण की पात्रता और आवश्यक दस्तावेजों की भी जानकारी दी। शिविर में भारी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया और योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विधायक किशोरी लाल और नरदेव सिंह कंवर ने श्रमिकों को इंडक्शन चूल्हे भी वितरित किए। यह प्रयास श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## कर्मचारियों की नौकरी पर अब सीएम सुक्खू की नजर: बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सरकार के करीबी उच्च अधिकारियों को लाखों के वेतन के साथ पुनः नियुक्ति और कर्मचारी जो रोज कमाकर रहे परिवार का पालन पोषण को सरकार बोझ समझ रही है। पूर्व उद्योग मंत्री एव विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने अब प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों के प्रति अपनी संवेदनहीनता की सारी सीमाएं पार कर दी हैं। ओपीएस का झूठा वादा कर सत्ता हथियाई, उसी सरकार ने अब अप्रैल 2024 के बाद सेवानिवृत्त हिमाचल पथ परिवहन निगम कर्मचारियों को पेंशन से वंचित कर दिया है। आज हिमाचल पथ परिवहन निगम पेंशनरों को अपने अधिकारों के लिए शिमला की सड़कों पर उतरना पड़ा, जो कांग्रेस सरकार की नाकामी और कर्मचारियों के प्रति निष्ठुर रवैये को उजागर करता है। पेंशनरों को अब तक पेंशन नहीं मिली है, सितंबर माह की पेंशन तक अटकी हुई है। 2016 के वेतनमान का एरियर, डीए और मेडिकल बिलों का भुगतान महीनों से लंबित है।

# पंजाबी संस्कृति जीवन का उत्सव दुनिया तक फैली चमक: पराशर

## डीएवी संस्था के विकास के लिए दिया 1,51,000 रुपए का योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



डीएवी कॉलेज होशियारपुर में जोनल यूथ एवं हेरिटेज फेस्टिवल में की शिरकत।

वीआर मेरिटाइम सर्विसेस लिमिटेड के संस्थापक और सीइओ कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि पंजाबी संस्कृति बेजोड़ है। इसकी विदेशों में भी धूम है। पंजाबी संस्कृति एक प्रदेश या भाषा की पहचान नहीं, यह जीवन का एक उत्सव है।

डीएवी कॉलेज होशियारपुर में पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के जोनल यूथ एवं हेरिटेज फेस्टिवल में बतौर मुख्य अतिथि पधारे पराशर ने कहा कि जिंदादिली, प्रेम, संगीत, भाईचारे और अपनापन की वह सुगंध जो सीमाओं से परे जाकर पूरे विश्व को महकाती है। जो दिलों को जोड़ने और हर दिल में बसने वाली है, वही पंजाबी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि पंजाबी जीवन का हर रंग, हर संगीत और हर एक सुर यह संदेश देता है कि जिंदगी चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हो, उसे हौसले और खुशियों के साथ जिया जाए। आज कनाडा से लेकर इंग्लैंड, अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक पंजाबी संस्कृति की चमक फैल चुकी है। पराशर ने लगातार तीन वर्षों से ही पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़, होशियारपुर जोन के युवा एवं विरासत मेले को आयोजित करवाने के लिए डीएवी संस्था को बधाई का पात्र माना। साथ ही शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ते इस संस्था को नित नवीन बुलंदियों का स्पर्श करने के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं। प्रतिभागियों के जोश की मुक्तकंठ प्रशंसा करते हुए युवाओं को कर्म प्रति निष्ठा, चरित्र की महानता, आत्मविश्वास और अच्छी संगति में रहने के लिए प्रेरित किया। संस्था के विकास के लिए पराशर ने अपनी तरफ डेढ़ लाख की राशि प्रदान की। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव आरएम भल्ला, प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार तथा प्रबंधकीय समिति के अन्य पदाधिकारियों ने संजय पराशर का आभार प्रकट किया।

महोत्सव में लड़क और लड़कियों के फोक डांस लूडी, झूमर तथा सम्मी ने वाहवाही बटोरी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की प्रतिभा की दमक से देखने वालों ने दांतों तले अंगुली दबा ली। कार्यक्रम में विजेताओं को संजय पराशर द्वारा पुरस्कार भी वितरित किए गए। वहीं, पराशर ने डीएवी संस्था के विकास के लिए 1,51,000 रुपए का योगदान दिया।

# किसानों के लिए टिकाऊ, लाभकारी विकल्प बनकर उभरी प्राकृतिक खेती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्राकृतिक खेती आज समय की आवश्यकता बन चुकी है, क्योंकि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरक क्षमता प्रभावित हो रही है और पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। प्राकृतिक खेती किसानों के लिए एक टिकाऊ, लाभकारी और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प बनकर उभरी है।

हिमाचल प्रदेश सरकार भी इसे प्रोत्साहित करने में सक्रिय है, जिसमें जिला कांगड़ा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्राकृतिक खेती में गोबर, गोमूत्र, जीवामृत, बीजामृत, नीम आदि जैविक पदार्थों का उपयोग किया जाता है, जिससे मिट्टी की सेहत बेहतर होती है और फसलों की गुणवत्ता भी बढ़ती है। आत्मा परियोजना के परियोजना निदेशक डॉ. राज कुमार के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 51.89 लाख रुपये खर्च कर 358 किसानों से प्राकृतिक खेती से उगाई गई 836.94 क्विंटल गेहूं खरीदी गई, जबकि 4.83 लाख रुपए खर्च कर 13 किसानों से 53.69 क्विंटल हल्दी खरीदी गई। किसान अब रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं और बाजार में प्राकृतिक उत्पादों की मांग भी लगातार बढ़ रही है। धर्मशाला के समीपवर्ती गांव त्रैम्बलू के किसान सुरेश कुमार प्राकृतिक खेती को अपनाकर विभिन्न फसलों की खेती कर रहे हैं और उन्हें राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। मट की किसान कमला देवी, जो 2021 से प्राकृतिक खेती कर रही हैं, बताती हैं कि उन्होंने जीवामृत, घनजीवामृत जैसे जैविक उपायों का उपयोग करके मिट्टी की उर्वरता और फसल की गुणवत्ता दोनों में सुधार पाया है। भडवाल की किसान मीनाक्षी और अलका ने आतमा परियोजना की प्रेरणा से धान के साथ उड़द की खेती शुरू की है, जिससे उनकी उपज बेहतर हुई है और रासायनिक खादों की जरूरत कम हो गई है। डीसी कांगड़ा हेम राज बैरवा ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज की जरूरत है और कांगड़ा जिला आने वाले समय में हिमाचल और देश में प्राकृतिक खेती का मॉडल बन सकता है। सरकार 'लाइफसाइकिल अप्रोच' के माध्यम से किसानों को गाय-भैंस पालन, हल्दी और मक्की जैसी फसलों से जोड़कर उन्हें संपूर्ण समर्थन दे रही है। किसानों के उत्पादों की खरीद का भी प्रबंध कर रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो।

## नारी कैंसर सुरक्षा पर चलाया विशेष अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भारतीय डाक विभाग 15 से 18 अक्तूबर तक नारी सुरक्षा कैंसर कवर का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रविंद्र कुमार शर्मा, अधीक्षक डाकघर धर्मशाला ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत केवल महिला ग्राहकों के लिए रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कोरपोरेट लिमिटेड द्वारा संचालित नारी सुरक्षा कैंसर कवर योजना का प्रचार किया जा रहा है। यह एक सरल और किफायती फिक्स्ड बेनिफिट स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसके अंतर्गत आईआरडीएआई द्वारा परिभाषित कैंसर के बीमा के लिए 18 से 45 वर्ष की महिलाओं के लिए मात्र 449 रुपए वार्षिक प्रीमियम तथा 46 से 50 वर्ष की महिलाओं के लिए 670 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर एक लाख रुपए का बीमा कवर उपलब्ध है। इस योजना में असीमित टेली-कंसल्टेशन, वार्षिक स्वास्थ्य जोखिम आंकलन, हेल्थ कोच और ऑनलाइन फिटनेस सेशन्स जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। उन्होंने सभी पात्र महिलाओं से आग्रह किया है कि वह नजदीकी डाकघर से इस सेवा का लाभ उठाएं।

### जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास प्राथमिकता : गोमा

# जालग में कनिष्ठ अभियंता एवं शिकायत निवारण कक्ष भवन का किया लोकार्पण

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान**



8वीं शहीद एएसआई मोहन सिंह मेमोरियल वॉलीबाल स्पर्धा में की शिरकत।

**जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने जालग में जनसभा को संबोधित करते हुए जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास को हर हाल में सुनिश्चित करने का भरोसा दिया।

8वीं शहीद एएसआई मोहन सिंह मैमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मंत्री ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और मांगों पर त्वरित कार्रवाई सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जालग में 27 लाख रुपए की लागत से बने कनिष्ठ अभियंता एवं शिकायत निवारण कक्ष का भी उद्घाटन किया, जिससे 1300 बिजली उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। मंत्री ने बताया कि पिछले दो सप्ताह में विधानसभा क्षेत्र में करीब 9.50 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन हो चुका है।

गोमा ने स्थानीय लोगों की मांग पर जालग क्षेत्र की सड़कों के सुधार का आश्वासन दिया और कहा कि अगली गर्मी से पहले सड़कों की मरम्मत पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने मार्च से पहले जालग अस्पताल में डिजिटल एक्सरे सुविधा उपलब्ध कराने, शहीदों के सम्मान में शांतिनगर में स्वागत द्वार स्थापित करने और शहीद मोहन सिंह की मूर्ति के लिए छत निर्माण का भी वादा किया। 20 अक्तूबर के बाद अस्पताल में स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति भी होगी। शहीद मोहन सिंह की मूर्ति का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही मंत्री ने वॉलीबाल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा स्पोर्ट्स क्लब जालग को 61 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

शहीद मोहन सिंह की पत्नी संसारों देवी और उनके परिवार को भी सम्मानित किया गया। क्षेत्र के युवा और क्लब सदस्यों ने मंत्री का जोरदार स्वागत और सम्मान किया।

### तीन दिवसीय अंतरराट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन

# सीयू में आपदा प्रबंधन पर होगा मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



सीयू के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने किया अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन।

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने धर्मशाला के एक निजी होटल में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला का विषय था 'आपदा न्यूनीकरण एवं रणनीतियां: जोखिम से लचीलेपन तक और प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के विरुद्ध तैयारी को सुदृढ़ बनाना।'

यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), कांगड़ा की ओर से एस्टन विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम तथा नेशनल डोंग एचडब्ल्यूए विश्वविद्यालय, ताइवान के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रो. बंसल ने हिमालयी राज्यों में आपदा तैयारी और जलवायु लचीलेपन को मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला के संयोजक और पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. दीपक पंत ने वैज्ञानिक अनुसंधान और सामुदायिक भागीदारी के बीच सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि आपदा प्रतिरोधक क्षमता तभी प्राप्त हो सकती है जब समाज, वैज्ञानिक और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर काम करें। उन्होंने जंगल की आग के दौरान मीथेन उत्सर्जन जैसे रासायनिक संकेतों की निगरानी की आवश्यकता पर भी चर्चा की, जो आग की तीव्रता और जलवायु प्रभाव को समझने में मदद करते हैं। कार्यशाला के पहले दिन आपदा कैलेंडर की योजना पर गोलमेज चर्चा हुई, जिसमें उच्च जोखिम वाले मौसम, संभावित खतरों और क्षेत्रीय कमजोरियों की पहचान करते हुए तैयारी के लिए एक ढांचा विकसित करने पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों और प्रतिक्रिया तंत्रों में सुधार के लिए स्थानीयकृत योजना और डेटा आधारित निर्णय लेने की आवश्यकता पर बल दिया।

## मूहल स्कूल के नितिन ने जिलास्तरीय भाषण स्पर्धा में मारी बाजी

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मूहल के नितिन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंगा पलिहार में आयोजित अंडर-14 जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाषण (डिक्लेमेशन) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नितिन अब सिरमौर में आयोजित होने वाली प्रदेशस्तरीय प्रतियोगिता में कांगड़ा जिला का नेतृत्व करेगा। इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा सम्पूर्ण स्टाफ ने नितिन को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी और प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि नितिन ने यह उपलब्धि अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से अर्जित की है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# कांगड़ा-चंबा में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास को मिलेगी गति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** और चंबा जिलों में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के उद्देश्य से नाबार्ड की प्रमुख योजना, ग्रामीण आधारभूत विकास निधि (आरआईडीएफ) पर एक क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन धर्मशाला में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य आरआईडीएफ के तहत प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था।

> **कार्यशाला में 311 करोड़ की दो परियोजनाओं की घोषणा**

इसमें हिमाचल प्रदेश के नाबार्ड, जल शक्ति विभाग और हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता नाबार्ड हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय, शिमला के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. विवेक पठानिया ने की। इसका संचालन नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक ऋषभ सिंह ठाकुर ने किया। साथ ही नाबार्ड से हिमांशु साहू, जिला विकास प्रबंधक कांगड़ा एवं डॉ. प्रेक्षा सहायक प्रबंधक भी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान, डॉ. पठानिया ने नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में हिमाचल प्रदेश के लिए स्वीकृत दो प्रमुख परियोजनाओं की घोषणा की, जिनकी कुलराशि 311 करोड़ है।

नाबार्ड द्वारा प्रदेश के 11 जिलों में 53 इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 111 करोड़ का वित्त पोषण किया जा रहा है। वहीं, ढगवार में अत्याधुनिक, स्वचालित दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने के लिए अतिरिक्त 200 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। नाबार्ड की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 में हिमाचल प्रदेश के लिए स्वीकृत 73 परियोजनाओं की स्वीकृति की गई, जिसमें 713 करोड़ रुपए की राशि शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### पटाखा बिक्री के लिए निर्धारित किए स्थान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** उपमंडलाधिकारी (नागरिक) बिलासपुर सदर राज दीप सिंह ने बताया कि उपायुक्त बिलासपुर द्वारा अधिकृत किए जाने के उपरांत उपमंडल सदर क्षेत्र में पटाखों की बिक्री के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि दीवाली पर्व के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर शहरी क्षेत्र में दो स्थानों को पटाखों की बिक्री के लिए निर्धारित किया गया है। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) बिलासपुर के सामने स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड तथा नगर परिषद कार्यालय, बिलासपुर के प्रांगण में स्थित मैदान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पटाखों की बिक्री केवल इन्हीं निर्धारित स्थलों पर की जाएगी तथा सभी विक्रेताओं को प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा मानकों एवं दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना अनिवार्य होगा। एसडीएम ने नागरिकों से अपील की है कि वे दीवाली पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाएं और किसी भी प्रकार की असुरक्षित गतिविधि से बचें।

### टाली और मझेड़ में कल होंगे नुक्कड़ नाटक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से विधानसभा क्षेत्र नयना देवी में जनचेतना कला मंच झंडूता द्वारा लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान में नुक्कड़ नाटक और लोकसंगीत के माध्यम से ग्रामीणों को प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की जानकारी दी जाएगी। कला मंच के सदस्यों ने आमजन से अपील की है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाएं। इस कार्यक्रम का आयोजन 17 अक्तूबर को ग्राम पंचायत टाली और मझेड़ में तथा 18 अक्तूबर को ग्राम पंचायत स्वैहण और स्वारघाट में किया जाएगा। यह जानकारी जनचेतना कला मंच झंडूता के सदस्य महेंद्र भारती ने दी। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों से लोगों में आपदा के समय सतर्कता और तैयारी की भावना जागृत होगी, जो हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में अत्यंत आवश्यक है।

### रामलीला में दर्शाया राम-निषाद भेंट का दृश्य

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** शाहतलाई रामलीला मंचन में 14 वर्ष तक प्रभु श्री राम के चरण पादुकाएं अयोध्या का राज पाठ देखेंगे दृश्य दर्शाया। बनवास मिलते ही प्रभु श्री राम की तमसा नदी किनारे निषाद राज सेना से भेंट दृश्य अति सुंदर अदाकारी रही। गंगा नदी पार खेवट की नैया से प्रभु श्री राम सीता लक्ष्मण के संग अति मनमोहक दृश्य पंडाल में बैठे दर्शकों के मन को खूब बहाया। चित्रकूट कुटिया बनाकर प्रभु श्री राम दृश्य के दौरान भरत अयोध्या से शत्रुघ्न और माताओं गुरु वशिष्ठ सहित पहुंचे दर्शाया सीन दौरान राम और भरत का मिलन दर्शकों को भाव विभोर मंचन दर्शकों की आंखों नम कर गया। तारेश मंचन दृश्य में भरत जिद पर अड़े परंतु राम ने मात-पिता आज्ञा व धर्म का वास्ता दे 14 वर्षों तक अयोध्या व नगर में न जाना वाद-विवाद को लेकर गुरु वशिष्ठ आज्ञा और परामर्श से प्रभु श्री राम की चरण पादुकाएं अयोध्या राज करेंगे दृश्य राशि मंचन अदाकारी का पंडाल में बैठे दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर गया। खेवट हरबंस लाल शर्मा व महेंद्र ठाकुर, राम रोहित, सीता हर्ष, लक्ष्मण अमित, भरत अंकुश सोनी, शत्रुघ्न आंचल शर्मा, निषाद अर्पित बंधरा, वशिष्ठ कौशल्या अथर्व, कैकई सूर्यांश, सुमित्रा जन्नत, अन्य कलाकारों में ऋतविक, विराज, दीपांश सोनी, आरब सोनी शिवम इत्यादि ने रात्रि मंचन में अदाकारी प्रस्तुत की।

### स्वयंसेवियों ने हरी देवी मंदिर में की सफाई

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में आयोजित एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने हरी देवी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। सुबह 5 बजे दिनचर्या शुरू करने के बाद स्वयंसेवियों ने अपने कार्यक्रम अधिकारियों यशपाल रणौत व नीलम शर्मा के नेतृत्व में मंदिर पहुंचकर झाड़ियों की कटाई, परिसर की सफाई, बजरी और कचरे का निपटान किया। कार्य पूरा होने के बाद स्वयंसेवियों ने भजन-कीर्तन व नृत्य प्रस्तुत किए। मंदिर कमेटी ने बच्चों को चाय-प्रसाद प्रदान किया और उनके प्रयासों की सराहना की। दोपहर सत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं के प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में स्वयंसेवियों को जीवन में अनुशासन और ऐसे शिविरों के लाभ के बारे में मार्गदर्शन दिया। शाम को विशेष बैठक में अगले दिन के कार्यक्रम और ड्यूटी तय की गईं। रात को स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल जीवंत बना दिया। इसी के साथ एनएसएस शिविर के पांचवें दिन का सफल समापन हुआ।

# केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं को मिलेगा अपना भवन : धर्माणी

## तकनीकी शिक्षा मंत्री बोले- भूमि हस्तांतरण को सैद्धांतिक मंजूरी मिली

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं को अब अपना स्थायी भवन मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। विद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इस निर्णय से घुमारवीं केंद्रीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को आने वाले समय में बेहतर शिक्षण सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।



- अभी अस्थायी भवन में संचालित हो रहा विद्यालय
- विद्यार्थियों को झेलनी पड़ रही सुविधाओं की कमी

उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं का भवन निर्माण भूमि उपलब्ध न होने के कारण लंबे समय से लंबित था, लेकिन अब भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के लिए यह निर्णय शिक्षा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों को अब एक स्थायी और आधुनिक भवन में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। राजेश धर्माणी ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं वर्तमान में अस्थायी भवन में संचालित हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों को कई सुविधाओं की कमी झेलनी पड़ रही हैं। नए भवन के निर्माण से प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल मैदान और स्मार्ट कक्षाओं जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित होगा।

### शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि घुमारवीं विस क्षेत्र में शिक्षा ढांचे का सुदृढ़ीकरण हमारी प्राथमिकता है तथा केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं का अपना भवन बनने से यह क्षेत्र शैक्षणिक रूप से और अधिक सशक्त होगा।

# क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में 'आईसीयू' में स्वास्थ्य व्यवस्था

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर की फाइल फोटो।

**बिलासपुर।** बिलासपुर क्षेत्रीयअस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराने की कगार पर है। अस्पताल में कार्यरत क्रस्ना लैब के कर्मचारियों को तीन माह से तनख्वाह नहीं मिली, क्योंकि राज्य सरकार ने लैब का लाखों रुपये का भुगतान रोक रखा है। भुगतान अटकने से नाराज कर्मचारियों ने लगभग 40 मिनट तक टेस्ट की सुविधा बंद रखी, जिससे अस्पताल की जांच व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ गई। एमएस के आश्वासन के बाद ही कर्मचारी काम पर लौटे। इसी बीच, अस्पताल की सरकारी लैब भी पिछले छह माह से रीजेंट की कमी के कारण लगभग निष्क्रिय पड़ी है। आधुनिक मशीनें धूल फांक रही हैं और लैब कर्मचारी काम के अभाव में खाली बैठे हैं। रीजेंट की अनुपलब्धता के कारण ब्लड, यूरिन, लीवर, किडनी, थायरॉयड, लिपिड प्रोफाइल और यूरिक एसिड जैसी अहम जांचें पूरी तरह बंद हैं। सिर्फ शुगर टेस्ट ही चालू है। प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले करीब 400 मरीज जांच के लिए भटक रहे हैं, जिससे आम जनता में भारी नाराजगी है। मरीजों को निजी लैब्स में महंगे दामों पर जांच करवानी पड़ रही है, जबकि सरकारी अस्पताल में मशीनें निष्क्रिय हैं।

- क्रस्ना लैब का लाखों का भुगतान अटका, मरीज दर दर भटकने को मजबूर

सवाल यह है कि जब स्वास्थ्य सेवाएं जनता की पहली ज़रूरत हैं, तो सरकार की फाइलों में भुगतान क्यों फंसा पड़ा है। तीन महीने से बिना वेतन काम कर रहे कर्मचारी कब तक मरीजों की सेवा करेंगे जनता अब जवाब चाहती है। कब तक स्वास्थ्य व्यवस्था इस तरह आश्वासनों के वेंटीलेटर पर टिकी रहेगी? एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह ने बताया कि रीजेंट की आपूर्ति जल्द की जाएगी, ताकि मरीजों को परेशानी न हो। वहीं, अस्पताल प्रशासन ने भी क्रस्ना लैब कर्मचारियों को भुगतान समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

# मंदिरों से सरकारी नियंत्रण हटाए सरकार: तुषार डोगरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री अधिवक्ता तुषार डोगरा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का यह निर्णय स्वागत योग्य है कि मंदिरों की संपत्ति देवता की है, सरकार की नहीं और ट्रस्टी केवल संरक्षक हैं।



- अधिवक्ता ने कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

उन्होंने न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और राकेश कंथला का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह फैसला मंदिरों की स्वायत्तता और धार्मिक पारदर्शिता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। तुषार डोगरा ने कहा कि मंदिरों की आय का उपयोग केवल धार्मिक, सामाजिक और सनातन परंपराओं के कार्यों में होना चाहिए, जैसे गौ-रक्षा, सामूहिक विवाह, वेद विद्यालय, तीर्थ सेवा और समाज उत्थान। उन्होंने कहा कि मंदिरों के धन से सड़कें, सार्वजनिक भवन या राजनीतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना गैरकानूनी है। विश्व हिंदू परिषद ने केंद्र स्तर पर मंदिरों को सरकारी अधिग्रहण से मुक्त करने का राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। डोगरा ने हिमाचल सरकार से आग्रह किया कि मंदिरों का प्रबंधन हिंदू समाज को सौंपा जाए, ताकि अर्जित आय का उपयोग हिंदू समाज की सुरक्षा, सेवा और संस्कारों के संवर्धन में किया जा सके।

# बिलासपुर में आरएसएस के खिलाफ फूटा युवा कांग्रेस का गुस्सा, पुतला फूंका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर में आरएसएस का पुतला जलाते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता।

भारतीय युवा कांग्रेस के आह्वान व प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष छत्तर ठाकुर के आदेशानुसार जिला बिलासपुर युवा कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष पंकज राणा की अध्यक्षता में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन केरल के आनंद को न्याय दिलाने की मांग को लेकर किया गया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बिलासपुर की सड़कों पर उतरकर आरएसएस की कथित अमानवीय और शर्मनाक हरकतों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व पुतला जलाया।

इस मौके पर पंकज राणा ने कहा कि आज देश में नफरत की राजनीति अपने चरम पर है। केरल के आनंद के साथ हुई अमानवीय घटना न केवल एक व्यक्ति के खिलाफ हिंसा है, बल्कि यह संवैधानिक मूल्यों पर हमला है। उन्होंने कहा कि देश की युवा कांग्रेस हर अन्याय के खिलाफ सड़क से संसद तक आवाज उठाएगी। जब तक आनंद को न्याय नहीं मिलता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हिमाचल युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक ने कहा कि युवा कांग्रेस किसी भी कीमत पर संविधान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। केरल के आनंद के साथ हुआ अन्याय पूरे देश के युवाओं को झकझोरने वाला है। इस मुद्दे को हर मंच पर उठाया जाएगा ताकि दोषियों को सख्त सजा मिल सके। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, बिलासपुर सदर अध्यक्ष थूमन ठाकुर ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश की आत्मा के लिए है।

- केरल के आनंद को न्याय दिलाने की मांग

# एम्स बिलासपुर में स्वच्छता कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में मनाए जा रहे सीपीआर जागरूकता सप्ताह-2025 के तहत एम्स बिलासपुर में तीसरे दिन स्वच्छता कर्मियों के लिए विशेष सीपीआर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण ट्रॉमा एवं आकस्मिक चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को हैंड्स-ओनली कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन की तकनीक और हृदयाघात की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। स्वच्छता कर्मियों को यह सिखाया गया कि हृदय रुकने की स्थिति की पहचान कैसे करें, सहायता कैसे बुलाएं और चिकित्सकीय सहायता पहुंचने तक प्रभावी छाती दबाव (चेस्ट कंप्रेशन) कैसे करें। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि सीपीआर एक सरल, लेकिन जीवनरक्षक कौशल है, जिसे कोई भी व्यक्ति कर सकता है। इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र निर्माता जीवन रक्षक बनने की दिशा में प्रेरित करना है। यह आयोजन लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह, एवीएसएम, वीएसएम (सेवानिवृत्त), कार्यकारी निदेशक, एम्स बिलासपुर के मार्गदर्शन में किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान की समुदाय एवं संस्थागत स्तर पर सीपीआर जागरूकता बढ़ाने की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

# समोह-निहान सड़क की हालत दयनीय

## आधी-अधूरी नालियां लोगों के लिए बन रहीं परेशानी का सबब

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

क्षेत्र की समोह-निहान सड़क की हालत इन दिनों इतनी खराब हो चुकी है कि आए दिन वाहन चालकों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह गड्ढे, कीचड़ और अधूरी पड़ी नालियों के चलते गाड़ियां फंस रही हैं और ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सड़क की मरम्मत को लेकर कई बार शिकायतें की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं अधूरी नालियों से निकला पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे हालात और भी बिगड़ते जा रहे हैं।

बारिश के मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। एक स्थानीय निवासी ने बताया, हर दिन कोई न कोई वाहन यहां फंस जाता है। कई बार तो घंटों तक ट्रैफिक रुक जाता है। इस रास्ते से स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्गों को भी काफी परेशानी होती है। स्थानीय प्रशासन द्वारा नालियों का निर्माण कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन आधे में ही छोड़ दिया गया, जिससे कीचड़ और गंदगी चारों ओर फैल गई है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क और नालियों की मरम्मत करवाई जाए, ताकि आम जनजीवन सामान्य हो सके।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं लोग: मुकेश

**अनंत ज्ञान घुमारवीं**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के अंतर्गत कार्यरत VLCSCs केंद्र कलोल के पैरा लीगल वालिंटियर मुकेश कुमार ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सुलह और त्वरित समाधान किया जाता है, जिससे लोगों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है। यह अदालतें न्यायालयों में लंबित मामलों को सुलझाने का एक प्रभावी माध्यम बन चुकी हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना दावे, पारिवारिक मामले, संपत्ति विवाद, सिविल मामले, सुलह योग्य आपराधिक मामले, श्रम विवाद कंपनियों और मजदूरों के बीच के श्रम संबंधित मामले लिए जा सकने वाले प्रमुख मामले हैं। मुकेश ने बताया कि लोक अदालतों में मामलों का समाधान न केवल शीघ्र होता है, बल्कि इसमें पक्षकारों को कोई अतिरिक्त शुल्क भी नहीं देना पड़ता, जिससे यह आमजन के लिए न्याय पाने का सुलभ साधन बन जाता है।

# बिलासपुर में रणजी के चार मैच अनुराग-अरुण की देन: विशाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर तथा आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल के प्रयासों से ही हिमाचल प्रदेश को इस बार रणजी ट्रॉफी के आठ मैचों में से चार मुकाबले बिलासपुर की धरती पर आयोजित करने का गौरव प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि पहला मैच वीरवार को हिमाचल और उत्तर प्रदेश की टीमों के बीच खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर का क्रिकेट ग्राउंड अनुराग ठाकुर की दूरदर्शी सोच और खेल के प्रति समर्पण की देन है, जो अब राष्ट्रीय स्तर के मैचों के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने हिमाचल ओलंपिक संघ का अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को चुने जाने पर और आईपीएल का अध्यक्ष अरुण धूमल को चुने जाने पर उन्हें बिलासपुर क्रिकेट संघ की ओर से बधाई भी दी है। विशाल जगोता ने यह भी बताया कि 24 अक्तूबर को सांसद अनुराग ठाकुर का जन्मदिन बिलासपुर क्रिकेट संघ हर साल की तरह इस बार भी 15 दिवसीय आयोजन शृंखला के रूप में मनाएगा। इस बार पंचायत स्तर पर खेल, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 अक्तूबर को बामटा पंचायत के लुहणु मैदान के पास शिव मंदिर में महामृत्युंजय यज्ञ और शाम को गुरुद्वारा चौक में हलवा वितरण किया जाएगा। 25 अक्तूबर को ननावां, मल्यावर, बल्ह, चुरानी और रोहिन पंचायतों में खेल आयोजन होंगे। 26 अक्तूबर को कंदरौर, बामटा, चांदपुर, वैनला, ब्राह्मण, निचली भटेड, बल्ह भुलाणा और ओयल पंचायतों, जबकि 27 अक्तूबर को जमथल, बोहट, कसोल और हरनोडा पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि अगला रणजी ट्रॉफी मैच 2 नवंबर को हिमाचल और चंडीगढ़ की टीमों के बीच खेला जाएगा। विशाल जगोता ने कहा कि बिलासपुर क्रिकेट ग्राउंड आज जिस मुकाम पर है, वह अनुराग ठाकुर के अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने हिमाचल को खेलों की नई पहचान दी है।

# बिलासपुर कॉलेज की महिला टीम बनी कबड्डी चैंपियन

## ऊना में हुई इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में फाइनल में पांवटा साहिब को 34-22 से हराकर जीती ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान बिलासपुर**

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि महाविद्यालय बिलासपुर की महिला कबड्डी टीम इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजकीय महाविद्यालय कोटला खुर्द, ऊना गई थी, जिसमें कॉलेज की महिला टीम ने महाविद्यालय का नाम रोशन कर गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय बिलासपुर की महिला टीम ने कुल 5 मैच खेले। टीम ने सेमीफाइनल में राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ को 38-21 से हराकर जीत हासिल की और उसके बाद फाइनल मैच में बिलासपुर का मुकाबला राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब के साथ हुआ जिसमे महाविद्यालय बिलासपुर ने 34-22 से हराकर जीत हासिल की।

प्राचार्य डॉ. कटवाल ने महाविद्यालय पहुंचने पर टीम का भव्य स्वागत किया और समस्त कमेटी की ओर से उन्हें मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर महाविद्यालय की ओर से शुभकामनाएं दी गई। प्राचार्य डॉ. कटवाल ने कोच हंसराज शर्मा को भी बधाई प्रेषित की।

### सुरक्षित निर्माण मॉडल में पाया तीसरा स्थान

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समर्थ-2025 अभियान के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय सुरक्षित निर्माण मॉडल प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम ने ब्लॉक और जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर राज्य स्तर तक पहुंच बनाई। पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने छात्राओं को गेयटी थिएटर शिमला में सम्मानित किया।

# कल की मॉकड्रिल में परखे जाएंगे आपदा से बचाव के प्रबंध: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो बिलासपुर**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बिलासपुर की समीक्षा बैठक का आयोजन बचत भवन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने की। बैठक में संपूर्ण प्रदेश सहित जिला बिलासपुर में चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान समर्थ-2025 को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बैठक में 17 अक्तूबर को होने वाली जिला एवं उपमंडल स्तरीय मॉक ड्रिल पर भी सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिला मुख्यालय में मॉक ड्रिल का आयोजन राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर तथा राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर के परिसरों में किया जा रहा है। इस दौरान भूकंप तथा अग्निकांड जैसे परिदृश्यों के तहत आपदा की तैयारी को परखा जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भरे 10 मिठाइयों के सैंपल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

त्योहारी सीजन में मिठाइयों और दुग्ध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। बुधवार को मुख्य बाजार और औद्योगिक क्षेत्र में औचक निरीक्षण के दौरान विभाग की टीम ने कलाकंद, बर्फी, गुझिया, लड्डू, पेठा, गुलाब जामुन, रसगुल्ला और पतिसा सहित 10 सैंपल जांच के लिए एकत्रित किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएस ठाकुर के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में दुकानों में स्वच्छता, भंडारण की स्थिति, पैकिंग और तारीख की जांच की गई। अधिकारियों ने कहा कि यदि किसी मिठाई में मिलावट पाई गई, तो दोषी दुकानदारों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने कहा कि त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। संदिग्ध या खराब पाए गए उत्पाद मौके पर नष्ट किए जाएंगे। विभाग की टीम हर क्षेत्र में सतर्क है और कुठेड़ा, झंडूत्ता और बरठीं में भी यही अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से भी कड़ी अपील की है कि मिठाई, दूध, घी और चॉकलेट जैसी वस्तुएं खरीदते समय पैकिंग और बिल की तारीख जरूर देखें। मिलावट की आशंका होने पर तुरंत विभाग को सूचित करें।

- लोगों से कहा-मिलावट की आशंका होने पर विभाग को करें सूचित

**रिव्यू मीटिंग** जिप अध्यक्ष विमला देवी की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक में की गई विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# कार्यों की समीक्षा के साथ जनहित के मुद्दों पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय बिलासपुर में बुधवार को जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष विमला देवी ने की। बैठक में उपाध्यक्ष मान सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जिला परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ जनहित से जुड़े अनेक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। जिप अध्यक्ष विमला देवी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्माण एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण अनेक विकासात्मक कार्य प्रभावित हुए हैं, इसलिए अब सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि रुके हुए कार्यों को शीघ्र गति दी जाए और निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। विमला देवी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

बैठक के दौरान उपाध्यक्ष मान सिंह ने बागछाल से शाहतलाई मार्ग के पास ओवरब्रिज निर्माण संबंधी जानकारी मांगी। इस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। उन्होंने गरामोड़ा से कोठीपुरा नेशनल हाईवे-205 पर उद्योग स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की, जिस पर उद्योग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में उपयुक्त भूमि की तलाश जारी है। सदस्य प्रेम सिंह ठाकुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रानी कोटा की प्रयोगशाला भवन के निर्माण कार्य की जानकारी ली। इस पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि भवन निर्माण के लिए शिक्षा विभाग से 38 लाख रुपए की पहली किस्त प्राप्त हो चुकी है, जिसका उपयोग भवन निर्माण कार्य में किया गया है, जबकि शेष राशि की मांग भेज दी गई है। सदस्य बलीराम टैगोर ने बलोह टोल प्लाजा (किरतपुर-नेरचौक फोरलेन) के समीप किसी बैंक शाखा अथवा एटीएम खोलने की मांग उठाई। इस पर लीड बैंक अधिकारी ने बताया कि इस विषय पर विभिन्न बैंकों के साथ चर्चा की गई है, परंतु अब तक कोई भी बैंक शाखा या एटीएम खोलने के लिए इच्छुक नहीं है। सदस्य गौरव शर्मा ने रेलवे लाइन निर्माण कंपनियों में चल रही निजी गाड़ियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सफेद नंबर प्लेट लगी गाड़ियों के स्थान पर केवल वे गाड़ियां चलें, जिन्होंने पैसेंजर टैक्स दिया है और जिन पर पीली नंबर प्लेट लगी है। सदस्य शैलजा शर्मा ने कलर फोरलेन से सालसी सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग करते हुए इसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल करने का सुझाव दिया। इस पर विभाग ने बताया कि यह सड़क योजना के निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। इसके बाद सदन ने निर्णय लिया कि इस सड़क को राज्य सरकार की किसी अन्य सड़क योजना में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा। सदस्य प्रेम सिंह ठाकुर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मलोखर में डेंटल चिकित्सालय हेतु उपकरण क्रय की स्थिति पर जानकारी मांगी। सदस्य बलीराम टैगोर ने सिविल डिस्पेंसरी कुह माझवाड़ की क्रस्ना लैब के बंद होने के विषय में जानकारी मांगी।



जिला परिषद बिलासपुर की मासिक बैठक में उपस्थित जिप सदस्य और अधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### भरमौर में भाजपा ने तैनात किए पदाधिकारी कांग्रेस में अब भी बरकरार है लाचारी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर में भाजपा पूरी तरह से संगठनात्मक मोर्चों पर सक्रिय दिख रही है, जबकि कांग्रेस अभी तक अस्तित्व तलाशती नजर आ रही है। भाजपा ने महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति व जनजाति मोर्चा समेत सभी अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों की तैनाती कर दी है। वहीं कांग्रेस का संगठन लगभग एक साल से निष्क्रिय है। भाजपा विधायक क्षेत्र में लगातार सक्रियता बनाए हुए हैं जबकि कांग्रेस नेताओं की कोई स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आ रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की घोषणा तक लंबित है व अग्रणी संगठनों की नियुक्तियां फील्ड में कहीं नहीं दिख रही हैं। गुटबाजी से जूझती कांग्रेस, फिलहाल भाजपा के मजबूत संगठन के सामने कमजोर पड़ती दिख रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अगर कांग्रेस ने जल्द कमान नहीं संभाली, तो आने वाले चुनावों में उसे भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

### अक्षय और ओंकार को महामंत्री की कमान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** त्रिलोचन महादेव में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की नई कार्यकारिणी का गठन मंडल अध्यक्ष पंकज ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। नवगठित इकाई में अक्षय और ओंकार को महामंत्री, रोहित ठाकुर, लक्की, रिंकू और सनी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सचिन, ईश्वर शर्मा, गोविन्द शर्मा और रोहित को सचिव, जबकि अंकित ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मनिंदर ठाकुर को मीडिया प्रभारी, रविंद्र शर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी और विशाल शर्मा को आईटी संयोजक नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में लवलेश भारद्वाज, अवेक शर्मा, मनोज, सुरेश कुमार, सोनू और सुनील कुमार को शामिल किया गया। पंकज ने उम्मीद जताई कि यह टीम गांव-गांव तक संगठन की नीतियां पहुंचाएगी।

### फूल यात्रा उत्सव में ललित ठाकुर की सहभागिता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने पांगी में आयोजित जिला स्तरीय फूल यात्रा उत्सव की प्रथम कड़ी में भाग लिया। उन्होंने माता वालीन वासनी के पवित्र रथ के साथ करियास प्रजा के लोगों संग सहभागिता की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने पांगी की चारों प्रजाओं किलाड़, कुफा, कवास और करियास के प्रतिनिधियों व स्थानीय जनों से संवाद किया। ललित ठाकुर ने कहा कि पांगी की देवपरंपरा, लोकधुनें और सांस्कृतिक समृद्धि इसे विशिष्ट पहचान प्रदान करती हैं। उन्होंने इसे एक अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए हिमाचल की सांस्कृतिक विविधता का सजीव प्रतीक बताया। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### 44 अभ्यर्थियों को मिले रोजगार के अवसर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले में मॉडल करियर सेंटर के तहत आयोजित रोजगार साक्षात्कार ड्राइव में कुल 97 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 44 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में किया गया। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी और अन्य युवाओं से जिला रोजगार कार्यालय एवं मॉडल करियर सेंटर द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अधिक भागीदारी का आग्रह किया। इस रोजगार साक्षात्कार ड्राइव ने युवाओं के उत्साह और प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाया है, जिससे चंबा जिले में रोजगार सृजन के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

### चंबा के शिक्षकों ने राष्ट्रीय सम्मेलन में बढ़ाया मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, देहरा-दो में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में जिला चंबा के शिक्षकों ने अपनी अकादमिक प्रतिभा का परिचय देते हुए जिले का गौरव बढ़ाया। '21वीं सदी में वृद्धजन देखभाल' विषय पर आयोजित सम्मेलन में युद्धवीर टंडन, किरण कुमार वशिष्ठ, हिंगराज चिराग, डॉ. कविता बिजलवान और राकेश ठाकुर ने अपने शोध प्रस्तुत किए। युद्धवीर टंडन को उनकी मौलिक और गहन प्रस्तुति के लिए 'उत्कृष्ट शोध पत्र प्रस्तुतीकरण पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने शोध में चंबा की पारंपरिक वृद्ध देखभाल पद्धतियों की तुलना सिंगापुर मॉडल से की। अन्य शिक्षकों के विचार भी समाजोन्मुखी रहे। मुख्य अतिथि डॉ. संजीव ने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल के शिक्षक राष्ट्रीय मंचों पर भी प्रभावी पहचान बना रहे हैं। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया और सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए आभार जताया।

### स्थानीय उत्पादों को अपनाने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** मंडल चौरासी भरमौर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अंग्रेज कपूर ने की। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयसिंह ने सहभागिता की। कार्यशाला में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को स्थानीय कारीगरों व कामगारों द्वारा निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर मंडल महामंत्री विनोद, रेखा, भाजपा जिला सचिव मनीषा ठाकुर, उपाध्यक्ष अर्चना सहित नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्ष व मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में गांव स्तर पर भी जनजागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई।

### नुक्कड़ नाटक से बताए आपदा सुरक्षा के उपाय

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से जुड़े नाट्य दलों ने हटली, सिहुंता, खाजिनयार और मंगला क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से आपदाओं से सुरक्षा हेतु आवश्यक उपायों के बारे में लोगों को जागरूक किया। कलाकारों ने भूकंप के दौरान सुरक्षित रहने के निर्देश देते हुए कहा कि झटके महसूस होने पर शांत रहें, हड़बड़ी न करें और खिड़कियों व शीशे से दूर रहें। उन्होंने आग से बचाव के लिए सावधानी बरतने और दुर्घटनाओं को रोकने पर भी जोर दिया। इसके अलावा, भूस्खलन के खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। नाट्य दल ने लोगों को सतर्क रहने का संदेश दिया ताकि जान-माल का नुकसान रोका जा सके। आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क करने की भी जानकारी प्रदान की गई।

### जानवर बनकर दिया पर्यावरण का संदेश

**अनंत ज्ञान, मंडी।** डीएवी पब्लिक स्कूल की लोअर शाखा में एलकेजी के बच्चों द्वारा जानवरों की दुनिया का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस आयोजन में नौनिहालों ने शेर, चीते, हाथी, भालू, खरगोश, बिल्ली बनकर इन जीवों के रूप और व्यवहार को रोचक ढंग से समझाया। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने बच्चों के इस आयोजन में पर्यावरण में वन्य प्राणियों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### 108 एंबुलेंस में करवाया सफल प्रसव

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र में 108 एंबुलेंस सेवा ने बुधवार रात एक और जीवनदायिनी मिसाल पेश की। रात करीब 12 बजे पंडोल गांव में प्रसव पीड़ा से तड़प रही झारखंड निवासी तनुजा देवी के लिए 108 सेवा को कॉल मिली। मात्र 15 मिनट में ईएमटी आशुतोष कुमार और पायलट रवि राणा मौके पर पहुंचे और महिला को अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में महिला की हालत बिगड़ती देख दोनों कर्मियों ने चलती एम्बुलेंस को ही प्रसव कक्ष में तब्दील कर दिया और अपनी सूझबूझ व प्रशिक्षण से एक स्वस्थ बच्ची का सुरक्षित प्रसव करवाया। इसके बाद मां और नवजात को सिविल अस्पताल लडभड़ोल पहुंचाया गया, जहां दोनों की हालत सामान्य बताई गई है। इस मानवीय कार्य की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है और एक बार फिर यह सिद्ध हुआ कि 108 सेवा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है।

### बाल संरक्षण पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा धर्मपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सुपरवाइज़रों के लिए किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा कि उपेक्षित बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना मिशन वात्सल्य का मुख्य उद्देश्य है। संरक्षण अधिकारी शैलजा अवस्थी ने बाल विवाह के दुष्परिणामों, स्पॉन्सरशिप योजना, दत्तक ग्रहण प्रक्रिया, बाल यौन शोषण, पॉक्सो व किशोर न्याय अधिनियम पर प्रकाश डाला। स्टेटिस्टिकल सहायक पूर्ण चंद ने महिला एवं बाल विकास खंड धर्मपुर में चल रही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, देई, पोषण आदि योजनाओं की जानकारी दी।

### सीएम की घोषणा का स्वागत, फिर भी असंतोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा बिजली बोर्ड कर्मचारियों के अधिवेशन में की गई घोषणा पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है। महासंघ ने डीए की दर में 4% वृद्धि की घोषणा का स्वागत तो किया परंतु एरियर 1 अप्रैल 2025 से लागू करने को कर्मचारियों के साथ अन्याय बताया। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि कर्मचारियों की प्रमुख मांग रही है कि जब से डीए देय है, उसी अवधि से एरियर का भुगतान किया जाए। इसे 1 अप्रैल 2025 से लागू करना उचित नहीं है। साथ ही पिछले वर्ष अक्टूबर से डीए का एरियर भी अभी तक लंबित है उसे तुरंत जारी किया जाए।

# चंबा में राइड विद प्राइड सेवा बंद, मरीज और बुजुर्ग परेशान

## पेंशन संघ ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को भेजा ज्ञापन

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**



राइड विद प्राइड सेवा को पुनः शुरू करने की सरकार से उठाई मांग।

चंबा। चंबा नगर में राइड विद प्राइड सेवा बंद होने से आम जनता त्रस्त है। वर्षों से जीरो प्वाइंट भरमौर चौक से चंबा अस्पताल तक चलने वाली यह सुविधा अब ठप पड़ी है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और मरीजों को रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

समस्त पेंशन संघ चंबा ने इस गंभीर समस्या को लेकर हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री को ज्ञापन भेजा है। संघ ने मांग की है कि राइड विद प्राइड सेवा को तत्काल बहाल किया जाए ताकि शहर की जनता को राहत मिल सके।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2016 में पुराने बस स्टैंड को स्थानांतरित कर जब एचआरटीसी की वर्कशॉप के साथ नया बस स्टैंड स्थापित किया गया था, तब लोगों की सुविधा के लिए यह सेवा शुरू की गई थी। यह सेवा बुजुर्गों, मरीजों और महिलाओं के लिए जीवनरेखा साबित हुई थी।

संघ का कहना है कि सेवा बंद होने से लोगों को अस्पताल जाने, जरूरी सामान लाने और दैनिक कार्यों के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। संघ ने आग्रह किया है कि सरकार इस मुद्दे पर शीघ्र संज्ञान लेकर राइड विद प्राइड सेवा को पुनः प्रारंभ करे, ताकि आम जनता को फिर से राहत मिल सके। प्रतिलिपि उपायुक्त चंबा को भी सूचनार्थ भेजी गई है।

## न्यू परेल ब्रिज पर 300 प्रतिबंधित कैप्सूलों के साथ पकड़ा बाइक सवार

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** भरमौर-पठानकोट हाईवे पर काली माता मंदिर के समीप न्यू परेल ब्रिज पर एसआईयू सेल की टीम ने प्रतिबंधित 300 कैप्सूलों के साथ एक बाइक सवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 27 साल अमन निवासी कियाणी चंबा के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को एसआईयू की टीम ने न्यू परेल ब्रिज के समीप मंगलवार को नाका लगाया। देर शाम अमन बाइक लेकर वहां पर पहुंचा टीम को देख वह घबरा गया शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान टीम ने उससे प्रीगैबलिन 300 मिलीग्राम और टेपेंटाडोल 100 मिलीग्राम के कुल 300 कैप्सूल बरामद किए। टीम ने तुरंत स्वास्थ्य विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची प्रतिबंधित कैप्सूलों को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट में केस दर्ज कर लिया है।

# अवैध पटाखों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई: मैहरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**दीपावली से पहले चंबा प्रशासन सख्त**



दीपावली पर्व के मद्देनज़र चंबा प्रशासन ने आतिशबाजी से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा भेजे गए दिशा-निर्देशों की प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि अनधिकृत निर्माण और अवैध रूप से आयातित पटाखों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। साथ ही, पटाखों के विक्रेताओं को विस्फोटक नियम, 2008 तथा लाइसेंस की शर्तों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है।

क्लोरेट युक्त पटाखों को छोड़कर केवल रंगीन स्टार माचिस और रोल-डॉट कैप की बिक्री की अनुमति है। लिथियम, एंटीमनी, पारा, आर्सेनिक, सीसा और स्ट्रोंटियम क्रोमेट युक्त आतिशबाजी की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पटाखे बेचना प्रतिबंधित होगा। दुकानों में खुले पटाखे रखने, दीया, मोमबत्ती या धूम्रपान की सख्त मनाही है। पटाखों की खतरनाक प्रकृति को देखते हुए विक्रेताओं को अपने कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण देने को कहा गया है। सुरक्षा मानकों के अंतर्गत, दुकान में ढीले बिजली कनेक्शन और दुकान के सामने पटाखों के डिब्बे रखना मना है। केवल उन्हीं पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी, जिन पर निर्माता का नाम, जलाने का तरीका और अन्य आवश्यक जानकारी स्पष्ट रूप से लेबल पर अंकित हो।

# रमेश भारद्वाज ने ठोंकी करियां वार्ड से जिला परिषद चुनाव की दावेदारी

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ललित ठाकुर के खिलाफ होगा मुकाबला**



अखिल भारतीय जनजातीय विकास समिति (पंजीकृत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश भारद्वाज ने करियां वार्ड से जिला परिषद सदस्य के चुनाव में उतरने की घोषणा कर दी है। वर्तमान सदस्य और एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर के खिलाफ वे चुनाव लड़ सकते हैं। दिलचस्प बात यह है कि ललित ठाकुर उनके सहपाठी और पड़ोसी भी हैं, जिससे मुकाबला बेहद रोचक हो गया है।

रमेश भारद्वाज 35 वर्षों तक भारत सरकार की सीबीआई में कार्यरत रहे और हाल ही में उन्होंने इन्स्पेक्टर पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। चुनाव लड़ने के लिए उन्होंने डीएसपी पद की प्रमोशन तक ठुकरा दी। वह राडी पंचायत के निवासी हैं और पिछले 25 वर्षों से जनजातीय विकास समिति से जुड़े हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई राजनीतिक पार्टी उन्हें समर्थन देती है तो वे पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने को तैयार हैं। भारद्वाज ने कहा कि गांवों में आज भी सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, और वे विकास व पारदर्शिता को लेकर मैदान में हैं। उन्होंने गैर जनजातीय 24 पंचायतों को ट्राइबल दर्जा दिलवाने के लिए सांसदों पर दबाव बनाने की बात भी कही।

सूत्रों की मानें तो भाजपा भी इस वार्ड से एक मजबूत उम्मीदवार की तलाश में है जो ललित ठाकुर के नजदीकी या रिश्तेदार हों। रमेश भारद्वाज की एंट्री से मुकाबले की दिशा बदल सकती है। वर्तमान में ललित ठाकुर एपीएमसी के अध्यक्ष और राज्य कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर हैं। अब देखना यह है कि दो पुराने साथियों का यह राजनीतिक टकराव किस मोड़ पर पहुंचता है।

## विजय कपूर बने भाजपा जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा के आईटी संयोजक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भाजपा संगठन ने अपने कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता विजय कपूर को भाजपा जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा का आईटी संयोजक नियुक्त किया है। इससे पहले वे भाजपा जिला सोशल मीडिया सह-संयोजक के पद पर रहते हुए पार्टी की ऑनलाइन गतिविधियों को सशक्त दिशा देने का कार्य कर चुके हैं। विजय कपूर वर्ष 2015 से भाजपा से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। पार्टी के सिद्धांतों और संगठनात्मक गतिविधियों के प्रति उनकी निष्ठा व समर्पण के कारण उन्हें समय-समय पर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।



सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में उनका योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। उनकी नई नियुक्ति पर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। इस अवसर पर विजय ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के विश्वास के लिए आभारी हैं और संगठन की डिजिटल पहुंच को और सशक्त बनाने के लिए पूरी लगन से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति से जिले में भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# राडी पंचायत के भारुथा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को मिलने वाला पोषाहार खराब

**अनंत ज्ञान, चंबा**




विधानसभा क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत राडी के अंतर्गत आने वाले भारुथा आंगनवाड़ी केंद्र में पोषाहार वितरण को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता शब्बू शर्मा ने आरोप लगाया है कि बुधवार को केंद्र का सामान निर्धारित स्थान पर न देकर किसी के घर पर पहुंचाया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, वितरित किया गया सामान इतना खराब था कि वह पशुओं को खिलाने योग्य भी नहीं था। इस तरह की लापरवाही न केवल सरकारी योजना की साख पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि केंद्र में पंजीकृत बच्चों के स्वास्थ्य के लिए भी चिंता का विषय है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

## डॉक्टर पर लगे आरोपों पर जताया कड़ा ऐतराज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** तीसा अस्पताल के चिकित्सक पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का मामला उजागर होने के बाद अब डॉक्टर्स एसोसिएशन उक्त चिकित्सक के पक्ष में उतरा है। इस सम्बन्ध में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी चम्बा के सभागार में हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के जिला महासचिब डॉ करण हितैषी ने इस मामले में उक्त चिकित्सक को बेवजह घसीटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक ने किसी भी महिला के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया है जबकि बेवजह डॉक्टर के खिलाफ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया गया जिसकी वे कड़ी निंदा करते हैं। उन्होने कहा कि काम का अतिरिक्त बोझ होने की वजह से चिकित्सक दिन रात अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं लेकिन इस तरह चिकित्सकों की छवि को ख़राब करना बिलकुल गलत है। वहीं इस अवसर पर हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ दिलबाग ने कहा कि इस तरह से किसी डॉक्टर को दोषी ठहराना सही नहीं हैं और उनकी एसोसिएशन इस घड़ी में उक्त चिकित्सक के साथ है।

# 48 घंटे में ही मुख्यमंत्री भूले स्व. वीरभद्र सिंह का सबक, 28 स्कूलों को लगाया ताला: जयराम ठाकुर

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**हर दिन एक से ज्यादा स्कूल बंद करने वाले प्रदेश के पहले सीएम बने सुखविंद्र सिंह सुक्खू**



**मंडी।** मंडी से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश के 28 स्कूलों को डाउनग्रेड करने पर आड़े हाथों लिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के सबक को बड़ी जल्दी भूल गए। महज 48 घंटे पहले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण के दौरान उन्होंने कहा था कि वीरभद्र सिंह ने एक बच्चे के लिए भी स्कूल खोला था। आज ही सरकार का नोटिफिकेशन सामने आया है कि सरकार ने 28 स्कूलों को डाउनग्रेड कर दिया है। अब उन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का क्या होगा? क्या बच्चे 10 किलोमीटर पैदल चलकर पढ़ने जाएंगे। लोकतांत्रिक देशों में सरकार का काम सोशल वेलफेयर स्टेट का होता है फ्रेंड्स वेलफेयर स्टेट का नहीं। आप अगर एक बच्चे के लिए भी स्कूल खोलने के मानक नहीं स्थापित कर पा रहे हैं तो कम से कम 10-10 बच्चे होने पर भी स्कूलों को बंद करने का रिकॉर्ड अपने नाम ना बनाएं। अगर मुख्यमंत्री कोई बड़ी लकीर नहीं खींच रहे हैं तो किसी लकीर को छोटा भी ना करें। नीतियों की वजह से तीन साल में ही प्रदेश 30 साल पीछे चला गया है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि 11 दिसंबर 2022 को सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश की कमान संभाली थी तब से लेकर आज तक कुल 1038 दिन उन्होंने सरकार का कामकाज देखा है। इस दौरान उनके द्वारा 1448 स्कूल बंद किए गए हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो उन्होंने हर दिन एक से ज्यादा स्कूल यानी हर 2 दिन में तीन स्कूल बंद करने का नया रिकॉर्ड अपने नाम स्थापित किया है। इसी तरह इस प्रकार द्वारा डेढ़ हजार से ज्यादा अन्य प्रकार के संस्थान भी बंद किए गए हैं तो मुख्यमंत्री द्वारा हर दिन एक से ज्यादा संस्थान भी प्रदेशवासियों से छीने गए हैं।

## फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स ने मांगा सम्मान मानदेय

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान, मंडी।** विदेशों से मेडिकल की पढ़ाई करने के बाद स्वदेश लौटे स्नातकों को इंटर्नशिप के दौरान भारतीय मेडिकल स्नातकों के समान मानदेय दिये जाने की मांग उठने लगी है। इस हेतु फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स एकजुट हो गए हैं। हिमाचल के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों तथा अस्पतालों में इन दिनों सैंकडों की संख्या में फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स अपनी कंपलसरी रोटेटरी इंटर्नशिप कर रहे हैं । जिसमें यह सभी इंटर्नशिप कर रहे भारतीय मेडिकल स्नातकों के समान चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं। इसमें जिनमें मरीजों की देखभाल, वार्ड सेवाएं, आपातकालीन सेवाएं तथा अस्पताल की गतिविधियां शामिल हैं। इसके बावजूद फॉरेन मेडिकल ग्रैजुएट्स को भारतीय मेडिकल स्नातकों के समान मानदेय नहीं दिया जा रहा है। फॉरेन मेडिकल ग्रैजुएट्स भी इसी देश व प्रदेश के स्थाई निवासी हैं तथा भारतीय मेडिकल स्नातकों के समान अपने देश में ही चिकित्सा सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे में उनके साथ इस प्रकार का सौतेला व्यवहार अन्याय पूर्ण करार दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएटस को मानदेय का भुगतान करने के लिये सरकार द्वारा एक सर्कुलर ऑर्डर नंबर यू. 15024/4/2022-यूजीएमईबी में कहा गया है कि फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएटस को भी भारतीय स्नातकों जितना स्टाइपंड देय है। ऐसा न होने से उन्हें रोजमर्रा के जीवनयापन के लिए वित्तीय संकट के कारण खासी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। इस मांग व समस्याओं को लेकर फारेन मेडिकल ग्रेजुएट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को ज्ञापन सौंप उन्हें न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# चेक बाउंस मामले में 2 साल की सजा व 10 लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर उपमंडल के कमलाह निवासी हरिपाल पुत्र रेवत राम को अदालत ने बैंक बाउंस मामले में 2 साल की सजा और 10 लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक मढ़ी से जुड़ा है। हरिपाल ने 28 मार्च 2017 को 18.5 लाख का लोन लिया। शुरुआत में कुछ किस्त चुकाने के बाद उसने भुगतान बंद कर दिया। बैंक ने अपने अधिवक्ता सुरेंद्र ठाकुर के माध्यम से हरिपाल को कानूनी नोटिस दिया। जवाब में हरिपाल ने भुगतान के लिए एक चैक बैंक को 15 जुलाई 2022 को पेश किया, लेकिन वह बाउंस हो गया। इस पर बैंक प्रबंधन ने एनआई एक्ट को धारा 138 के तहत अदालत में मामला दायर किया। मामले की सुनवाई न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. युधवीर सिंह की अदालत में हुई। अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 2 साल की कैद और 10 लाख जुर्माने की सजा सुनाई।

## एक साल की सजा व 5.5 लाख का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक मढ़ी में रीना कुमारी ने 23 नबंवर 2017 को 3 लाख का लोन लिया। शुरुआत में कुछ किस्त चुकाने के बाद उसने भुगतान बंद कर दिया। बैंक ने अपने अधिवक्ता सुरेंद्र ठाकुर के माध्यम से रीना कुमारी को कानूनी नोटिस भेज दिया। जवाब में रीना कुमारी ने भुगतान के लिए एक चैक बैंक में 4 अगस्त 2022 को पेश किया, लेकिन वह बाउंस हो गया। इस पर बैंक प्रबंधन ने एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत अदालत में मामला दायर किया। मामले की सुनवाई न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. युधवीर सिंह की अदालत में हुई। अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए साल की कैद और 5.5 लाख जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना राशि में से अधिकतर बैंक को भुगतान की जाएगी।

जुर्माना राशि में से अधिकतर बैंक को भुगतान की जाएगी।

# पुलिस का जागरूकता अभियान नशे के खिलाफ छात्रों को देगा नई दिशा

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** युवा पीढ़ी नशे के प्रति रूझान माता पिता और समाज के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जिससे युवा वर्ग नशे के दलदल में धंसता जा रहा है और अपने भविष्य को बर्वाद कर रहा है। नशे की लत ने कई युवाओं को बर्वादी के रास्ते पर लाकर खड़ा कर दिया है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए जिला पुलिस द्वारा वार अंगेस्ट ड्रग अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव व अन्य कानून के बारे में जानकारी दी जा रही है।

बुधवार को उप पुलिस अधीक्षक नितिन चैहान ने कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड टूरिज्म संस्थान हमीरपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाहू में डीएसपी लालमन शर्मा और नशा निवारण बोर्ड की सदस्य श्रीमती संगीता खुर्रान व प्रधान ग्राम पंचायत चकमोह किरण की उपस्थिति में थाना प्रभारी थाना बड़सर तथा थाना प्रभारी थाना सदर हमीरपुर ने बाबा बालक नाथ कॉलेज चकमोह के छात्र-छात्राओं को जिला पुलिस हमीरपुर के द्वारा संचालित कार्यक्रम में पुलिस कार्य-प्रणाली, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया, यातायात नियमों की अनुपालना, कानुन-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन, महिला सशक्तिकरण, पोक्सो अधिनियम, नशे तथा शराब के दुष्परिणामों व कुप्रभावों के बारे में जागरुक किया गया व विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को अपने-अपने मोबाइल पर 112 व ड्रग फ्री हिमाचल मोबाइल एप डाउनलोड करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 पर सूचित करने के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अभियान के बारे में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि नशे को रोकने के लिए युवाओं को जागरूक करना बहुत आवश्यक है उसी के साथ अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर नजर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि युवाओं को नशे से बचाने से ही इस समस्या का हल हो सकता है। इसलिए सभी अभिभावकों से भी यह अपील की है कि अपने बच्चों को इस नशे से बचाने के लिए सर्तक रहे।

## घोषणा पत्र के वादे पूरे नहीं कर रही कांग्रेस: अजय ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर हिमाचल प्रदेश की जनता के साथ की गई वादाखिलाफी पर कांग्रेस नेताओं को घेरा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी पर्यटन के लिए तो शिमला हैं, लेकिन कई कांग्रेस के नेता हिमाचल प्रदेश में आपदा के समय एक भी जगह घटनास्थल पर नहीं गए, इन्होंने जनता का दुख नहीं बांटा। अजय ठाकुर ने आगे कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि महिलाओं को 1500 रुपए वित्तीय सहायता देने का वादा करने वाली कांग्रेस, हिमाचल में सरकार बनने के बाद महिलाओं, बागवानों तथा आम जनमानस के साथ किए गए वादे पूरी तरह भूल गई है। हिमाचल प्रदेश के जनता के साथ कांग्रेस सौतेला व्यवहार कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी जनता का दुख बांटने नहीं आए। अजय ठाकुर ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को केवल अपने परिवार की उन्नति की पड़ी रहती है, आम जनमानस के सुख-दुख से उनका कुछ लेना-देना नहीं है। हिमाचल प्रदेश में लाखों युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया था, लेकिन कांग्रेस की राज्य में सरकार द्वारा इसके लिए कोई प्रयास नहीं दिखता है।



# मुख्यमंत्री सुक्खू की मानवीय पहल से सुरक्षित हो रहा अनाथ व बेसहारा बच्चों का भविष्य: संजीव गुलेरिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना एवं मुख्यमंत्री सुख-शिक्षा योजना के लाभार्थियों को कृषि उपज विपणन समिति (एपीएमसी) मंडी के सौजन्य से दीपावली के उपलक्ष्य में सम्मानित कर उपहार वितरित किए गए। गत दिवस नेरचौक मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने यह उपहार बल्ह क्षेत्र से संबंधित लाभार्थियों को वितरित किए।

एपीएमसी मंडी के चेयरमैन संजीव गुलेरिया ने इसके लिए उनका आभार जताया। सम्मानित लाभार्थियों में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के 13 तथा इंदिरा गांधी सुख-शिक्षा योजना के 6 लाभार्थी शामिल हैं। संजीव गुलेरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर आरंभ की गई इस योजना ने अनाथ एवं बेसहारा बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया है।

योजना के तहत चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में राज्य सरकार ने इन्हें अपनाया है। सरकार ही माता, सरकार ही पिता की भावना से इनके रहन-सहन से लेकर शिक्षा-दीक्षा एवं रोजगार सहित ब्याह-शादी व गृह-निर्माण तक विभिन्न स्तरों पर राज्य सरकार उनका पूर्ण ध्यान रख रही है। इसके लिए उन्हें वित्तीय मदद प्रदान करने के साथ ही मासिक भत्ता भी दिया जा रहा है।

## हॉकी शताब्दी वर्ष पर चंबा में होगा भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला हॉकी एसोसिएशन (डीएचए) चंबा के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर 2025 को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों हेतु सर्किट हाउस चंबा में अध्यक्ष मुकेश बेदी की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयोजन स्थल, गतिविधियों और प्रतिभागियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। महासचिव मुकेश कुमार बेदी, उपाध्यक्ष जय राज, कोषाध्यक्ष विकास जमदग्नि, और अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष मुकेश बेदी ने कहा कि हॉकी के इस ऐतिहासिक शतक वर्ष को भव्यता और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल व यादगार बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। आयोजन चंबा के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा।

**अधिकार** खोकर बैठे रहना, यह महादुष्कर्म है

–मैथिलीशरण गुप्त

## संपादकीय

# मंदिर चढ़ावे पर न्याय की मुहर

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट का हालिया फैसला, जिसमें सरकार को मंदिरों के चढ़ावे का उपयोग किसी भी सरकारी योजना में करने से रोक दिया गया है, न केवल कानूनी दृष्टि से ऐतिहासिक है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक विश्वास की पुनर्स्थापना की दिशा में भी एक निर्णायक कदम है। यह निर्णय श्रद्धालुओं की उस गहरी आस्था का सम्मान है, जो वे भगवान के दरबार में अपने मन, कर्म और धन के माध्यम से व्यक्त करते हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध हमारे देश में मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं हैं, बल्कि वे संस्कृति के केंद्र, शिक्षा के प्राचीन स्रोत और सामाजिक सहायता के सशक्त आधार रहे हैं। मंदिरों में चढ़ावा देना श्रद्धालु की भक्ति और भगवान में विश्वास की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति होती है। यह चढ़ावा कोई सामान्य धनराशि नहीं, बल्कि वह 'पवित्र योगदान' होती है। ऐसे में यदि सरकार इस चढ़ावे को अपने राजकोषीय घाटों या योजनाओं के संचालन में उपयोग करे, तो यह सीधे उस भक्त की भावना और विश्वास के साथ खिलवाड़ है।

हाई कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार मंदिरों की आय को अपनी योजनाओं में खर्च नहीं कर सकती। मंदिर की आय का उपयोग केवल धार्मिक, शैक्षणिक और धर्मार्थ कार्यों में किया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि मंदिरों की आय और व्यय का मासिक लेखा जनता के सामने लाना आवश्यक है। ट्रस्टियों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे ईमानदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। यह हस्तक्षेप किसी सरकारी नीति को नकारना नहीं है, बल्कि संविधान की भावना के अनुसार, धर्मनिरपेक्षता की रक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता की पुर्नव्याख्या है। अनुच्छेद 25 (2) के तहत राज्य धर्म के संचालन में हस्तक्षेप नहीं कर सकता–वह केवल प्रशासनिक सुधार और सामाजिक सुधारों के लिए धर्म से जुड़े सांसारिक मामलों को नियंत्रित कर सकता है। हाई कोर्ट के इस फैसले का दूसरा पहलू यह है कि इससे राजनीति और धर्म के बीच की लकीर और स्पष्ट हो जाती है। हाल ही में सुक्खू सरकार ने अपनी 'सुख शिक्षा योजना' और 'मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना' के लिए मंदिरों से अंशदान मांगा था। यह कदम न केवल विवादास्पद था, बल्कि इसने उस संवेदनशील रेखा को पार कर दिया जिसे संविधान ने स्पष्ट रूप से खींचा है। ऐसे समय में जब राजनीति धर्म के नाम पर लाभ लेने की कोशिश कर रही हो, यह फैसला याद दिलाता है कि आस्था को सत्ता के लिए साधन नहीं बनाया जा सकता। हालांकि, कोर्ट ने सरकार को मंदिर चढ़ावे के उपयोग से रोका है, साथ ही उसने मंदिर प्रशासन को भी जवाबदेह ठहराया है। यह बिलकुल सही दिशा है। मंदिर ट्रस्टों पर कई बार भ्रष्टाचार, मनमानी और चढ़ावे के दुरुपयोग के आरोप लगे हैं। पारदर्शिता और जवाबदेही तभी आएगी जब हर मंदिर सार्वजनिक रूप से अपनी आय और व्यय की जानकारी दे, हर चढ़ावा एक 'पवित्र अमानत' की तरह संभाला जाए और ट्रस्टियों पर कानूनी दायित्व तय हो। यह फैसला केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ओर संकेत है। यदि चढ़ावे का उपयोग केवल धार्मिक और समाजोपयोगी कार्यों में होगा–जैसे संस्कृत पाठशालाएं, गौशालाएं, चिकित्सा केंद्र, अनाथालय, आदि तो मंदिर समाज में अपने वास्तविक स्वरूप में लौट सकेंगे। वे केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि सेवा और समाज–निर्माण के केंद्र बनेंगे। हालांकि, इस निर्णय के लागू होने में कई व्यावहारिक कठिनाइयां हैं। हिमाचल जैसे राज्य में हजारों मंदिर हैं–बड़े भी, छोटे भी। सभी के पास संसाधन नहीं हैं कि वे लेखा प्रणाली लागू कर सकें या वेबसाइट बनाकर जानकारी सार्वजनिक करें। इसके लिए सरकार को सहयोगी भूमिका निभानी होगी–ट्रेनिंग, तकनीकी सहायता और निगरानी जैसी सुविधाओं के माध्यम से। दूसरी ओर, ग्रामीण क्षेत्रों में यह जागरूकता भी जरूरी है कि भक्त अपने अधिकारों को जानें और मंदिरों के चढ़ावे के सही उपयोग पर नजर रखें।

दिलचस्प बात यह है कि जो राजनीतिक दल कोर्ट के इस फैसले की तारीफ कर रहे हैं, उन्होंने भी अतीत में मंदिर निधियों का प्रयोग किया है। भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में मंदिरों के बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा गौशालाओं को देने की बात कही थी। इसका भी काफी विरोध हुआ था। इससे यह स्पष्ट होता है कि सभी दलों की सरकारों ने मंदिर निधियों को अपनी योजनाओं के लिए 'सॉफ्ट टारगेट' की तरह देखा है। इसलिए यह फैसला किसी एक सरकार के विरोध में नहीं, बल्कि सभी सरकारों के उस सोच के विरुद्ध है जो मंदिरों को 'धन का स्रोत' समझती हैं, 'धार्मिक संस्था' नहीं। बहरहाल, हिमाचल हाई कोर्ट का यह निर्णय केवल न्यायिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण है। इसने भक्तों की आस्था को वैधानिक संरक्षण दिया है, मंदिरों की पवित्रता को बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त किया है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी सिनेमा और भजनों के 'स्वर पुरुष'

**कुछ** सितारे ऐसे होते हैं जो लोगों के दिलों में ऐसे बस जाते हैं कि लोग उनके रहने और न रहने के बाद भी उन्हें याद करते हैं। ऐसे ही सिंगर थे नरेंद्र चंचल, जो माता रानी के जगराते गाकर इतने फेमस हो गए कि लोग अक्सर उन्हें अपने जगरातों में बुलाते थे। हालांकि, बाद में उन्होंने फिल्मों में भी गाना शुरू किया और बहुत बड़ा नाम कमाया। उनका जन्म 16 अक्तूबर 1940 को अमृतसर, पंजाब में हुआ था। वे भारत के प्रसिद्ध भजन गायक थे, खासकर माता के भजनों के लिए विख्यात थे। उनका नाम उत्तर भारत में बहुत लोकप्रिय था और दुर्गा पूजा के समय उनके भजनों के बिना उत्सव अधूरा माना जाता था। उन्होंने अमिताभ बच्चन से लेकर राज कपूर, राजेश खन्ना जैसी फिल्मों के लिए कई प्रसिद्ध गीत गाए। 1973 में फिल्म 'बॉबी' के गीत 'बेशक मंदिर मस्जिद' ने उन्हें खास पहचान दिलाई, जिसके लिए उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला।



**नरेंद्र चंचल**
**जन्म** :16 अक्तूबर,1940
**निधन** : 22 जनवरी, 2021

नरेंद्र चंचल ने अपनी संगीत यात्रा अपनी मां कैलाशवती से शुरू की, जिन्हें वे अपनी पहली गुरु मानते थे। बाद में उन्होंने प्रेम त्रिखा से संगीत सीखा। वे कई वर्षों तक कीर्तन, जगराते और धार्मिक आयोजनों में सक्रिय रहे। मार्च 2020 में कोरोना महामारी के दौरान उनका एक भजन वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने कोरोना, डेंगू और स्वाइन फ्लू का जिक्र किया। नरेंद्र चंचल का निधन 22 जनवरी 2021 को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में हुआ। वे 80 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार थे। ■



कविता

# बच्चों से तेरा जीवन है

**डॉ. कौमार्या मनोज**

तू शिक्षक है यार तेरा, हर साल इम्तिहान है।
बच्चों को काबिल तू बनाता, ये तेरी पहचान है।।
बच्चों से तेरा जीवन है, बच्चों से तेरा मान है।।
तू शिक्षक है यार तेरा, हर साल इम्तिहान है।।
बच्चों में अपनी झलक देखता, ऐसा तू इंसान है ।
उसकी जीत में अपनी जीत, इसे बनाता आन है।।
कितनों को हर साल बनाते, फिर भी न कोई गुमान।
तू विद्या का दाता है, तू ही देश का मान सम्मान।।
रात रात तू जगता ताकि, बच्चों का दिन अच्छा हो।
उसके प्रश्नों को सुलझाता, जैसे तेरा बच्चा हो।।
बच्चों की योग्यता तुम ही बढ़ाते, तुम ही बढ़ाते उसकी शान।
जो कल तक तो थे साधारण, तुमने जगाया उनमें अभिमान।।
वातावरण भी तूने बनाया, शिक्षा का माहौल बनाया।
संस्कार दिए तूने उसको, समय साध इंसान बनाया।।
तुम उसके हित मौके बनाए, तुमने की शिक्षा प्रदान।
बच्चों को काबिल तू बनाता, ये तेरी अपनी पहचान।।

# भारत में कृषि शिक्षा की दशा : शोध, रिक्त पद और भविष्य

औपनिवेशिक भारत में कृषि शिक्षा पर कोई खास ध्यान नहीं दिया गया था। उस समय किसान जमींदारों के अधीन थे और ब्रिटिश सरकार केवल अपने लाभ के लिए खेती करवाती थी। अन्न उत्पादन की बजाय कृषि उपज मुख्य रूप से ब्रिटिश कंपनियों के लिए होती थी। अनाज उत्पादन पर ध्यान न होने से जब अकाल आया और भुखमरी बढ़ी, तब सरकार ने 1906 में कृषि शिक्षा और शोध शुरू करने का निर्णय लिया। भारत की कृषि शिक्षा के विकास में अमेरिका का विशेष योगदान रहा, जिसने नई कृषि तकनीकों और शोध को बढ़ावा दिया।



**डॉ. अशोक कुमार चौबे**
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर

1966–67 की हरित क्रांति में अमेरिका से आए गेहूं के बीज ने भारत को खाद्य सुरक्षा की दिशा में मजबूती दी। आज कृषि शिक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों के कृषक परिवारों के बच्चे कम शामिल हो रहे हैं और शहरी अंग्रेजी माध्यम के छात्र अधिक। इससे खेती के प्रति युवाओं की रुचि घट रही है और वे नौकरी की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। खेती जोखिम भरी और लाभकारी नहीं रही, वहीं सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों को लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहे और वे बिचौलियों तथा व्यापारियों की लूट का शिकार हैं। सरकार कृषि शिक्षा और शोध में निवेश कम कर रही है तथा निजीकरण को बढ़ावा दे रही है, जिससे सरकारी कृषि विश्वविद्यालयों में लगभग 35 प्रतिशत पद रिक्त हैं। पदों की नियुक्ति के लिए सरकार से अनुमति लेना आवश्यक होता है, जो भर्ती प्रक्रिया को धीमा करता है और शिक्षा–शोध की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

भारत में कृषि शिक्षा की शुरुआत 1906 में बिहार के पूसा से हुई, इसके बाद कोयंबटूर, नागपुर, धारवाड़, आंध्र प्रदेश, लायलपुर (अब पाकिस्तान), सबोर, कलकत्ता, कानपुर, लुधियाना जैसे कई केंद्र बने। 1929 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की स्थापना हुई जो कृषि शिक्षा और शोध का सबसे बड़ा संस्थान है। वर्तमान में इसके 113 शोध केंद्र कार्यरत हैं, लेकिन उनमें से 34 प्रतिशत पद खाली हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या देश में वास्तव में गुणवत्ता पूर्ण शोध और शिक्षा हो रही है? पद न भरने की नीति से सरकार बेशक अपना वित्तीय बोझ कम कर रही है, लेकिन यह किसानों और कृषि शिक्षा के हित में नहीं है।

राज्य कृषि विश्वविद्यालयों की संख्या लगभग 70 है, जिनमें भी 20 से 34 प्रतिशत पद खाली हैं। कृषि शिक्षा का पाठ्यक्रम उद्योग की मांग के अनुरूप नहीं है, इसलिए स्नातकों को रोजगार नहीं मिल पाता। छात्र उच्च शिक्षा की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन प्लेसमेंट केंद्रों का उद्योग से सही तालमेल न होने के कारण नौकरी के अवसर सीमित हैं।



उत्तर प्रदेश में सात कृषि विश्वविद्यालय हैं, जिनमें कई पद खाली हैं, पर सभी को उच्च ग्रेडिंग मिल रही है। कानपुर के कृषि विश्वविद्यालय में भी आधे से अधिक पद रिक्त हैं। पदों की भर्ती के लिए बार–बार अनुमति लेना भर्ती प्रक्रिया की सबसे बड़ी बाधा है। इससे कृषि शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट आई है।

हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पहाड़ी कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और देश के शीर्ष कृषि विश्वविद्यालयों में गिना जाता है। इसकी शोध और प्रसार केंद्र समुद्र तल से 300 मीटर से लेकर 8,000 मीटर की ऊँचाई तक फैले हैं, जो स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप तकनीक विकसित करते हैं। इसके बावजूद सरकार ने 2013–14 में पदों की संख्या आधी कर दी, जिससे शोध और प्रसार कार्य प्रभावित हुए। प्रसार शिक्षा विभाग बंद हो गया, जिसके कारण हिमाचल के छात्रों को अन्य राज्यों में जाना पड़ता है। सरकार विश्वविद्यालय की भूमि को पर्यटन और उद्योग के लिए लेना चाहती है, जो कृषि शिक्षा के लिए खतरा है। पिछले तीन वर्षों से इस विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति नहीं है, जिससे प्रशासनिक निर्णय लेने में बाधा आ रही है। पद खाली होने के बाद भी भर्ती में देरी हो रही है, जो शिक्षा और शोध के लिए हानिकारक है। कृषि विश्वविद्यालय में जनसंपर्क अधिकारी और फोटोग्राफर जैसे आवश्यक पद भी खाली हैं, जिससे किसानों तक नवीनतम जानकारी पहुंचाना कठिन हो रहा है। विश्वविद्यालय के चार महाविद्यालयों में भी स्टाफ की कमी है, बावजूद इसके डिग्री वितरित हो रही हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है।

भारत के पहले कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना पंतनगर में 1960 में हुई थी।

इसके बाद लुधियाना, कानपुर, हरियाणा और अन्य जगहों पर कृषि विश्वविद्यालय खोले गए, लेकिन इन संस्थानों की भूमि को उद्योगों को देने का चलन शुरू हो गया है, जो कृषि शिक्षा के लिए खतरा है। कृषि ही देश की आर्थिक रीढ़ है, इसलिए इसे मजबूत बनाना आवश्यक है। देश के हर कृषि विश्वविद्यालय को बजट बढ़ाकर पदों की संख्या बढ़ानी होगी, ताकि वे किसानों की जरूरतों के अनुरूप शोध कर सकें और उन्हें आत्मनिर्भर बना सकें। प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना जैसी बड़ी योजनाओं में भी शिक्षा और शोध का अभाव है, जिसे दूर करना होगा, ताकि योजनाओं का प्रभावी लाभ किसानों को मिले।

कृषि के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। इसलिए कृषि शिक्षा, शोध और किसानों के हित में निरंतर निवेश और सुधार की सख्त आवश्यकता है। सभी कृषि विश्वविद्यालयों में पदों की समय से नियुक्ति, उद्योगों से तालमेल बढ़ाना और स्थानीय किसानों की समस्याओं के अनुसार शोध करना आवश्यक है। तभी भारत की कृषि सुरक्षित और विकसित हो सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# फलों के कटोरे से फास्ट फूड तक : बदलता हिमाचल और घटता स्वास्थ्य

हिमाचल प्रदेश को प्रकृति ने अपार संसाधनों से नवाजा है। 'फलों का कटोरा' कहे जाने वाला यह प्रदेश अपनी नकदी फसलों, न्योजे, चंबा की ठांगी, सेब, कीवी, आड़ू, जापानी फल, प्लम, चेरी आदि जैसे फलों के साथ–साथ अनेक दुर्लभ औषधीय पौधों जैसे चोरा, नागछत्री, कुठ, सिंगली–मिन्गली, फर्ना, शालाम्पंजा, शाल्मिश्री, बनककरी इत्यादि का भी घर है।



**डॉ. तारा देवी सेन**
विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ कॉलेज, मंडी

ये जड़ी–बूटियां पीढ़ियों से पारंपरिक उपचार पद्यति का हिस्सा रही हैं। यहां की रसोई कालांतर से स्वाद और स्वास्थ्य का संगम रही है और लोग 'भोजन ही औषधि है' की परंपरा को जीते आए हैं। यहां के पारंपरिक व्यंजन बिच्छू बूटी की सब्जी, बांस की कोपलें, जंगली बेर, फेग्डी, काफल, कचनार, फफरा, लसुडा, येलो या बुरांस की चटनी और अन्य स्थानीय वनस्पतियां सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और संपूर्ण स्वास्थ्य को संतुलित करने का माध्यम भी रही हैं, परंतु विडंबना यह है कि इतने समृद्ध खाद्य संसाधनों के बावजूद हिमाचल में कैंसर जैसे प्राणघातक रोग लगातार बढ़ रहे हैं। आज प्रदेश में हर वर्ष लगभग 8,500 नए कैंसर के मामले दर्ज किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी यह स्पष्ट किया है कि 'उत्तर–पूर्वी राज्यों के बाद हिमाचल प्रदेश कैंसर के मामलों में दूसरे स्थान पर है।'

यह स्थिति केवल चिकित्सा सुविधाओं की कमी की ओर संकेत नहीं करती, बल्कि हमारे खाद्य व्यवहार और जीवनशैली की विकृतियों को भी उजागर करती है। आधुनिकता की दौड़ में हमने अपने पारंपरिक भोजन की विविधता और प्राकृतिकता को त्यागकर बाजार–आधारित खाद्य पदार्थों को अपना लिया है, जिनमें कीटनाशकों और रासायनिक अवशेषों की मात्रा चिंताजनक स्तर तक बढ़ चुकी है। आज दूर–दराज के



विश्व खाद्य दिवस पर विशेष

गांवों में भी लोग प्राकृतिक सब्जिओं को छोड़कर बाजार से मिलने वाली सब्जियां उपयोग करते हैं। वहीं, चिप्स, कुरकुरे और मैगी इतनी आम हो गई हैं कि युवा पीढ़ी को अब फल और मिठाई भी खास नहीं लगते। अतिथियों के आने पर भी उनकी पहली उम्मीद अक्सर चिप्स और कुरकुरों जैसी चीजों की ही होती है। कुछ घरों में तो इतना ट्रेंड बन चुका है कि शाम को माता–पिता या अन्य बड़े बिना चिप्स या कुरकुरे दिए कदम नहीं रखते। इसका एक बड़ा कारण गांव–गांव तक पहुंची सड़कें, इंटरनेट और होम डिलीवरी जैसी सुविधाएं भी हैं। एक बार जब बच्चों को इन चीजों की आदत लग जाती है, तो वे स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों की ओर आकर्षित नहीं होते। परिणामस्वरूप आज की युवा पीढ़ी में इनफर्टिलिटी, PCOD और अनेक अन्य रोग देखने को मिल रहे हैं। कई बच्चे अब स्कूल या कॉलेज से हॉस्पिटल जाने के लिए अधिक छुट्टी लेने लगे हैं। इस तरह आज की युवा पीढ़ी जहां एक ओर फास्ट फूड संस्कृति के मोहपाश में जकड़ती जा रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदूषण का बढ़ता स्तर हवा, पानी और मिट्टी तक को प्रभावित कर रहा है। इसका सीधा असर हमारी फसलों और भोजन की गुणवत्ता पर दिखाई दे रहा है, जो धीरे–धीरे हमारे स्वास्थ्य और जीवन की जड़ों को खोखला कर रहा है। इस संदर्भ में विश्व खाद्य दिवस 2025 की थीम– 'हाथों में हाथ, बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य के लिए' – और भी प्रासंगिक हो जाती है, लेकिन यह तभी सार्थक होगी जब हम केवल चर्चा तक सीमित न रहकर इसे अपने व्यवहार और जीवनशैली में भी अपनाएं।

आज की जरूरत है समग्र स्वास्थ्य की–भोजन, पर्यावरण और जीवनशैली को साथ लेकर चलने की। पारंपरिक खाद्य ज्ञान का अभाव, स्थानीय विक्रेताओं के लिए अवसर कम होना और खाद्य विविधता की उपेक्षा बड़ी चुनौतियां हैं। विश्व खाद्य दिवस 2025 की थीम हमें प्रेरित करती है कि हम सभी मिलकर पारंपरिक पौधों का संरक्षण करें, किसानों व विक्रेताओं को सशक्त बनाएं और युवाओं को इन परंपराओं से जोड़ें। स्वस्थ हिमाचल के निर्माण का रास्ता यही है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# विश्व खाद्य दिवस : आयुर्वेद से सीखें स्वस्थ आहार के मूल मंत्र

विश्व खाद्य दिवस हर साल 16 अक्तूबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह दिवस 1945 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) की स्थापना की याद दिलाता है। 1979 से विश्व खाद्य दिवस का आयोजन 150 से अधिक देशों में होता है, जिसमें भूख, गरीबी उन्मूलन और खाद्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाई जाती है।



**डॉ. जगदीप वर्मा**
सहायक आचार्य (वनस्पति विज्ञान) सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी

इस साल विश्व खाद्य दिवस थीम थीम है–'बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य के लिए हाथ मिलाना'। यह सरकारों, संगठनों और समुदायों के बीच सहयोग की आवश्यकता को दर्शाता है ताकि सभी के लिए स्वस्थ और पर्यावरण के अनुकूल भोजन सुनिश्चित किया जा सके। स्वस्थ भोजन की परिभाषा समझने के लिए हमें भारत की समृद्ध साहित्यिक विरासत में झांकना होगा, जहां आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथ चरक संहिता में इसका विस्तृत उल्लेख मिलता है। चरक संहिता में तीन महत्वपूर्ण खाद्य नियम बताए गए हैं– 'हित भुक', 'मित भुक' और 'ऋत भुक'।

'**हित भुक**' का अर्थ है अपने शरीर के हित में वही भोजन करना जो पोषणपूर्ण हो और स्वास्थ्य को बढ़ावा दे। आज के समय में जंक फूड्स का अधिक सेवन एक गंभीर समस्या बन गया है, जिनमें अस्वास्थ्यकर वसा, शुगर और सोडियम अधिक होते हैं, लेकिन आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। जंक फूड्स से मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग, पाचन संबंधी समस्याएं और मानसिक तनाव जैसी अनेक बीमारियां हो सकती हैं। इसके विपरीत, हेल्दी फूड्स विटामिन, मिनरल्स, फाइबर और प्रोटीन से भरपूर होते हैं।

'**मित भुक**' का अर्थ है संयमित मात्रा में भोजन करना। आज की जीवनशैली में अधिक भोजन करना आम बात हो गई है, जबकि शारीरिक गतिविधि कम है। अधिक भोजन से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है और मोटापा बढ़ा है, जो कई बीमारियों की जड़ है। अत: अपनी भूख से थोड़ा कम खाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।



'**ऋत भुक**' का तात्पर्य है मौसम के अनुसार भोजन करना। प्राकृतिक रूप से उपलब्ध मौसमी फल और सब्जियों का सेवन शरीर के जैविक घड़ी के अनुकूल होता है, जिससे पाचन क्रिया बेहतर होती है और स्वास्थ्य सुधरता है। बेमौसमी फल–सब्जियां महंगी और कम पौष्टिक होती हैं। इन तीन सिद्धांतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाना आवश्यक है। इसके लिए सबसे जरूरी है भोजन से पहले स्व–आकलन करना कि क्या यह भोजन हमारे स्वास्थ्य के लिए सही है। यह सोच और संयम तुरंत नहीं आता, इसे बचपन से ही सिखाना और अपनाना चाहिए। माता–पिता का बच्चों पर बड़ा प्रभाव होता है। जब बच्चे अपने माता–पिता के साथ भोजन करते हैं और स्वस्थ आदतें देखते हैं, तो वे भी इन्हें अपनाने लगते हैं। इसलिए परिवार में स्वस्थ भोजन की योजना बनाना, ऋतु–अनुसार भोजन पर जोर देना और बच्चों को खाना बनाना सिखाना जरूरी है। आजकल माता–पिता की व्यस्तता के कारण कई बार वे बच्चों को जंक फूड उपलब्ध कराते हैं, जो बाद में बच्चों के स्वास्थ्य और पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। घर से दूर रहकर बच्चे भी फास्ट फूड की ओर आकर्षित होते हैं। अगर हम अपनी कार के इंजन के लिए अच्छे ईंधन का चयन करते हैं तो अपने शरीर के लिए भी हमें स्वस्थ भोजन को प्राथमिकता देनी चाहिए। शरीर हमारे लिए सबसे अनमोल मशीन है, जिसका सही रख–रखाव आवश्यक है।

आइए, चिंतन करें और हित भुक, मित भुक और ऋत भुक के महत्व को समझें। ये स्वस्थ खाद्य आदतें अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करें। हम स्वयं इनकी शुरुआत करें और फिर समाज में इनके महत्व का प्रचार–प्रसार करें। तभी विश्व खाद्य दिवस मनाने का उदेश्य यथार्थवादी बन पाएगा और भूख उन्मूलन के साथ–साथ एक स्वस्थ भविष्य के निर्माण में भी सहायक होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल प्रदेश की राजनीति : इतिहास, वर्तमान और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण

हिमाचल प्रदेश की राजनीति स्वतंत्र भारत के राजनीतिक विकास का एक जीवंत आईना रही है। हिमाचल कई ऐसे नेताओं को जन्म दे चुका है जिन्होंने न केवल प्रदेश, बल्कि देश की राजनीति में भी अपनी छाप छोड़ी है।



**शिशु गुप्ता**
स्वतंत्र लेखक, चंबा

प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार को 'हिमाचल का निर्माता' कहा जाता है। उन्होंने हिमाचल की पहचान बनाने के साथ–साथ प्रशासनिक ढांचे की मजबूत नींव रखी। डॉ. परमार की राजनीति सादगी, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की मिसाल थी। उनका मानना था कि 'पहाड़ का नेतृत्व पहाड़ से ही होना चाहिए,' जिसने हिमाचल की राजनीति में स्वावलंबन और स्वाभिमान की संस्कृति को मजबूत किया।

डॉ. परमार के बाद प्रदेश ने कई महत्वपूर्ण नेताओं को देखा। शांता कुमार और प्रेम कुमार धूमल ने भाजपा शासनकाल में ईमानदारी, सुशासन और योजनाबद्ध विकास को आगे बढ़ाया। शांता ने सिंचाई, रोजगार और स्वावलंबन को प्रोत्साहित किया। धूमल ने सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार किए। इन नेताओं के कार्यकाल में प्रशासन में पारदर्शिता बनी और जनता का भरोसा बढ़ा, जिसे प्रदेश में स्थिरता और विकास का काल माना जाता है। इसके बाद जयराम ठाकुर का कार्यकाल भी संगठन और जनता दोनों के दृष्टिकोण से संतोषजनक रहा।

वहीं, कांग्रेस के समय वीरभद्र सिंह का राजनीतिक प्रभाव अत्यंत मजबूत था। उनके अनुभव और जनसंपर्क कौशल ने हिमाचल की राजनीति को गहराई दी, लेकिन उनके बाद कांग्रेस में नेतृत्वहीनता और गुटबाज़ी ने संगठन को कमजोर किया और जनता से दूरी बढ़ाई। आज हिमाचल की जनता मौजूदा कांग्रेस सरकार से असंतुष्ट दिखती है। यह असंतोष केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि भावनात्मक भी है। जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि वास्तविक विकास की उम्मीद करती है। हिमाचल की



जनता स्थायित्व, पारदर्शिता और निष्ठा चाहती है। आने वाले समय में वही नेतृत्व सफल होगा जो जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझे और उनका समाधान दे। यह बेचैनी वास्तव में परिवर्तन की पुकार है–नई सोच, नया नेतृत्व और राष्ट्रहित से प्रेरित राजनीति की आवश्यकता। हिमाचल की राजनीति ने परमार, वीरभद्र, शांता और धूमल जैसे युग देखे हैं, जिन्होंने कुछ न कुछ सीखा और दिया। अब समय है एक ऐसे युग का, जो विकास, विश्वास और राष्ट्रनिष्ठा के पथ पर हिमाचल को नई ऊंचाइयों पर ले जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण से राजनीति केवल सत्ता पाने का माध्यम नहीं है, बल्कि सेवा, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण का कार्य है।

हिमाचल को आज ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो जनभावनाओं से जुड़ा हो, जो धर्म, संस्कृति और विकास का समन्वय कर सके। 'राष्ट्र प्रथम, जनसेवा सर्वोपरि' का सिद्धांत ही आने वाले समय में हिमाचल की राजनीति का मार्गदर्शक बन सकता है। हिमाचल के राजनीतिक नेताओं को इसी दृष्टि से काम करना होगा, ताकि प्रदेश न केवल विकास की राह पर अग्रसर हो, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता भी कायम रहे। हिमाचल प्रदेश की राजनीति का इतिहास गौरवशाली रहा है, जिसमें कई महत्त्वपूर्ण नेता प्रदेश और देश के लिए मिसाल बने, लेकिन आज की चुनौतियों से निपटने के लिए पारदर्शिता, स्थिरता और निष्ठा के साथ नया नेतृत्व आवश्यक है। इसके साथ ही राजनीति का असली उद्देश्य सेवा और राष्ट्रनिर्माण होना चाहिए, न कि केवल सत्ता प्राप्ति। यदि हिमाचल पमें यही दृष्टिकोण अपनाया जाए तो यह पर्वतीय प्रदेश न केवल अपने विकास के नए आयाम स्थापित करेगा, बल्कि पूरे देश के लिए भी एक प्रेरणा बनेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर–176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 5 करोड़ खर्च पर नहीं बना कॉलेज भवन

## गाड़ागुशैणी कॉलेज भवन निर्माण में देरी से भड़का जनाक्रोश, छात्रों व युवाओं ने निकाली विशाल रैली



गाड़ागुशैणी में कॉलेज भवन की मांग को लेकर विशाल रैली को संबोधित करते हुए नौजवान सभा के राज्य सचिव महेंद्र राणा।

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** छात्रों और नौजवानों ने गाड़ागुशैणी में कॉलेज भवन की मांग को लेकर विशाल रैली का आयोजन किया। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर बाजार से होते हुए बस स्टैंड में जनसभा में परिवर्तित हुई। जनसभा को महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष डोला सिंह सचिव जियालाल, उपाध्यक्ष भवानी व नौजवान सभा राज्य सचिव महेंद्र सिंह राणा, एसएफआई राज्य अध्यक्ष अनिल कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज छात्रों और आम लोगों ने मिलकर यह रैली कॉलेज भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने की मांग को लेकर की है। गौरतलब है कि कॉलेज भवन का निर्माण कार्य पिछले 10 वर्षों से लटका हुआ है। कॉलेज महाविद्यालय निर्माण कार्य पूरा होने की बजाय लगातार खंडहर बनता जा रहा है। बिना शटरिंग के सरिया लटक रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों सरकारों ने यहां की जनता से भेदभाव किया है। 5 वर्ष भाजपा की सरकार रही कॉलेज भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया, बल्कि विभाग और ठेकेदार ने मिलकर निर्माण कार्य पूरा करने की बजाय सरकारी सीमेंट व सरिया का दुरुपयोग किया। कॉलेज भवन अभी आधा भी नहीं बन पाया है। मात्र पिलर खड़े किए गए हैं और बिना शटरिंग की सरिया लटक रही है, जबकि हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग ने महाविद्यालय प्रशासन को यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट देते हुए शत प्रतिशत 5 करोड़ खर्च होने का दावा किया है। जबकि असल में मात्र एक करोड़ का भी काम नहीं हुआ है, इसलिए इस कॉलेज भवन निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। प्रदर्शन में ग्राम पंचायत थाचाधार के पूर्व प्रधान मेघ सिंह, किसान सभा के संयोजक हीरालाल, चंद्रेश डोगरा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### कॉलेज भवन निर्माण में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**लोक** निर्माण विभाग और ठेकेदारों ने पूर्व भाजपा सरकार के इशारों पर पैसे का दुरुपयोग किया है, जबकि मुख्यमंत्री सराज विधानसभा से संबंध रखते थे और बंजार विधानसभा के विधायक भी भाजपा से थे। जाहिर सी बात है दोनों नेताओं के इशारे पर उनके लोगों ने भ्रष्टाचार किया है। अब कांग्रेस सरकार भी कॉलेज की सुध नहीं ले रही है। हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य की यहां पर आए और कॉलेज भवन के निरीक्षण के नाम पर पिकनिक बनाकर चले गए। हालांकि उन्होंने उस समय छात्रों और जनता से वायदा किया था कि शीघ्र ही कॉलेज भवन का निर्माण कार्य शुरू होगा। लगभग 6 महीने बीतने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ, इसलिए मजबूरन छात्रों व नौजवानों को मिलकर आंदोलन करना पड़ा।

### 30 अक्तूबर से भूख हड़ताल की दी चेतावनी

**छात्रों** और स्थानीय जनता ने मिलकर महाविद्यालय प्राचार्य और अधिशासी अभियंता बंजार को मांग पत्र दिया था। अभियंता ने भी शीघ्र काम शुरू करने का वादा किया था। हमारा मानना है कि अधिकारी लगातार सरकार और जनता को गुमराह कर रहे हैं, इसलिए छात्र व नौजवान नेताओं ने अधिशासी अभियंता और प्रदेश सरकार को यह चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के अंदर कॉलेज भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया, तो 30 अक्तूबर को सामूहिक भूख हड़ताल की जाएगी और आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## चेक बाउंस मामले में 9 माह की जेल व साढ़े तीन लाख का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** माननीय न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. युद्धवीर सिंह की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में निर्णय सुनाते हुए गौरख भंडारी पुत्र सरदार दास निवासी बीपीओ धर्मपुर जिला मंडी को 9 माह के साधारण कारावास और 3,50,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले के अनुसार गौरख भंडारी ने अपने व्यवसाय के लिए शिकायतकर्ता रमेश कुमार से 2,50,000 रुपए उधार लिए थे। इस राशि के बदले गौरख भंडारी ने रमेश कुमार को एक चेक दिया वह बैंक से बाउंस हो गया। चेक का भुगतान न होने पर रमेश कुमार ने अपने अधिवक्ता भूप सिंह ठाकुर के माध्यम से अदालत में धारा 138 एन.आई. एक्ट के तहत शिकायत दर्ज की थी। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद माननीय अदालत ने गौरख भंडारी को दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई। अदालत का यह फैसला चेक बाउंस मामलों में एक महत्वपूर्ण और सख्त निर्णय माना जा रहा है, जो भविष्य में ऐसे मामलों के लिए नजीर बनेगा।

## सुंदरनगर पुलिस ने पुंघ में 408 ग्राम चरस सहित दबोचा व्यक्ति



किरतपुर-मनाली फोरलेन पर चरस के साथ पकड़ा आरोपी पुलिस टीम के साथ।

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने बुधवार को नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पैदल चल रहे एक व्यक्ति से 408 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी सुमन कुमार (40) पुत्र मेहर चंद, निवासी गांव गोहर, डाकघर दुधन, तहसील अर्की, जिला सोलन का रहने वाला है।

पुलिस टीम एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल हंसराज, कांस्टेबल कुलदीप कुमार व सतीश कुमार के साथ पुंघ के पास नाकाबंदी पर थी, तभी हराबाग की ओर जा रहे एक संदिग्ध को रोका गया। पुलिस को देखकर आरोपी घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा। तलाशी लेने पर उसके बैग से चरस बरामद हुई। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### द्रंग में मतदाता सूची का अवलोकन जारी

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** विकास खंड द्रंग के पधर क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) जनता के अवलोकन के लिए जारी कर दिया गया है। ये सूचियां पधर स्थित विकास खंड कार्यालय तथा संबंधित पंचायत कार्यालयों में देखी जा सकती हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 8 से 17 अक्तूबर 2025 तक सूची में दावे, आपत्तियां व शुद्धिकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। खंड विकास अधिकारी एवं मतदाता पुनरीक्षण अधिकारी, पधर ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने नाम, पता व आयु की जानकारी की पुष्टि अवश्य कर लें। किसी भी प्रकार की गलती या नाम छूटने की स्थिति में 17 अक्तूबर सायं 5 बजे तक आवेदन जमा करें। आवेदन ग्राम पंचायत कार्यालय या खंड कार्यालय में दिए जा सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात त्रुटि के लिए मतदाता स्वयं उत्तरदायी होगा।

### स्काउट का निपुण टेस्टिंग कैंप संपन्न

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा राज्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय निपुण टेस्टिंग कैंप का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर में प्रदेशभर के 31 महाविद्यालयों और 2 विश्वविद्यालयों के 231 रोवर्स ने भाग लिया था।



रिवालसर महाविद्यालय के रोवर विकास ठाकुर ने इस निपुण टेस्टिंग कैंप में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सभी प्रशिक्षण गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। कैंप के दौरान अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता तथा टीम भावना जैसे गुणों पर विशेष बल दिया गया। प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप, रोवर लीडर कुलदीप कुमार और ट्रेनिंग इंचार्ज रोहित ठाकुर ने विकास ठाकुर को इस उपलब्धि पर बधाई व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विद्युत संशोधन विधेयक पर माकपा 'लाल'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की मंडी जिला कमेटी ने बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 के ड्राफ्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे तुरंत रद्द करने की मांग की है। जिला सचिव कुशाल भारद्वाज ने कहा कि मोदी सरकार बार-बार इस विधेयक को अलग-अलग रूपों में थोपने की कोशिश कर रही है, जो अब और भी अधिक आक्रामक हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक देश की बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने, उपभोक्ताओं के अधिकारों को कमजोर करने और राज्य की वितरण कंपनियों पर घाटे का बोझ डालने की साजिश है। यह न सिर्फ लाखों बिजली कर्मचारियों की आजीविका पर खतरा है, बल्कि सामाजिक उद्देश्य आधारित एकीकृत बिजली तंत्र को भी नुकसान पहुंचाएगा। माकपा ने इसे जनविरोधी करार देते हुए विधेयक को वापस लेने की मांग की है।

### प्रदेश संयुक्त संघर्ष समिति का प्रदर्शन कल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर में हिमाचल प्रदेश संयुक्त संघर्ष समिति (पेंशन संगठन) की जिला कार्यकारिणी की एक बैठक जिला संयोजक प्रभुराम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों, पेंशनरों एवं कर्मचारियों की लंबित मांगों तथा प्रदेश सरकार की नीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला संयोजक प्रभुराम वर्मा ने सभी सदस्यों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पेंशनरों एवं कर्मचारियों को 17 अक्तूबर को मंडी में आयोजित होने वाली विशाल संयुक्त रैली में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। निर्णय लिया गया कि रैली के माध्यम से सीएम को मांग पत्र उपायुक्त मंडी के माध्यम से सौंपा जाएगा। इस मांग पत्र में पेंशनरों से संबंधित लंबित मामलों, भत्तों की विसंगतियों तथा अन्य कर्मचारी हित के मुद्दों पर शीघ्र और ठोस निर्णय लेने का आग्रह किया जाएगा।

### 2047 तक विकसित भारत का होगा निर्माण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाया जा रहा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। यह बात बुधवार को भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक सुंदरनगर राकेश जंवाल ने भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण का सामाजिक आंदोलन है, जिसमें हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक, नवाचार, कृषि और औद्योगिक विकास के माध्यम से सम्पूर्ण राष्ट्र को सशक्त बनाना इसका उद्देश्य है।

### छात्रों को दी ए क्लास नौकरियों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** क्रैक अकादमी सुंदरनगर सेंटर द्वारा जवाहर लाल नेहरू राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय (जेएनएनजीईसी) सुंदरनगर एवं अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक में कैरियर काउंसलिंग सेशन एवं सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा आधुनिक रोजगार संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस सत्र में क्रैक एकेडमी के विशेषज्ञ वक्ताओं ने बैंकिंग, एसएससी, डिफेंस, यूपीएससी तथा निजी क्षेत्र की प्रमुख नौकरियों से संबंधित जानकारी साझा की और छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए। विद्यार्थियों ने इस सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी बताया। महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन ने क्रैक एकेडमी के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में ऐसे उपयोगी सत्रों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। क्रैक एकेडमी सुंदरनगर सेंटर दिल्ली वाली कोचिंग अब आपके शहर में, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन एवं परीक्षा तैयारी के लिए समर्पित संस्था है, जो युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### भाषण प्रतियोगिता में प्रिया ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार के सौजन्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मोही में डॉ. कैलाश की अध्यक्षता में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षक अचला कुमारी ने मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी देते हुए बताया कि 16 से 30 वर्ष की आयु वर्ग में डिप्रेशन के मामले सबसे अधिक बढ़ रहे हैं। उन्होंने तनाव, अवसाद, चिंता, नशे की लत व सामाजिक कलंक को मानसिक समस्याओं का कारण बताया और सकारात्मक सोच, नियमित अभ्यास व संतुलित जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। एडोलसेंट हेल्थ काउंसलर ने छात्रों को नशा व तंबाकू से दूर रहने की सलाह दी च। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली और रैली भी निकाली। भाषण प्रतियोगिता में प्रिया प्रथम, राहुल द्वितीय, पूजा तृतीय, जबकि कला प्रतियोगिता में पूजा प्रथम, कुणाल द्वितीय और सारिका तृतीय रहीं। विजेताओं को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हेम राज, राजेश वर्मा, सीमा, प्रियंका, आशा कार्यकर्ता तथा लगभग 70 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## टकोली में बस की चपेट में आने से युवती की मौत

- बस चालक ने भाग कर बचाई अपनी जान
- प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- तेज रफ्तार व लापरवाही बनी हादसे की वजह

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग के टकोली टोल प्लाजा के पास बुधवार प्रात: 10 बजे एक निजी बस की चपेट में युवती के आने से दुखद मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती संजना 23 वर्ष गांव किगब डाकघर पनारसा सुबह 10 बजे हर रोज की तरह अपने खड्डी सीखने के काम पर जा रही थी कि अचानक निजी बस की चपेट में आ गई। युवती को उपचार के लिए नगवाईं स्थित अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से टकोली में स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। बस चालक ने भाग कर अपनी जान बचाई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह घटना चालक और परिचालक की लापरवाही का परिणाम है। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि जितनी भी निजी बसें चलती हैं वे सवारियों के लालच में तेज गति और रफ ड्राइविंग करते हैं, इसलिए इस प्रकार के हादसे हो रहे हैं। बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में भी बसों की स्पीड कम नहीं करते हैं, जिसका ज्वलंत उदाहरण आज की घटना है। स्थानीय लोगों ने उपायुक्त मंडी से बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में स्पीड कम करना सुनिश्चित करने की मांग की है और न्यायपालिका से मांग करते हुए कहा कि कोर्ट स्वयं संज्ञान ले और लापरवाही के लिए मौत की सजा सुनाई जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

औट थाना प्रभारी कर्म सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर पुर्व विधायक दरंग जवाहर ठाकुर ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे हादसों पर रोक लगाना अनिवार्य है।

## मेडिकल कॉलेज कांग्रेस की देन : दीपक शर्मा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मेडिकल कॉलेज नेरचौक कांग्रेस के संघर्ष और जनता की जीत का प्रतीक है भाजपा को इसका श्रेय लेने का कोई अधिकार नहीं। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि आज भाजपा जिस मुंह से नेर चौक मेडिकल कॉलेज में अपना योगदान बताने की कोशिश कर रही है वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जब मोदी सरकार के समय केंद्र ने इस कॉलेज को ईएसआईसी के अधीन चलाने में असमर्थता जताई तब मंडी के भाजपा नेता कहां थे? वहीं नेता जनता को गुमराह करने के लिए श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने हमीरपुर, ऊना और मंडी में निजी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज चलाने की योजना के तहत जोनल अस्पताल को भी उसी निजी कॉलेज से जोड़ने का प्रस्ताव किया था। इस के विरोध में कांग्रेस के नेतृत्व में आंदोलन कर मंडी में सरकारी मेडिकल कॉलेज का मुद्दा उठाया। दीपक ने कहा कि वह युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के तौर पर संघर्ष में शरीक रहे हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने आंदोलन को दबाने के लिए कई मुकदमे दर्ज किए। संघर्ष समिति के साथियों ने क्रमिक भूखड़ताल अन्य आंदोलनों के माध्यम से जनता के हित की लड़ाई लड़ी।

## लडभड़ोल कॉलेज में भाषण, गायन, नृत्य और खेल प्रतियोगिताओं में दिखा छात्रों का उत्साह



लडभड़ोल कॉलेज में विकसित भारत मिशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में विकसित भारत मिशन थीम के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मुनीष ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत समाजशास्त्र विभाग और संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता, एकल गान, समूह गान तथा समूह नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के संयोजक प्रो. संगीता और प्रो. अनीता रहीं। भाषण प्रतियोगिता में पल्लवी ने प्रथम तथा फरहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान में आसिफ एवं ग्रुप ने प्रथम तथा मुस्कान एवं ग्रुप ने द्वितीय स्थान हासिल किया। एकल गान प्रतियोगिता में साहिल और आरती ने क्रमश: प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, समूह नृत्य में कोमल एवं ग्रुप ने प्रथम तथा आरती एवं ग्रुप ने द्वितीय स्थान पाया। खेलकूद गतिविधियों के अंतर्गत बैडमिंटन एकल और वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके संयोजक प्रो. संजीव रहे। बैडमिंटन में रिशांत ने प्रथम तथा राजीव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. मुनीष ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में टीम भावना, प्रतिस्पर्धात्मक योग्यता और सर्वांगीण विकास की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी और विद्यार्थियों से विकसित भारत मिशन की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक किया और अंत में संयोजकों ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण पर चमन राही ने दी श्रद्धांजलि, बोले- वे थे सच्चे जननायक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण पर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए चमन राही।

- पूर्व सीएम को बताया गरीबों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों का सच्चा हितैषी

अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने शिमला में पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह ऐसी विराट शख्सियत थे, जिनका सम्मान राजनीतिक दलों की सीमाओं से परे जाकर किया जाता था। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी जैसे राजनेता भी उन्हें विशेष सम्मान देते थे और उनके साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखते थे।

चमन राही ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व को वीरभद्र सिंह के व्यक्तित्व और कार्यशैली से प्रेरणा लेते हुए अपने आचरण और सेवा भाव से ऐसा स्थान बनाना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां उनका स्मरण श्रद्धा से करती रहें। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह युवाओं, महिलाओं, अनुसूचित जनजातियों सहित सभी वर्गों के चहेते रहे और उन्होंने समाज के हर तबके के लिए समर्पित भाव से काम किया। उनके कार्यकाल में न केवल लाखों लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए, बल्कि प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयों को भी छुआ। आधुनिक हिमाचल के निर्माता के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा, जिन्होंने अपने शासन काल में राज्य के लिए संसाधनों का निर्माण कर आत्मनिर्भरता की नींव रखी। चमन राही ने कहा कि वीरभद्र सिंह का नाम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा व आज के राजनेताओं को चाहिए कि वे उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर प्रदेश को समृद्धि और विकास की दिशा में आगे ले जाएं।

## द्वाडा फ्लाईओवर में मरम्मत के चलते बंद रहेगा ट्रैफिक

- 31 अक्तूबर तक रात 11 से सुबह 4 बजे तक लागू रहेगा प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय राजमार्ग-21 पर द्वाडा फ्लाईओवर के क्षतिग्रस्त पिल्लर व स्लैब की मरम्मत एवं बहाली कार्य के चलते कैंची मोड़ से टकोली के बीच तय अवधि में यातायात प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध 15 से 31 अक्तूबर तक प्रतिदिन रात्रि 11 बजे से प्रात: 4 बजे तक प्रभावी रहेगा। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि हाल ही में मानसूनी वर्षा और भूस्खलनों के कारण द्वाडा फ्लाईओवर की कुछेक संरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। मरम्मत और पुनर्स्थापन का यह कार्य जन सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है, इसलिए रात के समय सीमित अवधि के लिए यातायात को रोकने का निर्णय लिया गया है ताकि कार्य सुचारू रूप से पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि यातायात प्रतिबंध के दौरान आपातकालीन सेवाएं इस आदेश से मुक्त रहेंगी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और कार्यकारी एजेंसी को निर्देश दिए गए हैं कि मरम्मत स्थल पर उचित संकेतक, अवरोधक और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। जनता से अपील की गई है कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और इस अवधि में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। उपायुक्त ने यह भी कहा कि कार्य की गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए एनएचएआई को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इस आदेश की अवहेलना आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 तथा अन्य प्रासंगिक कानूनों के अंतर्गत दंडनीय होगी।

## भाषा विभाग मनाएगा पहाड़ी सप्ताह, स्थानीय बोली में होंगी भाषण और निबंध प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला भाषा अधिकारी मंडी रेवती सैनी ने बताया कि भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा हर वर्ष पहली नवंबर को पहाड़ी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष विभाग की ओर राज्यस्तरीय पहाड़ी दिवस में लेखक गोष्ठी, कवि सम्मेलन, प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जबकि जिला स्तर पर 1 से 7 नवंबर तक जिला स्तर पर पहाड़ी सप्ताह आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन में नवपीढ़ी को अपनी मां बोली के साथ सहयोजित करने के लिए स्कूली बच्चों की भाषण, निबंध लोकोक्तियां, मुहावरे व पहेलियां लेखन स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय स्कूली प्रतियोगिताओं में स्थानीय बोली मंडयाली में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें तीन से पांच मिनट की समय सीमा रहेगी। जिसका विषय पहाड़ी भाषा की संवर्द्धक हिमाचली बोलियां रहेगा। निबंध लेखन प्रतियोगिता मंडी जिला के पारंपरिक परिधान एवं आभूषण विषय पर होगी और जिला में प्रचलित पारंपरिक त्यौहार होगा। प्रतिभागी को किसी एक विषय पर निबंध लिखना होगा । जिसमें तीन सौ से पांच सौ शब्दों की संख्या और समय सीमा डेढ़ घंटा रहेगी। इसके अलावा लोकोक्तियां व मुहावरे लेखन प्रतियोगिता मंडी जिला में प्रचलित पारंपरिक व ठेठ लोकोक्तियां -मुहावरे उनके हिंदी में अर्थ सहित लिखने होंगे। इसमें लोकोक्तियां-मुहावरे पारंपरिक व ठेठ मंडी जिला में प्रचलित बोलियों में होने चाहिए। जिसके लिए प्रतिभागी को एक घंटे का समय दिया जाएगा, जिसमें प्रतिभागी को अधिक से अधिक मंडी जिला में प्रचलित पारंपरिक व ठेठ लोकोक्तियां-मुहावरे उनके हिंदी में अर्थ सहित लिखने होंगे। इस अवसर पर होने वाली पहेलियां लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी को अधिक से अधिक अपने जिला में प्रचलित एवं मंडयाली-स्थानीय बोली में पारंपरिक व ठेठ पहेलियां उनके उत्तर सहित लिखनी होंगी। पहेलियां पारंपरिक व ठेठ मंडयाली-स्थानीय बोली में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए 25 अक्तूबर तक मंडी जिला के स्कूलों से प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती है।

## कनैड में जूडो, ताइक्वांडो व रेसलिंग और गर्ल्स खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



कनैड में खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए आयोजक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राज्य स्तरीय जूडो, ताइक्वांडो और रेसलिंग अंडर 14 बॉयज और गर्ल्स खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन सदस्य तकनीकी शिक्षा हिमाचल प्रदेश नरेश चौहान द्वारा बुधवार को पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड जिला मंडी में किया।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में राज्य के बारह जिलों के लगभग 750 छात्र और छात्राओं तथा 150 ऑफिसियल और केयर टेकर अध्यापक अध्यापिकाओं ने मुख्य अतिथि का प्रधानाचार्य ओम प्रकाश के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों को बताया कि आज खेल मात्र मनोरंजन का ही साधन नहीं रह गए हैं, बल्कि राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर तक खेलने वाले छात्र छात्राओं के लिए खेल कोटा भी सरकारी नौकरी में सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। नरेश चौहान ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए यह संदेश भी दिया कि सभी खिलाड़ियों को खेल खेल की भावना के साथ खेलने चाहिए। इस मौके पर भौर पंचायत के प्रधान कैप्टन हल्का राम, पाठशाला प्रबंधन समिति के प्रधान संदीप कुमार, प्रदीप शर्मा निदेशालय ओएसडी तथा विजय राज्य पर्यवेक्षक व विभिन्न जिलों के एडीपीओ विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

## प्रतिभा | चौंतड़ा स्कूल के एथलीटों ने जिलास्तरीय एथलेटिक्स में लहराया परचम

# 17 मेडल जीतकर ओवरऑल ट्रॉफी पर किया कब्जा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



जिलास्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चौंतड़ा स्कूल के एथलीटों को सम्मानित करते उपनिदेशक।

जिला स्तरीय अंडर-19 छात्र व छात्राओं की एथलेटिक्स स्पर्धा में की जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा के एथलीटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता के समापन पर शिक्षा उप निदेशक (उच्च) यशवीर कुमार धीमान ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस प्रतियोगिता में जिला के 39 स्कूलों के 200 से अधिक एथलीटों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में चौंतड़ा स्कूल के छात्र व छात्रा वर्ग में ओवरआल चैंपियन बना। लड़कियों के वर्ग में 100 मीटर स्पर्धा में मीनाक्षी ने गोल्ड मेडल, 200 मीटर और 400 मीटर मे खुशी ने गोल्ड मेडल, अंशिका चौहान ने 400 मीटर रेस ब्रॉन्ज मेडल, सोनल ठाकुर ने 1500 मीटर और 3000 मीटर में गोल्ड व काजल ने 1500 और 3000 मीटर में ही सिल्वर मेडल जीते। वहीं जैवलिन थ्रो में कृतिका चौहान ने सिल्वर मेडल, 1600 मीटर रिले रेस में सोनल, खुशी, काजल व अंशिका चौहान ने गोल्ड मेडल व 400 में सिल्वर मेडल जीते।

इस प्रकार कुल 17 मेडल जीते जिसमे 9 गोल्ड मैडल, 7 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता। साथ में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौंतड़ा को ओवरऑल ट्रॉफी लड़कियों के वर्ग में संयुक्त विजेता घोषित किया गया। इसके साथ सोनल ठाकुर और खुशी को संयुक्त रूप से जिला बेस्ट एथलीट घोषित किया गया। वहीं लड़कों की जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर में नितिन ने गोल्ड मेडल, शुभम ने ब्रॉन्ज, 200 मीटर में नितिन ने गोल्ड मेडल, अरुण ने 400 व 800 मीटर दौड़ और लंबी कूद में गोल्ड मेडल जीते। तनिश ने 800 मीटर रेस में सिल्वर मेडल हासिल किया। स्कूल के एथलीटोंकी सफलता के लिए पाठशाला के प्रधानाचार्य वीरेंद्र पाल सिंह, डीपीई संतोष, पीईटी राजेंद्र व समस्त स्टाफ ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक विवेक आज करेंगे कई कार्यक्रमों में शिरकत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा वीरवार को बंगाणा क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सुबह 10:00 बजे वे आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा के 19वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे, जो आशीर्वाद होटल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। दोपहर 1:00 बजे वे एक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेकर जनता से संवाद करेंगे। शाम 5:00 बजे के बाद वे अपने कार्यालय जोगी पंगा में जनसमस्याएं सुनेंगे। यह दौरा जनसंपर्क व जनसेवा को समर्पित रहेगा। कार्यक्रमों को लेकर लोगों में उत्साह है और स्कूल प्रबंधन ने उनके स्वागत की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

### रोहित चौधरी बने इंस्पेक्टर, क्षेत्र में खुशी की लहर



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बंगाणा उपमंडल के थाना प्रभारी रोहित चौधरी को पदोन्नत कर इंस्पेक्टर बनाया गया है। इस खबर से क्षेत्रवासियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इंस्पेक्टर रोहित चौधरी ने अपने कार्यकाल में कई ब्लाइंड मर्डर केस सुलझाए और नशा, खनन व शराब माफिया पर सख्त कार्रवाई कर अपराध पर नकेल कसी। उनकी कार्यशैली, वैज्ञानिक जांच पद्धति और संवेदनशीलता ने उन्हें विभाग में अलग पहचान दिलाई। उच्च अधिकारियों ने भी उनके काम की सराहना की है। रोहित चौधरी ने कहा कि अपराध और माफिया से कोई समझौता नहीं होगा और जनता का सहयोग पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है। क्षेत्र के लोगों ने उन्हें पदोन्नति पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विधायक बबलू ने की रामलीला मंचन में शिरकत

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपतहसील जोल की ग्राम पंचायत चौकीमन्यार में आयोजित रामलीला मंचन कार्यक्रम में चिंतपूर्णी क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विशेष रूप से शिरकत की। रामलीला कमेटी चौकीमन्यार के पदाधिकारियों एवं सदस्यो द्वारा विधायक सुदर्शन बबलू को माता की चुनरी देखकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि 'सत्य की विजय सदा, असत्य की हार हो।' इस अवसर क्षेत्रवासियों को रामलीला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और इसे बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताया। उन्होंने लोगों से बातचीत की और उनकी समस्या को भी सुना। विधायक बबलू ने रामलीला कमेटी को अपनी ओर से 21 हजार रुपए की नकद राशि और रामलीला स्टेज बनाने के लिए अपनी विधायक निधि से दो लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र, अनिल लक्की, रामकुमार सोनी,नरेश बरोटिया, राजकुमार गौतम, रितेश शर्मा,दिले मोहम्मद, शाहरुख खान सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### दियाडा स्कूल में नैतिक शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दियाडा में गीता संदेश भारती संस्था की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में नैतिक मूल्यों और जीवन मूल्यों का संवर्धन करना था। मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार लद्दाखी ने भागवत गीता के सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाते हुए बच्चों को संस्कृति से जुड़े रहने और नशे व फास्ट फूड से दूर रहने की प्रेरणा दी। बच्चों ने गीता से जुड़े प्रश्न पूछे जिनका समाधान लद्दाखी ने सहजता से किया। कार्यक्रम के अंत में उपप्रधानाचार्य गुरदीप सिंह ने उनका धन्यवाद किया। इस आयोजन में छात्र और शिक्षक उपस्थित रहे और बच्चों ने कार्यक्रम से महत्वपूर्ण शिक्षाएं प्राप्त कीं।

# बंगाणा में अवैध कब्जों की निशानदेही पूरी

## बंगाणा बाजार में कई बड़े भवन आए जांच के घेरे में, अभी रिपोर्ट को रखा गोपनीय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



बंगाणा बाजार में अवैध कब्जों और निर्माणों को लेकर की गई कार्रवाई।

**बंगाणा** बाजार में अवैध कब्जों और निर्माणों को लेकर जारी तीन दिवसीय राजस्व विभाग की कार्रवाई पूरी हो गई है। हाईकोर्ट के आदेशानुसार अवैध निर्माणों की निशानदेही की गई। राजस्व विभाग ने सभी विवादित स्थलों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली है, जिसे अब उच्चाधिकारियों की कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अवैध निर्माण की निशानदेही अभियान का नेतृत्व तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार ने किया, जबकि निरीक्षण टीम में राजस्व अधिकारी नीरज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पूरी प्रक्रिया उपमंडलाधिकारी (नागरिक) बंगाणा सोनू गोयल की अध्यक्षता में गठित कमेटी की देखरेख में संपन्न हुई। राजस्व टीम ने बाजार क्षेत्र की हर दुकान और भवन का बारीकी से निरीक्षण किया। नीरज ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशों के तहत बंगाणा बाजार में अवैध निर्माणों की निशानदेही का कार्य किया गया है। अब पूरी रिपोर्ट तैयार कर ली गई है और कमेटी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। कमेटी के आगामी निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विभाग द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में कई बड़े व्यावसायिक भवन और शीश महल जैसे बहुमंजिला निर्माण भी निशाने पर हैं। फिलहाल इस रिपोर्ट को गोपनीय रखा है, ताकि किसी भी तरह का राजनीतिक या सामाजिक दबाव न बने। बताया जा रहा है कि जिन दुकानदारों और भवन मालिकों ने सड़क की ओर अतिक्रमण कर निर्माण किया है, उन पर सख्त कार्रवाई की संभावना है। बाजार में लगातार तीन दिनों तक हुई इस कार्रवाई से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में हलचल देखी गई। कई दुकानदार अपनी-अपनी सीमाएं मापने और निशानदेही में शामिल रहे, वहीं कुछ लोगों ने अपने निर्माण कार्यों को लेकर सफाई भी दी। रिपोर्ट कमेटी को सौंपने के बाद संबंधित अवैध निर्माणधारकों को समयसीमा दी जाएगी ताकि वे स्वयं अवैध कब्जे को हटा सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंगाणा बाजार में वर्षों से अतिक्रमण का मुद्दा लंबित चल रहा था, जिसके चलते सड़कें संकरी हो गई हैं और यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है। अब प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से लोगों में उम्मीद जगी है कि बाजार का स्वरूप फिर से व्यवस्थित होगा। अधिकारियों ने बताया कि आगामी बैठक में इस रिपोर्ट पर चर्चा कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# युवाओं में भरा सेवा और सशक्तिकरण का जज्बा

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में 7 से 13 अक्तूबर 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर ने सेवा, संस्कार, समाजसेवा और आत्मनिर्भरता के मूल्यों को छात्रों में सशक्त रूप से संजोया। 38 छात्र-छात्राओं की भागीदारी से यह शिविर एक आंदोलन बन गया, जहां हर दिन नई ऊर्जा और उद्देश्य के साथ गतिविधियां संचालित हुईं। शिविर की संपूर्ण योजना कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार और सह प्रभारी शोभा रानी द्वारा तैयार की गई थी।

प्रधानाचार्य सुरेश चौधरी ने कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराता है। पवन कुमार ने इसे युवाओं में राष्ट्र सेवा की चेतना का माध्यम बताया, वहीं शोभा रानी ने इसे नेतृत्व और आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण केंद्र कहा। प्रत्येक दिन की शुरुआत प्रभात फेरी और भजन-कीर्तन से हुई, जिसने सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की। छात्रों ने रंगोली, मेहंदी, मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारा। नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, साइबर सुरक्षा जैसी जन-जागरूकता रैलियों ने स्थानीय लोगों को प्रभावित किया। बौद्धिक सत्रों में सारिका नंदा, राममूर्ति शर्मा व पवन कुमार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रभावशाली जानकारी दी। समापन समारोह में सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक कुलदीप कुमार ने विद्यार्थियों की अनुशासित ऊर्जा की प्रशंसा करते हुए चुटकी ली, 'ये अब परीक्षा नहीं, 'पासवर्ड' बन चुके हैं।' इस पर सभागार ठहाकों से गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ व कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिविर ने विद्यार्थियों को समाज से जोड़ने का अद्भुत कार्य किया।

# राज्यस्तरीय अंडर-19 कुश्ती स्पर्धा में कर्मण्य ने जीता रजत पदक



रजत पदक विजेता कर्मण्य को सम्मानित करते अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )**

**मंडी** जिले के सुंदरनगर में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-19 कुश्ती प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दियाडा के छात्र कर्मण्य ने हैवीवेट वर्ग में रजत पदक (सिल्वर मेडल) हासिल किया।

कर्मण्य की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। कर्मण्य व शारीरिक शिक्षक नरेंद्र सिंह के विद्यालय लौटने पर प्रधानाचार्य सुशील ठाकुर तथा अन्य अध्यापकों व छात्रों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कर्मण्य को उसकी मेहनत और लगन के लिए बधाई दी और भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य सुशील ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी खेलों के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे स्कूल की पहचान शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी मजबूत हो रही है। उन्होंने शारीरिक शिक्षक नरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन और योगदान की भी सराहना की।

## स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण ऐतिहासिक क्षण : जगत

अनंत ज्ञान, ऊना। प्रदेश के जननायक व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का शिमला के रिज मैदान पर अनावरण एक ऐतिहासिक कदम है। यह बात राष्ट्रीय इंटक के सचिव एवं हिमाचल इंटक के महासचिव जगत राम ने प्रेस बयान में कही। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्री विक्रमादित्य सिंह व प्रतिभा सिंह सहित हजारों लोगों ने भाग लिया। जगत राम ने कहा कि वीरभद्र सिंह देश के सबसे सफल मुख्यमंत्रियों में रहे हैं, जो हमेशा मजदूरों और कामगारों की आवाज बने। उन्होंने एक पुरानी याद साझा करते हुए बताया कि जब एक सभा में उनका नाम नहीं लिया गया तो वीरभद्र सिंह ने कागज ही फाड़ दिया और कहा कि जगत राम मेरे दिल में हैं। राजा साहब सभी वर्गों में लोकप्रिय थे। यही कारण है कि प्रतिमा अनावरण समारोह में हर वर्ग की भागीदारी रही।

# बंगाणा में किसानों को नहीं मिल रहे बीज, प्रदेश सरकार मित्रों को खुश करने में व्यस्त : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



मीडिया से बातचीत के दौरान देवेंद्र भुट्टो के साथ भाजपा के मंडल अध्यक्ष और अन्य।

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने बंगाणा में मीडिया से बातचीत के दौरान सुक्खू सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 'व्यवस्था परिवर्तन' के नाम पर किसानों को लगातार परेशान कर रही है। भुट्टो ने कहा कि रबी सीजन शुरू हो चुका है, लेकिन कृषि विभाग के पास न तो गेहूं का बीज है और न ही चरी-बाजरा जैसी फसलों के बीज उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि यह सरकार की लापरवाही और प्रशासनिक विफलता का परिणाम है, जिससे किसानों की मुश्किलें दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। विभागीय अधिकारी भी दिशानिर्देशों के अभाव में असहाय हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार केवल अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने और गांधी परिवार की चापलूसी में व्यस्त है, जबकि आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है। दविंदर भुट्टो ने दावा किया कि सरकार ने तीन वर्षों में 40 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया, जो जनता के कल्याण की बजाय मित्र मंडली पर खर्च हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर कृषि विभाग में आवश्यक बीज उपलब्ध नहीं कराए गए, तो कुटलैहड़ भाजपा सड़कों पर उतरेगी और धरना-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान हितों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और जरूरत पड़ी तो यह आंदोलन राज्य स्तर तक जाएगा।

# भाजपा ने किया ऊना जिला महिला मोर्चा का गठन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को ऊना जिला महिला मोर्चा का गठन किया। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद उपस्थित रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व महिलाओं ने भाग लिया। रश्मि धर सूद ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव 'नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति' मानती है। भाजपा का यह दृढ़ विश्वास है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र मजबूत होगा। भाजपा सरकार ने केंद्र और राज्य स्तर पर महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटियों के सम्मान और सुरक्षा के लिए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 'मुद्रा योजना', 'उज्वला योजना', 'लाडली बहना' जैसी अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनसे करोड़ों महिलाओं को सीधा लाभ मिला है। भाजपा महिला मोर्चा का उद्देश्य समाज की हर वर्ग की महिलाओं को संगठन से जोड़ना, उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। महिला मोर्चा आने वाले समय में महिला स्व-सहायता समूहों, नारी शिक्षा, और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विशेष अभियान चलाएगा। कार्यक्रम के अंत में नवगठित महिला मोर्चा की पदाधिकारिणियों ने संगठन को सशक्त बनाने और 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना विधानसभा क्षेत्र से विधायक सतपाल सिंह सत्ती, प्रोफेसर राम कुमार, जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास, जिला महामंत्री लखबीर सिंह लखी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनु ठाकुर, दविंद्र कौशल, राजीव राणा, धर्मेंद्र राणा, सूरम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अनु ठाकुर बनी मोर्चा अध्यक्ष

**जिला** भाजपा महिला मोर्चा नई कार्यकारिणी में अनु ठाकुर को जिलाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई। शुभलता व शुक्ला देवी को महामंत्री नियुक्त किया गया। अंजू, कुसुम लत्ता, अंजना देवी व नीलम को उपाध्यक्ष, ममता राणा, प्रकाशो देवी, रमना कुमारी, तृप्ता देवी व शालिनी गोस्वामी को सचिव, रीतू असोत्रा को कोषाध्यक्ष व नीलम को आईटी सेल की जिम्मेवारी दी गई। इसके अलावा मधु, मधुवाला, निशा भुल्लर, राज कुमारी, आशा रानी, किरण लता, कृति परमार, वंदना, निशा शर्मा, कंचन ठाकुर, प्रवीण कुमारी, नरेश कुमारी, सुष्मा, रमा शर्मा, रंजिता कसाना, सुनीता चौधरी व लक्ष्मी को सदस्य चुना गया। इसके अलावा चिंतपूर्णी क्षेत्र से राधा ठाकुर व रंजू वाला को मंडलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। गगरेट के दौलतपुर मंडल से रीना परमार व गगरेट मंडल से पूनम ठाकुर को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। हरोली खास से पूनम ठाकुर व हरोली बीत से रोजी को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ऊना बसदेहड़ा मंडल से अनिता राणा व ऊना मंडल से पूनम शर्मा को अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई। बंगाणा मंडल से सुष्मा ठाकुर व डेरा बाबा रूद्रानंद मंडल से मीना कुमारी को अध्यक्ष चुना गया।

## भूकंप, भूस्खलन और बाढ़ पर करवाई मॉकड्रिल

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में बुधवार को अंतराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के उपलक्ष्य (सामर्थ 2025) में भूकंप, बाढ़ और भूस्खलन पर मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस मॉकड्रिल में महाविद्यालय के बच्चों ने बचाव कार्यों का अभ्यास किया। बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर जाने और बचाव कार्यों में भाग लेने का अभ्यास किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएं कभी भी आ सकती हैं, इसलिए हमें तैयार रहना चाहिए। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से हम बच्चों को आपदा प्रबंधन और बचाव कार्यों के बारे में शिक्षित कर रहे हैं। डॉ. रजनीश कुमार द्वारा पेश की गई पावर प्वॉइंट प्रस्तुति से बच्चों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ी और वे आपदा के समय में सुरक्षित रहने के तरीके सीखने में सक्षम हुए। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन क्लब के प्रभारी डॉक्टर रजनीश कुमार, सह प्रभारी डॉक्टर आशुतोष, प्रो. अनिल वर्मा, विनोद कुमार, संदीप कुमार व स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के 35 छात्र उपस्थित रहे ।

## ईसपुर और अप्पर पंजावर में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

# 170 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण 15 मरीज उच्च रक्तचाप से पीड़ित

**अनंत ज्ञान, हरोली**



16 डायबिटीज और 39 मरीज जोड़ों के दर्द से पीड़ित पाए गए।

**सांसद** अनुराग सिंह ठाकुर और प्रयास संस्था की पहल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत हरोली टीम द्वारा निरंतर गांव-गांव स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसी कड़ी में टीम ने पंचायत ईसपुर और अप्पर पंजावर में दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 170 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 50 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए।

जांच के दौरान 15 मरीज उच्च रक्तचाप, 16 डायबिटीज तथा 39 मरीज जोड़ों के दर्द से पीड़ित पाए गए। शिविर में डॉ. प्रदीप कुमार, रुचि शुक्ला, मनीष ठाकुर और निहाल सिंह की टीम ने निष्ठा और सेवा भाव के साथ मरीजों की जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिया। शिविर के दौरान टीम ने क्षयरोग (टीबी) के विषय पर विशेष जागरूकता सत्र भी आयोजित किया। डॉक्टरों ने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन समय पर पहचान और नियमित इलाज से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। डॉक्टरों ने बताया कि टीबी का इलाज सरकारी अस्पतालों में पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध है। मरीजों को डॉट्स योजना के अंतर्गत नियमित दवाइयां दी जाती हैं और पूरा कोर्स पूरा करने पर रोग पूरी तरह ठीक हो जाता है। समय पर दवा और परामर्श से इस रोग के फैलाव को भी रोका जा सकता है। ग्रामीणों ने सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और प्रयास संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल न केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित है, बल्कि गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी एक प्रभावी माध्यम बन गई है।

## दुष्कर्म मामला : महिला थाना नाहन में दर्ज जीरो एफआईआर जांच गगरेट पुलिस को सौंपी

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** महिला पुलिस थाना नाहन ने 17 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। मामला ऑनलाइन सीसीटीएनएस पोर्टल के माध्यम से जीरो एफआईआर 14 अक्तूबर को दर्ज हुआ है, जिसमें धारा 376 आईपीसी व पोक्सो एक्ट की धारा 06 के तहत कार्रवाई की गई है।

पीड़िता के पिता व चाइल्ड हेल्पलाइन नाहन की अधिकारी नीलम शर्मा द्वारा दी गई शिकायत में बताया गया कि पीड़िता की मां ने दूसरी शादी की हुई है और उसी दौरान गगरेट निवासी अश्वनी नामक युवक से उसकी जबरन शादी करवाई गई। शादी के बाद युवक ने उसके साथ शारीरिक शोषण किया और धमकियां दीं। पीड़िता ने अपनी मां, सौतेले पिता और अश्वनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है तथा अपने पिता व दादी के साथ रहने की इच्छा जताई है। महिला थाना नाहन ने मामला दर्ज कर क्षेत्राधिकार अनुसार थाना गगरेट को जांच के लिए भेज दिया है। गगरेट पुलिस ने मामला प्राप्त कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी वसुधा सूद ने मामले की पुष्टि की है।

**खेलकूद** गर्ल्स स्कूल ऊना में 66वीं राज्यस्तरीय स्कूल शतरंज टीम प्रतियोगिता आयोजित

# हमीरपुर विजेता और मंडी बना उपविजेता

**अनंत ज्ञान, ऊना**



कांगड़ा जिले की टीम तीसरे और चंबा की टीम चौथे स्थान पर रही।

14 अक्तूबर से 16 अक्तूबर तक राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल ऊना में आयोजित की जा रही है। 66वीं राज्य स्तरीय स्कूल शतरंज टीम प्रतियोगिता में हमीरपुर जिले ने 15 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, मंडी जिले के खिलाड़ियों ने 11.5 अंक लेकर और राज्य स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया।

जिला कांगड़ा की टीम तृतीय व चंबा चतुर्थी स्थान पर रही। इस अवसर पर विजेता टीम के खिलाड़ियों में सनिग्धा शर्मा, पलक ठाकुर, शैरिल वर्मा , श्रिया गुलेरिया व अक्षरा शर्मा तथा उपविजेता टीम मंडी के खिलाड़ियों में प्रिया, अर्पिता, कनन, इशिता ठाकुर व नव्या शामिल रहीं। राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पहली बार बोर्ड प्राइज देने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिसमें बोर्ड नंबर एक पर हमीरपुर की स्निग्धा शर्मा, बोर्ड नंबर दो पर शिमला की दिव्यांशी शर्मा, बोर्ड नंबर तीन पर हमीरपुर की शैरिल वर्मा, बोर्ड नंबर चार पर मंडी की इशिता ठाकुर व वार्ड नंबर पांच पर शिमला की वंदना रही। कन्वीनर व चीफ ऑर्बिटर हंस राज ठाकुर ने बताया कि अंडर 19 छात्रों का नियमों के तहत सिलेक्शन ट्रायल लिया जाएगा, जिसमें शीर्ष पांच स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय अंडर-19 छात्रा शतरंज प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि 16 अक्तूबर को अंडर-17 आयु वर्ग की छात्रा खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

अंडर-17 छात्रा वर्ग में भी शीर्ष पांच स्थान पर रहने वाली छात्रा खिलाड़ियों को अंडर-17 राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। सिलेक्शन प्रतियोगिता का शुभारंभ राजेंद्र कुमार एडीपीईओ हमीरपुर ने किया व बच्चों को आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में डिप्टी चीफ आर्बिटर राज कुमार शर्मा तथा आर्बिटर प्रवीण शर्मा, जगदीश शर्मा, अनिता कुमारी, भोले दत्त करन व हरदेव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कलोह स्कूल में स्टूडेंट्स को बताए बाल अधिकार

## चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की कार्यप्रणाली के बारे में भी किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, अंब**



कलोह सूकल में विद्यार्थी चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए।

**चाइल्ड** हेल्पलाइन ऊना ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलोह के बच्चों, अध्यापकों व अन्य स्टॉफ के लिए एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य दीपक डढवाल ने की। कार्यक्रम में बच्चों के साथ अध्यापकों, अनुशासन कमेटी व एंटी सेक्सुअल हरासमेंट कमेटी सदस्यों ने भी भाग लिया। चाइल्ड हेल्पलाइन ऊना के जिला समन्वयक रीना कुमारी ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी।

इसके बाद बच्चों को बाल अधिकारों के बारे में जैसे बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, बाल भिक्षावृत्ति, बाल यौन शोषण, घरेलू हिंसा, बाल दुर्व्यवहार, नशा निवारण, साइबर सुरक्षा, मानसिक प्रताड़ना व शारीरिक दंड के बारे में जागरूक किया। बाल अधिकारों में जो नियम एवं प्रावधान हैं, उनके बारे मे अवगत करवाया। बच्चों को विद्यालय में बनी 'एंटी सेक्सुअल हरासमेंट कमेटी' एवं 'डिसिप्लिन कमेटी' बनाने के पीछे के क्या मकसद रहता है, उसके बारे में बच्चों को अवगत कराया। प्रधानाचार्य से आग्रह किया कि लड़कियों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श पर बनी 'कोमल कार्टून मूवी' महिला स्टाफ की मौजूदगी मे अवश्य दिखाए। इसके साथ ही विद्यालय के बच्चों से आगाह किया कि वे सोशल मीडिया से दूर रहे व अनजान लोगों से कभी लिफ्ट न लें और न ही कोई गिफ्ट लें। लड़कियों को सचेत किया कि अनजान लोगो से मेल-जोल न बढ़ाएं, अगर आपके आस-पड़ोस या घर से स्कूल आते-जाते कोई तंग करता है, पीछा करता है या मोबाइल पर गंदी तस्वीर या वीडियो दिखाता है, तो इसकी सूचना तुरंत 1098 पर दें। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन से केस वर्कर सौरव ऐरी व स्कूल अध्यापकों सहित लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। टीम पंचायत कलोह पहुंची और वहां पर नीलम कुमारी प्रधान के साथ मिलकर गांव के बच्चों के कुछ मुद्दों पर बात की और उनको बताया गया कि अगर आप 0 से 18 साल के बच्चे को जरुरतमंद हालत में देखें तो आप भी 1098 पर काल कर हमें सूचित कर सकते हैं।

# कुल्लू दशहरे में जुड़ा नया आयाम : सुंदर ठाकुर

## विधायक बोले-पहली बार रोजगार मेले का किया आयोजन, 635 युवाओं को मिली नौकरी

अनंत ज्ञान, कुल्लू

कुल्लू के विधायक एवं अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू दशहरा में इस वर्ष एक नया आयाम विशाल रोजगार मेला के आयोजन के रूप में जुड़ा है । जिसने न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए, बल्कि हिमाचल प्रदेश सरकार की संवेदनशील और समावेशी सोच को भी उजागर किया। सुंदर सिंह ठाकुर बुधवार को रथ मैदान श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित रोजगार मेले के शुभारम्भ करने के अवसर पर बोल रहे थे।



मुख्यातिथि विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को सम्मानित करते हुए डीसी कुल्लू।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही सरकार की उन नीतियों का प्रतिफल है, जो विकास के साथ-साथ मानवीय सरोकारों को प्राथमिकता देती हैं। सरकार का उद्देश्य युवाओं को घर के नजदीक रोजगार उपलब्ध के लिए अवसर उपलब्ध करवायें जायें। सुंदर ठाकुर ने कहा कि कुल्लू के लोग मेहनती और ईमानदार हैं। फल, सब्जी उत्पादन और इको-टूरिज्म जैसी गतिविधियों में उनकी भागीदारी सराहनीय है। यह रोजगार मेला उत्सव समिति की अनुकरणीय पहल है, जो अगले वर्ष से और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा ताकि प्रदेश के बच्चों को रोजगार के प्राप्त करने के लिए अवसर उपलब्ध हो सके। विधायक ने कहा कि युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर राज्य के युवाओं को विदेशों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। इसमें विशेष ओवरसीज भर्ती ड्राइव आयोजित करने के निर्देश दिए।

### रोजगार मेले में 34 कंपनियों ने लिए इंटरव्यू

**रोजगार** मेले में 34 प्रतिष्ठित कंपनियों/ नियोक्ताओं ने भाग लिया। रोजगार मेले में 1186 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया और 635 आवेदकों का विभिन्न पदों के लिये चयन किया गया। इस मेले में 16 स्थानीय नियोक्ताओं ने भी भाग लिया।

उन्होंने युवाओं से पासपोर्ट बनवाने की भी अपील की ताकि, उन्हें विदेशों में भी रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने उपस्थित सभी कंपनियों से चयनित लोगों निर्धारित न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं को सौर ऊर्जा क्षेत्र में उभरती संभावनाओं की ओर ध्यान देने को प्रेरित किया और बताया कि आई टी आई शमशी में सौर ऊर्जा विषय आरम्भ कर छात्रों को प्रशिक्षित किया जा है।

इससे पहले उपायुक्त तोरुल रवीश ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि रोजगार मेले में कंपनियों और युवाओं की शानदार उपस्थिति मिली है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में युवाओं के लिए एक करियर गाइडेंस के लिए भी जागरूक किया जा रहा है, जिसमें प्रशासनिक सेवाओं, बैंकिंग, शिक्षा और साहसिक खेलों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर परिषद् के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, कृष्ण ठाकुर, अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार सहित श्रम एवं रोजगार विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कंपनियों के प्रबंधक, अभ्यर्थी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बागन गांव के लिए 16 लाख टीन की चादरें की भेंट

## विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने मलाणा पावर कंपनी का जताया आभार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

**कुल्लू** के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने बुधवार को भारी वर्षा के कारण भूस्खलन से ग्रसित लगघाटी के बागन गांव के प्रभावित लोगों के मलाणा पावर कंपनी द्वारा उपलब्ध करवाई राहत सामग्री के आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और इस गांव के एक एक घर को फिर से बसाने के लिये वचनबद्ध है। उन्होंने मलाणा पावर कंपनी ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए आपदा प्रभावित गांवों के लिए राहत सामग्री भेजने के लिये आभार प्रकट किया हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा लगभग 16 लाख रुपये की 800 टीन की चादरें सहायता सामग्री के रूप में उपलब्ध करवाई गई है। विधायक ने कंपनी के अधिकारी रवि झुनझुनवाला और पूरी टीम का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कंपनी की पूरी टीम स्वयं यहां पहुंची और ठंड के मौसम से पूर्व राहत सामग्री का ट्रक बहुत कम समय में भेजा गया। उन्होंने कहा कि यह सहायता विशेष रूप से उन परिवारों के लिए है जो हालिया प्राकृतिक आपदाओं के दौरान प्रभावित हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी मिटिगेशन और फ्लड प्रोटेक्शन के अंतर्गत प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास हेतु विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। सरकार का उद्देश्य है कि जल्द से जल्द गांवों की स्थिति सामान्य हो सके और प्रभावित लोगों को राहत मिले।




### ढालपुर मैदान का होगा सौंदर्यीकरण : विधायक

**कुल्लू** के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि घाटी के सौंदर्यीकरण को नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि लग घाटी के प्रवेश द्वार बनकर तैयार है और इसके साथ सेल्फी पॉइंट भी बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मणिकर्ण घाटी में प्रवेश द्वार का निर्माण किया जा रहा है और बजौरा में भी प्रवेश द्वार बनाने के लिये स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा इसके इसके अतिरिक्त, सीएसआर में ऐतिहासिक ढालपुर मैदान का सौंदर्यीकरण भी उनकी प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा इसके अतिरिक्त पीज में पैराग्लाइडिंग साइट बनाने और नेचर पार्क बनाने की भी कंपनी मदद करेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन जिलों के 27 मामलों में से 18 की सुनवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या ठाकुर की अध्यक्षता में कुल्लू में आयोग का पहला कोर्ट सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में कुल्लू, लाहौल-स्पीति और मंडी जिलों से संबंधित 27 मामलों को सूचीबद्ध किया गया, जिनमें से 18 मामलों की सुनवाई हुई। ये मामले घरेलू हिंसा, संपत्ति विवाद, पारिवारिक उपेक्षा और देखभाल जैसे विषयों से संबंधित थे। कुछ मामलों में आपसी सुलह के लिए समय दिया गया, जबकि अन्य को पुलिस और संरक्षण अधिकारियों को कार्रवाई के लिए सौंपा गया। विद्या ठाकुर ने बताया कि आयोग का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को न्याय, सुरक्षा और सम्मान दिलाना है। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में विधवाओं को संपत्ति से वंचित किया गया था, जबकि कुछ बुजुर्ग महिलाएं अपने बच्चों द्वारा उपेक्षा की शिकार थीं। इस मौके पर महिला आयोग की सदस्य रीना धरोच, रीना पुंडीर, सदस्य सचिव और विधि अधिकारी यशपाल शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ज्यादा किराया वसूलने पर होगी कारवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के मनाली, भुंतर, मोहल, ढालपुर में जो भी रिक्शा चालक अगर अधिक किराया लेता हुआ पाया गया तो उस पर ऑटो यूनियन के द्वारा भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं ऑटो यूनियन जिला कुल्लू के द्वारा जल्दी सभी ऑटो का किराया भी तय किया जाएगा। ताकि सवारियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। कुल्लू टाइम्स को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इसी विषय को लेकर ऑटो यूनियन की जिला कुल्लू कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें चेयरमैन मोती राम सोनी, वायस चेयरमैन राजू, अध्यक्ष पद के लिए प्रेम वर्धन, उपाध्यक्ष भूषण, महासचिव संजय कपूर, सचिव भगत सिंह, मुख्य सलाहकार लक्ष्मण सलाहकार देवी सिंह, हीरा लाल, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र को नियुक्त किया गया।

### मनाली में टूरिज्म इंफ्लुएंसर मीट का आगाज

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में पहली बार इंफ्लुएंसर मीट का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को माता हिडिंबा के मंदिर में इसका शुभारंभ हुआ। मुंबई, गुजरात, दिल्ली, गुड़गांव से इंफ्लुएंसर मनाली पहुंचे हैं। पहले दिन सभी को मनाली के स्थानीय पर्यटन स्थलों की सैर करवाई गई। सैर के दौरान सभी ने ब्लॉग बनाए। सभी मनाली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेंगे। मनाली में तीन दिवसीय इंफ्लुएंसर मीट के पहले दिन इंफ्लुएंसर ने हिडिंबा मंदिर, वशिष्ट, ओल्ड मनाली समेत कई पर्यटन स्थलों की सैर की। वीरवार को सभी सोलंगनाला, अटल टनल, रोहतांग दर्रा और राफ्टिंग स्थलों में जाकर वहां की वस्तुस्थिति से अवगत होंगे। मनाली के पर्यटन कारोबारी अपने दम पर इसका आयोजन कर रहे हैं। इंफ्लुएंसर मीट में देशभर से 70 से अधिक लोग पहुंच रहे है। इंफ्लुएंसर के आने का क्रम जारी है। 17 अक्तूबर को इसका विधिवत समापन होगा।

### सुनील वर्मा को मिली सचिव की कमान

**अनंत ज्ञान, आनी।** भाजपा किसान मोर्चा जिला कुल्लू में सुनील वर्मा को जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्णकालिक विस्तारक मंडी संसदीय क्षेत्र सुरेश शर्मा, वरिष्ठ नेता अमर ठाकुर, विधायक आनी लोकेंद्र कुमार, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा, जिलाध्यक्ष अमित सूद, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दूनी चंद ठाकुर, दलाश मंडल अध्यक्ष विवेक वर्मा सहित भाजपा शीर्ष नेतृत्व और सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। सुनील वर्मा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे इस पद की गरिमा को बनाए रखते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि नेतृत्व द्वारा जताए गए विश्वास पर वे खरे उतरने का प्रयास करेंगे।

### 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के बंजार और मंगलौर भाजपा मंडलों में आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर स्वदेशी अपनाने और देश की उन्नति में सक्रिय भागीदारी का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि भारत 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प के साथ आत्मनिर्भरता की नई मिसालें गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों के सम्मान की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर विधायक ने आह्वान करते हुए कहा कि आइए, हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं व भारत को विश्व का आत्मनिर्भर नेतृत्वकर्ता बनाएं।'कार्यक्रम के दौरान दोनों मंडलों के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहन देने तथा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### आपदा प्रभावित परिवारों को दिए 51,000 रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला शिक्षा विभाग ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए 51,000 की राशि समर्पित की है।यह राशि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव-2025 के दौरान आयोजित झांकी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में शिक्षा विभाग को प्राप्त हुई थी। विभाग ने इस पुरस्कार राशि को राहत एवं पुनर्वास कार्यों में योगदान के रूप में देने का निर्णय लिया है।शिक्षा विभाग, कुल्लू के उपनिदेशक (प्राथमिक शिक्षा), उपनिदेशक (माध्यमिक शिक्षा) तथा प्रधानाचार्य डीआईईटी ने उपायुक्त कुल्लू, तोरुल रवीश को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि यह राशि विभाग की ओर से डिजास्टर रिलीफ फंड में हस्तांतरित की जाए ।

### सैंज में आपदा जोखिमों के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सैंज।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड बंजार के पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैंज और ग्राम पंचायत कानोंन के शलवाड में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'समर्थ 2025' जिला स्तरीय जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित इन कार्यक्रमों में गीत-संगीत कला मंच के कलाकारों ने गीतों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कलाकारों ने लोगों को भूकंपरोधी भवन निर्माण, आपदाओं के समय बरती जाने वाली सावधानियों, तथा भूकंप, भूस्खलन और आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में जागरूक किया। मंच के कलाकारों ने कुल्लवी नाटियों और 'जानकारी ही बचाव' शीर्षक नाटक के माध्यम से बताया कि आपदाओं से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है जागरूकता और तत्परता। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे आपदा से संबंधित जानकारियां अपने परिवार, बच्चों और बुजुर्गों के साथ साझा करें, ताकि आपदा के समय सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# ट्रक से 260 बैग सीमेंट, 146 पेटियां अवैध शराब बरामद



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत की गई कार्रवाई के दौरान बुधवार को प्रातः जिला कुल्लू आबकारी टीम द्वारा एक ट्रक (सीमेंट ले जा रहा) को जांच के लिए रोका गया।

जांच के दौरान ही ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर 260 बैग सीमेंट पाए गए, जिनके बिल एवं बिल्टी ट्रक में उपलब्ध थे। आगे की जांच में जब ट्रक पर लगी तिरपाल को हटाया गया, तो वाहन के भीतर एक आयताकार गुप्त केबिन बना पाया गया। उक्त केबिन को खोलने पर उसके भीतर से 146 पेटियां ओल्ड मोंक रम (अवैध शराब) बरामद की गईं। बरामद अवैध मदिरा को मौके पर ही जब्त किया गया। इसके पश्चात संबंधित प्राथमिकी दर्ज कर मामला पुलिस विभाग, कुल्लू को अग्रिम जांच हेतु सौंप दिया गया है। इस कार्रवाई में मनोज डोगरा (उपायुक्त, राज्य कर एवं आबकारी, जिला कुल्लू) के नेतृत्व में फूल चंद राणा (राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी), पंकज राणा (सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी, बंजार वृत), राकेश कुमार (सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी, कुल्लू वृत), आरक्षी खीमा राम कौंडल, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ज्ञान चंद और चूड़ामणि, चालक पोत राम और सुरेश कुमार शामिल रहे।

## दो स्थानों पर शराब की 47 पेटियां पकड़ीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू आबकारी टीम ने लगातार अभियान चलाया हुआ है जिसके तहत अवैध रूप से शराब कारोबार कर रहे लोगों पर की जा रही है। इसी कड़ी में टीम ने दो स्थानों से 47 पेटियां शराब की बरामद की हैं। जिनमें पहले मामले में बजौरा में एक वाहन से 25 पेटियां अवैध शराब की बरामद की है। उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी, कुल्लू मनोज डोगरा ने बताया कि रात्रि को प्राप्त विशेष गुप्त सूचना के आधार पर जिला कुल्लू आबकारी टीम द्वारा हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत बजौरा क्षेत्र में सड़क जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान मंडी की ओर से आ रही एक ब्रेजा गाड़ी को बजौरा में रोका गया, जिसमें से वीआरवी संतरा ब्रांड की 25 पेटियां अवैध देसी शराब बरामद की गईं। वाहन चालक से उक्त शराब के लिए वैध आबकारी पास एवं आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत करने को कहा गया, परंतु वह प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। अतः बरामद अवैध शराब को मौके पर ही ज़ब्त करते हुए मामला दर्ज किया गया। वहीं, दूसरे मामले में पारला भूंतर क्षेत्र में की गई एक अन्य कार्रवाई के दौरान एक चिकन शॉप से सटे गुप्त कमरे (स्टोर) से वीआरवी संतरा ब्रांड की 22 पेटियां अवैध देसी शराब बरामद की गईं। बरामद मदिरा को मौके पर ज़ब्त करते हुए मामला दर्ज किया गया।


जब्त की गई अवैध शराब की पेटियों के साथ जिला कुल्लू आबकारी टीम।

# कुल्लू की अनीता को थल सेनाध्यक्ष ने प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** हिमाचल के जिला कुल्लू की बेटी अनीता नेगी ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्हें थल सेनाध्यक्ष प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय चायल की मास्टर राजपत्रित (अंग्रेजी) अनीता नेगी को यह सम्मान राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय चायल के ऐतिहासिक शताब्दी समारोह के दौरानथल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम द्वारा दिया गया।

यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय चायल के ऐतिहासिक शताब्दी समारोह के दौरान उनकी सराहनीय सेवा, व्यावसायिक उत्कृष्टता और संस्थान के प्रति अटूट समर्पण के सम्मान में प्रदान किया गया। अनीता नेगी कुल्लू जिले के बंदरोल की मूल निवासी है और मंडी जिले की जोगिंदरनगर तहसील के मचकेहर गाँव की बहू है। अनीता नेगी 2006 से राष्ट्रीय सैन्य स्कूल, चायल में कार्यरत हैं। 2017 में उन्हें राजपत्रित ग्रुप %ए% अधिकारी के रूप में पदोन्नत कर राष्ट्रीय सैन्य स्कूल, बेंगलुरु में स्थानांतरित कर दिया गया। वहां उन्होंने अंग्रेजी विभागाध्यक्ष के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। 2023 में उन्हें आरएमएस चायल में पुनः तैनात किया गया। अपने शानदार करियर के दौरान नेगी ने अनुकरणीय नेतृत्व, पेशेवर ईमानदारी और शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति स्थायी प्रतिबद्धता के साथ हाउस मास्टर, विभागाध्यक्ष और विभिन्न शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों की प्रभारी सहित कई महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं। उनकी इस उपलब्धि से कुल्लू व मंडी में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि ने हिमाचल प्रदेश को बहुत सम्मान दिलाया है, जो राज्य की उत्कृष्टता, समर्पण और राष्ट्र सेवा की स्थायी विरासत की पुष्टि करता है।

## परेशानी का सबब बना कुल्लू-मनाली नेशनल हाइवे

# 40 किलोमीटर का सफर तय करने में लग रहा तीन से चार घंटे का समय



एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** कुल्लू-मनाली एनएच लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। महज 40 किलोमीटर का सफर तय करने में तीन से चार घंटे का समय लग रहा है। खास कर डोलू नाला और शिरड़ रिसॉर्ट के पास सड़क बेहद खराब है। ऊबड़ खाबड़ सड़क होने से कई गाड़ियों के कलपुर्जे टूट रहें हैं। छोटी गाड़ियों का यहां चलना मुश्किल हो गया है। वोल्वो बसें किसी तरह मनाली तो पहुंच रही हैं लेकिन दूसरी बार आने से तौबा कर रहीं हैं। ऊबड़ खाबड़ सड़क पर जिस तह से वोल्वो बसें हिचकोले खा रहीं हैं उस से पर्यटक भी मनाली आने से तौबा करने लगे हैं। वोल्वो बस द्वारा मनाली पहुंचे पर्यटक आशुतोष और अंजली ने बताया कि मनाली कुल्लू सड़क की हालत बेहद खराब है। उन्होंने बताया कि मनाली कुल्लू के बीच सफ़र करना खतरे से खाली नहीं है। इसी तरह स्थानीय निवासी रमेश, प्रेम लाल, कमलेश बोध और किशन ने बताया कि डोलू नाला और शिरड़ रिसॉर्ट के पास सड़क ठीक नहीं है जिससे वहां लगातार जाम लग रहा है। जिससे स्थानीय लोगों के साथ साथ पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि एनएचएआई द्वारा कुल्लू मनाली के बीच सड़क तो बहाल कर दिया लेकिन ऊबड़ खाबड़ सड़क होने से सफर करना आसान नहीं है।

कुल्लू मनाली के बीच खराब सड़क को ठीक करने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। 24 घंटे यातायात छोड़ने से काम में दिक्कत हो रही है। लगातार ट्रैफ़िक के कारण काम करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि जाम से बचने के लिए लेफ्ट बैंक का प्रयोग किया जा सकता है।

## ग्राम पंचायत आनी की कार पार्किंग साढ़े तीन लाख में नीलाम

**अनंत ज्ञान, आनी।** ग्राम पंचायत आनी की खोबड़ा पुल के साथ वाली कार पार्किंग एक वर्ष के लिए 3 लाख 49 हजार 500 रुपए में नीलाम की गई। ग्राम पंचायत आनी के सचिव विशु ने बताया कि यह नीलामी पंचायत द्वारा गठित कमेटी की मौजूदगी में संपन्न हुई। नीलामी प्रक्रिया में कुल पांच लोगों ने बोली लगाई। जबकि गुड्डू राम पुत्र सेवक राम की बोली सबसे ज्यादा रही, जिसे इस कार पार्किंग का ठेका एक वर्ष के लिए दे दिया गया।

सचिव ने आगे बताया कि जल्द इसके सशर्त एग्रीमेंट बनाये जाएंगे। जिसमें कुल एक साल की अवधि में से 6 माह की राशि एडवांस में ली जाएगी, जबकि 6 माह पूरे हो जाने पर आगामी बचे हुए 6 माह की बकाया राशि का एडवांस चेक ले लिया जाएगा, जो अवधि पूरा होने पर कैश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की गई है, जिससे पंचायत को अच्छी आमदनी होगी और पार्किंग की सुविधा भी बेहतर होगी।

# विशिष्ट-पलचान के युवाओं ने दिखाई मानवता

## बर्फबारी से ढके पहाड़ से सुरक्षित मनाली पहुंचाए मवेशी

अनंत ज्ञान, मनाली



पर्यटन नगरी मनाली के विशिष्ट व पलचान पंचायत के युवाओं ने मवेशियों की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश की है। इन साहसी व कर्मयोगी युवाओं ने बर्फ से ढके पहाड़ से सुरक्षित मवेशी मनाली पहुंचाए। इस बार समय से पहले बर्फबारी कर प्रकृति अप्रत्याशित चुनौती पेश की। गौर हो कि बरसात में घास के लिए मवेशियों को जंगलों में छोड़ना गांव की संस्कृति में गहराई से समाया एक अनूठा रिवाज़ है। मइ जून में जैसे ही बर्फ़ पिघलती है तो मवेशी जंगलों की चरागाहों में भेजे जाते है। जहाँ वे स्वतंत्र रूप से चरती हैं। जिससे उनका स्वास्थ्य और गांव की आजीविका दोनों समृद्ध होते हैं।

मथियाना के चंद्रसेन ठाकुर व वशिष्ठ के विशाल ने बताया कि अनुमान से बहुत पहले पहाड़ों पर अचानक भारी बर्फबारी हुई, जिससे मवेशी बर्फ में फंस गए। 10 से ज़्यादा कष्टदायक दिनों तक, मवेशी लगभग 4000 मीटर की ऊँचाई पर फंसे रहे। उन्होंने बताया कि पशुओं की दुर्दशा देखकर गांव के युवकों से रहा नहीं गया। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना साहसिक बचाव अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि पहाड़ों के हर खतरनाक मोड़ और छिपी दरार से अच्छी तरह जानकारी होने से सभी बहादुर युवा गहरी बर्फ़ और बर्फीली हवाओं के बीच एक कठिन यात्रा पर निकल पड़े और पहाड़ों में फंसे मवेशियों को सुरक्षित उतार लाए।

पलचान पंचायत के युवाओं ने भी बहादुरी का परिचय देकर मवेशियों की जान बचाई। इन युवाओं ने कठिन परिस्थितियों को पार करते हुए रोहतांग, रहनी नाला व मढ़ी में फंसे मवेशियों को सुरक्षित नीचे पहुंचाया। घाटी वासियों ने इन युवाओं के दृढ़ संकल्प व वीरता की सराहना की है। पिंटू, सुरेश, दीपक व जगदीश का कहना का है की यह सिर्फ़ एक बचाव की कहानी नहीं है। यह हमारे समुदाय और हमारे पशुधन के बीच गहरे बंधन का एक सशक्त चित्रण है। हमारे युवाओं के साहस का प्रमाण है, और हिमालय में जीवन को परिभाषित करने वाली लचीली परंपराओं का एक ज्वलंत उदाहरण है। उनकी बहादुरी ने न केवल हमारे कीमती मवेशियों को बचाया है, बल्कि हमारे दिलों को अपार गर्व से भर दिया है।

**विरोध** एसडीएम बंजार के माध्यम से विधायक सुरेंद्र शौरी के नेतृत्व में राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

# आपदा प्रभावितों के हित में भाजपा का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, बंजार

बंजार विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावितों की लगातार अनदेखी के विरोध में बुधवार को बंजार मुख्यालय में भाजपा द्वारा एक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता ने प्रदेश सरकार की उदासीनता और भेदभावपूर्ण रवैये के विरुद्ध जोरदार विरोध प्रकट किया।


धरना-प्रदर्शन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए विधायक सुरेंद्र शौरी।

धरना उपरांत एसडीएम बंजार के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए विधायक शौरी ने कहा कि इस वर्ष की भीषण आपदा से बंजार विधानसभा क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक रहा है, जहाँ सैकड़ों परिवार अपने घर, कृषि भूमि और आजीविका के साधन खो चुके हैं। सभी सड़कों पर बड़े वाहनों की आवाजाही बंद है। इसके बावजूद सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ज्ञापन मे बंजार विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का उल्लेख करते हुए विधायक शौरी ने कहा है कि मुख्य राष्ट्रीय मार्ग एनएच-305 सहित सभी ग्रामीण सड़कों की बड़े वाहनों के लिए बहाली अब तक नहीं हो पाई है, जिससे न केवल लोगों की दैनिक दिनचर्या बाधित है, बल्कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएँ और आर्थिक गतिविधियाँ भी ठप पड़ी हैं। तीर्थन घाटी की 7 पंचायतों तथा जीभी-गाड़ागुशैणी क्षेत्र की 8 पंचायतों की मुख्य सड़कें पिछले तीन माह से बड़े वाहनों के लिए बंद हैं।

विधायक शौरी ने कहा कि मंडी जिले के लिए विशेष आपदा राहत पैकेज की घोषणा कर बंजार जैसे गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्र की अनदेखी प्रदेश सरकार का भेदभावपूर्ण निर्णय है। क्षेत्र में लगभग 600 मकान पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और सैकड़ों परिवार अब भी पुनर्वास की प्रतीक्षा में हैं। भाजपा द्वारा ज्ञापन के माध्यम से बंजार विधानसभा क्षेत्र को विशेष आपदा राहत पैकेज में तत्काल शामिल करने, एनएच-305 सहित सभी बाधित मुख्य सड़कों की शीघ्र मरम्मत व बहाली, ग्रामीण सड़कों की मरम्मत हेतु पंचायतों को आपदा राहत मद से बजट आवंटन, बंजार सब-डिपो के सभी बस रूटों की तत्काल बहाली व प्रभावित परिवारों की गणना पृथक राशन कार्ड, बिजली मीटर आदि जैसे वस्तुनिष्ठ मापदंडों के आधार पर करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई हैं।

विधायक शौरी ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह उपेक्षा न केवल प्रशासनिक निष्क्रियता को उजागर करती है बल्कि बंजार क्षेत्र की जनता के विश्वास को भी गहरी ठेस पहुँचाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र राहत और पुनर्वास कार्य शुरू नहीं किए गए तो भाजपा जनहित में आंदोलन को और तेज करेगी।

# रोगी कल्याण समिति बंजार ने 2 लाख अस्पताल के सामान खरीदने 5 लाख मरम्मत के लिए किए मंजूर

**अनंत ज्ञान, बंजार।** उपमंडल बंजार के सभागार में गवर्निंग बॉडी रोगी कल्याण समिति की बैठक उपमंडल अधिकारी पंकज शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । डॉ. राजेश बौद्ध एस एमओ सिविल हॉस्पिटल बंजार मेंबर सेक्रेटरी रोगी कल्याण समिति सिविल हॉस्पिटल बंजार के द्वारा सभी उपस्थित मेंबरों का स्वागत किया रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष पंकज शर्मा बंजार ने पिछले वर्ष के आय और व्यय की रिपोर्ट मांगी पिछले वर्ष जो पैसा खर्च नहीं हुआ था उन्हें खर्च करने पर चर्चा की गई।

आने वाले सर्दी के सीजन के लिए उचित इंतजाम करने के लिए कहा गया ताकि मरीजों को किसी भी तरह की समस्या ना हो रात्रि सेवाओं में लगे हुए मेडिकल ऑफिसर/स्टाफ के लिए भी उचित व्यवस्था करने के आदेश दिए। रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष उपमंडल अधिकारी बंजार ने 2 लाख अस्पताल के सामान खरीदने और 5 लाख रुपए अस्पताल की मैटीनेस के लिए मंजूर किए। अस्पताल में जितने भी अभी वर्तमान में बार्ड है उनकी साफ सफाई और उसको सुधार करने के लिए चर्चा की गई। अस्पताल में शुद्ध पानी के लिए पानी की सही व्यवस्था करने पर भी विचार किया गया जल शक्ति विभाग की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जाए जिसमें पानी की शुद्धता वह सुधार के लिए एक एस्टीमेट बनाने के लिए कहा गया। अस्पताल में कोई भी कोना अंधेरे नहीं होना चाहिए उसमें लाइट और इमरजेंसी लाइट का भी प्रबंध करने के लिए कहा गया। पीडब्ल्यूडी विभाग को भी माइनर रिपेयर अस्पताल में जो भी होने हैं जैसे मरीजों के लिए टॉयलेट मेल फीमेल टॉयलेट को सुधार तथा सफेदी इस्टीमेट बनाने पर भी चर्चा हुई। ओपीडी में डॉक्टरों को बैठने के लिए और मरीज को खड़े और बैठने के लिए उचित प्रावधान करने के आदेश दिए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### संगड़ाह-पालर रोड पर पिकअप पलटी, दो घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के संगड़ाह-पालर-राजगढ़ मार्ग पर एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे दो लोग घायल हुए। गनीमत यह रही कि वाहन गहरी खाई में गिरने से बच गया और ग्रामीणों ने दोनों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर चालक और साथ बैठी महिला सीमा देवी को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए संगड़ाह अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद डॉ. वैभव ने बताया कि चालक को बाजू में हल्की चोट आई थी, टांके लगाने के बाद उसे घर भेज दिया गया। महिला सीमा देवी को भी ज्यादा चोट नहीं आई और वह फिलहाल संगड़ाह अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने घटना की जांच डीएसपी संगड़ाह मुकेश डडवाल ने बताया कि पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और मामले की जांच जारी है।

### भाजपा एससी मोर्चा की नई कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** भाजपा जिला सोलन अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमर चंद संधू ने जिला कार्यकारिणी और मंडल अध्यक्षों की नई सूची जारी की है। बद्दी में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अमर चंद संधू, पूर्व विधायक परमजीत सिंह, जिला महामंत्री बलबीर ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि यह नियुक्तियां शीर्ष नेतृत्व की सलाह से की गई हैं। रविंद्र बंसल (कसौली), मान सिंह कश्यप (सोलन), दीप चंद पंवर (अर्की) और नंद लाल धीमान (नालागढ़) को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अजय धीमान और परमिंदर सिंह महामंत्री बने हैं। इसके साथ ही विभिन्न पदों पर सचिव, कार्यालय सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता, सोशल मीडिया एवं आईटी विंग के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। अमर चंद संधू ने बताया कि सभी नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू कर दी गई हैं और संगठन को मजबूत करते हुए पंचायत चुनाव और मिशन 2027 के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

### श्रीराम मंदिर से दान पात्र को काटकर ले गए चोर

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बद्दी में सनसिटी कालोनी स्थित श्री राम मंदिर में चोरी होने का मामला सामने आया है। मंदिर कमेटी के प्रधान प्रवीण गुप्ता ने बद्दी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि देर रात दो संदिग्धों द्वारा श्रीराम मंदिर सनसिटी में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। मंदिर के पुजारी राम स्वरूप शर्मा ने इसकी सूचना सुबह मंदिर कमेटी को दी मंदिर कमेटी के सदस्य तुरंत प्रभाव से घटनास्थल पर पहुंचे और बद्दी पुलिस को सूचित किया। प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में पाया कि 2 संदिग्धों ने मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़ा, उसके बाद मंदिर के दान पात्र को ही काट कर साथ ले गए। इससे पहले भी सोसायटी में चोरी की बहुत घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

### प्रो. खोसला मेलबर्न विवि में बतौर प्रोफेसर नियुक्त

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अतुल खोसला को विश्व की शीर्ष 20 में शामिल मेलबर्न विश्वविद्यालय द्वारा हॉनरेरी एंटरप्राइज प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया है। यह सम्मान अकादमिक, नवाचार और उद्यमिता में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैश्विक नेताओं को दिया जाता है। प्रो. खोसला अब मेलबर्न विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ साइंस के वैश्विक विचारकों और उद्यमियों के समूह में शामिल हो गए हैं, जो नवाचार-आधारित शिक्षा और सहयोग को बढ़ावा देता है। प्रो. खोसला ने एक सफल वैश्विक करियर छोड़कर शूलिनी विश्वविद्यालय को भारत का नंबर-वन निजी विश्वविद्यालय (टाइम्स हायर एजुकेशन 2025) और विश्व के शीर्ष 300 विश्वविद्यालयों में शामिल कराया। उन्होंने कहा, 'यह नियुक्ति भारत के विश्वविद्यालयों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा और उत्तर-क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करती है।'



### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी सोलन द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में सीपीआर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन शिक्षण संस्थान सोलन की संयोजक रेणु शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि सीपीआर एक जीवन रक्षक तकनीक है, जिसका सही ज्ञान हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है ताकि आपातकालीन स्थिति में किसी की जान बचाई जा सके। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के उप संरक्षक लेख राज कौशिक ने भी सी.पी.आर. की महत्ता और उसकी प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में लगभग 150 युवाओं सहित सोसायटी की सदस्य सुनीता ओबराय और शशिकांत भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण से युवाओं में आपातकालीन चिकित्सा कौशल बढ़ाने और जीवन रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य था।

### ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष चंद्रसेन शर्मा का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के हरिपुरधार में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संगड़ाह मंडल में मनोनीत ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष चंद्रसेन शर्मा, जिला ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष कंठीराम शर्मा, किसान मोर्चा सचिव दिनेश ठाकुर और अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष मदन राणा का गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं और गगनभेदी नारों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। मनोनीत जिला ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष कंठीराम शर्मा हाल ही में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं और उन्हें नौहराधार में आयोजित समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। किसान मोर्चा सचिव दिनेश ठाकुर भी हरिपुरधार के युवा कार्यकर्ता हैं, जो इससे पहले जिला कार्यकारिणी सदस्य रह चुके हैं। हिमाचल प्रदेश उद्यान विभाग से सेवानिवृत्त सहायक उद्यान विकास अधिकारी चंद्रसेन शर्मा को संगड़ाह मंडल में ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वे वर्तमान में बूथ अध्यक्ष भी हैं। इसके अलावा, ग्राम पंचायत टिकरी डसाकना के वर्तमान प्रधान मदन राणा को अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बनाया गया है। ये सभी पदाधिकारी हरिपुरधार क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, जिसके कारण स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में इनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलबीर ठाकुर, जिला भाजपा महासचिव रणबीर ठाकुर, संगड़ाह मंडल महासचिव सुंदर शर्मा सहित कई वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह आयोजन पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### नाहन में युवा महोत्सव में कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** -डॉ. वाईएस. परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाहन में चल रहे तीन दिवसीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव (ग्रुप-1) का दूसरा दिन कला, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के नाम रहा। आज विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर के युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आज के दिन अंग्रेजी वाद-विवाद, हिंदी वाद-विवाद, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज मेकिंग और कार्टूनिंग जैसी रोमांचक प्रतिस्पर्धाएं हुईं। प्रवक्ता डॉ. पंकज चांडक के अनुसार, इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में कॉलेजों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में 42, पेंटिंग में 36, कोलाज मेकिंग में 29 तथा कार्टूनिंग में 29 कॉलेजों के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता की झलक पेश की। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों की कलात्मकता और विषय की गहराई की विशेष प्रशंसा की। कार्यक्रम की समन्वयक आचार्य डॉ. देवराज शर्मा, संयोजक डॉ. विवेक नेगी तथा आयोजन सचिव आचार्य रीना चौहान ने बताया कि विद्यार्थियों का उत्साह और उच्च अनुशासन सराहनीय रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने युवा प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उत्सव युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा को एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है, और सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से चल रही हैं तथा विभिन्न समितियां पूरी निष्ठा से अपना कार्य कर रही हैं।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल द्वारा पार्टी कार्यालय में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत एक प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर ने भाग लिया। शिमला संसदीय क्षेत्र संगठन महामंत्री अक्षय भरमौर और भाजपा जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. डेजी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम आत्मनिर्भर भारत अभियान है, जो देश को स्वावलंबी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनाने का एक व्यापक दृष्टिकोण है। उन्होंने स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का जोरदार आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत नए भारत का विजन है, जिसका मुख्य उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना और देश को स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम में नगर निगम उपमहापौर मीरा आनंद, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष रितु सेठी, भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इस कार्यशाला ने स्थानीय स्तर पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने तथा देश के आर्थिक आत्मनिर्भरता के निर्माण में जागरूकता फैलाने का सफल प्रयास किया।

# नशा माफिया की ₹1.34 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त

## आरोपी की फाइनेंशियल हिस्ट्री खंगाल कर हुई बड़ी कार्रवाई

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार के नशा मुक्त समाज के संकल्प को साकार करते हुए सिरमौर पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार के विरुद्ध बड़ी सफलता दर्ज की है। पुलिस ने वित्तीय अन्वेषण के दौरान 1,34,79,508.3 रुपए की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति की जब्ती की पुष्टि की है। यह कार्रवाई डीएसपी मुख्यालय रमाकांत ठाकुर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई जांच का परिणाम है।

यह मामला पांवटा साहिब थाना के अंतर्गत आता है, जहां 2017 में संजय कुमार उर्फ संजु पुत्र मंगत राम निवासी देवी नगर से 40.32 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच में पाया गया कि आरोपी बार-बार नशे के कारोबार में संलिप्त था। इसके बाद पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उसे तीन महीने के लिए आदर्श केंद्रीय कारागार नाहन भेजा गया था।

फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन के बाद सक्षम प्राधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 5-ए के तहत 1.34 करोड़ रुपए की संपत्ति की अंतिम जब्ती की पुष्टि की। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई नशा माफिया की आर्थिक जड़ों पर प्रहार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह कार्रवाई असामाजिक तत्वों के लिए सख्त चेतावनी है कि सिरमौर में अपराध से लाभ कमाना अब संभव नहीं रहेगा। सिरमौर पुलिस का लक्ष्य नशे के व्यापार से अर्जित हर अवैध संपत्ति की पहचान कर उसे जब्त करना है, ताकि समाज को इस बुराई से मुक्त किया जा सके।

### अन्य मामलों में भी करोड़ों की संपत्ति सीज

**सिरमौर** पुलिस ने इससे पहले पांच अलग-अलग मामलों में ₹4.43 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति सीज या फ्रीज की है, जिनमें 95,00,485.85 रुपए, 70,70,702.29 रुपए, 54,08,791.37 रुपए, 52,72,225.73 रुपए और 35,99,837.92 रुपए की संपत्तियां शामिल हैं।

## संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा, अर्की मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने उपमंडल अधिकारी (नागरिक) के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 6 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवाई पर वकील राकेश किशोर द्वारा जूता फेंकने की शर्मनाक घटना तथा हरियाणा सरकार में प्रशासनिक अधिकारी वाई पवन कुमार द्वारा जातिगत भेदभाव के कारण आत्महत्या करने की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है।

संघर्ष मोर्चा ने पवन कुमार के सुसाइड नोट में नामित आईएएस व आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर न होने पर कड़ी नाराजगी जताई और उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। इन घटनाओं को भारतीय संविधान एवं सामाजिक न्याय के खिलाफ खतरनाक बताया गया है, जो अनुसूचित जाति वर्ग के लिए असुरक्षा का भाव पैदा करती हैं। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संगठन सचिव सीडी बंसल ने पढ़े-लिखे समाज द्वारा ऐसी घटनाओं को अंजाम देने पर गहरा दुख जताया और कड़ी भर्त्सना की। अर्की मंडल के अध्यक्ष गंगा राम, कोषाध्यक्ष करमचंद चंदेल, राजेंद्र कुमार और धनपत राम भी मौजूद थे।

# देवदार के पेड़ों से पीला पदार्थ झड़ने से बीमार पड़ने लगे लोग

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के ऊंचे क्षेत्रों चायल, करोल, जनेडघाट, शिलाई सहित कई स्थानों में इन दिनों देवदार के पेड़ों से पीला पदार्थ जिसे पोलन कहा जाता है के झड़ने से लोग परेशानी के साथ कई प्रकार की बिमारियों से ग्रस्त हो रहे है।



छतों पर जमा देवदार के पेड़ों से निकला पीला पदार्थ।

देवदार के पेड़ों से यह पीला पदार्थ हर साल अक्तूबर से दिसंबर महीने के बीच गिरकर लोगों को बिमारियों सहित कई प्रकार की परेशानी पैदा करता है। इसके गिरने के साथ लोगों के घरों की छतें, आंगन, खेत, दुकाने और फसलें पीली हो जाती है। लोग कपडे सुखाने बाहर डाले या रास्ता चलते पहने हुए कपडे भी पीले हो जाते है। इसके अलावा यह पीला पदार्थ कई बीमारियों का कारण है। इसके कारण लोगों को खांसी, जुखाम, आँखों और शरीर में एलर्जी हो रही है। बच्चों पर इससे इन बिमारियों का अधिक प्रकोप हो जाता है। चायल की चिकित्सा प्रभारी अक्षिका भारद्वाज ने बताया ने बताया कि उनके पास इन दिनों खांसी, जुखाम, बुखार, एलर्जी, चमड़ी के रोगों के रोगी अधिक संख्या में आ रहे है। उन्होंने पोलन से बचने के लिए घर से बाहर निकलते समय अच्छी कंपनी की सन स्क्रीन मुंह में मास्क आंखों में चश्मा लगाने जैसी सावधानी बरतने की सलाह दी।

# डीए की बकाया किस्तों सहित स्वीकृत भुगतान की मांग

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**





प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सेवानिवृत्त कर्मचारी एसो. दाड़लाघाट एवं न्योहल यूनिट की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सलाहकार कमल ठाकुर ने की, जबकि अध्यक्ष प्रेम केशव ने बैठक का संचालन किया।

बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों पर चर्चा की और बोर्ड प्रबंधन द्वारा हाल ही में केंद्रीय कार्यकारिणी के साथ लिए गए सकारात्मक निर्णयों के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। कर्मचारियों ने आशा व्यक्त की कि बिजली बोर्ड प्रबंधन लंबित मांगों पर शीघ्र कर्मचारियों के हित में निर्णय लेगा। साथ ही प्रदेश सरकार से आग्रह किया गया कि महंगाई भत्ते (डीए) की बकाया किस्तों सहित स्वीकृत किस्तों का शीघ्र भुगतान किया जाए। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित चिकित्सकीय बिलों का शीघ्र निपटारा करने की भी मांग की गई। अध्यक्ष प्रेम केशव ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे हर महीने आयोजित होने वाली बैठकों में बढ़-चढ़कर भाग लें ताकि संगठन की आवाज और मजबूत बन सके। इस अवसर पर कमल लाल, विजय, निकू श्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## छामला में अंबुजा फाउंडेशन ने जल संग्रहण को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन ने गांव छामला में जल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण और संग्रहण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। जल शक्ति विभाग के बीआरसी जयदेव व थाना प्रभारी मुकुल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि फाउंडेशन नियमित रूप से इस तरह के कार्यक्रम कर जल संरक्षण, स्वच्छता और पानी की गुणवत्ता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। कार्यक्रम में पानी की गुणवत्ता जांचने की विधि का भी प्रदर्शन किया गया।

अंबुजा फाउंडेशन के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन नाबार्ड के सहयोग से विभिन्न जलागम परियोजनाएं चला रहा है, जिनका क्रियान्वयन ग्राम समितियों के माध्यम से होता है। परियोजना समन्वयक हरि कृष्ण शर्मा ने इन परियोजनाओं से स्थानीय लोगों को जल संरक्षण और कृषि सुधार में हो रहे फायदों की जानकारी दी। जागृति महिला फेडरेशन की प्रधान नर्मदा शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए फाउंडेशन महिलाओं की भागीदारी बढ़ा रहा है। इस अवसर पर ग्रामीण मनीराम सहित अन्य लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। जलागम समितियों के लगभग 200 सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर जल संरक्षण के महत्व को समझा।

# कलाकारों ने भूकंप व अन्य आपदाओं से सुरक्षित रहने के सिखाए गुर

**अनंत ज्ञान, नाहन**



आपदा सुरक्षा के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते कलाकार।

आपदाओं से बचाव और सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार और सतर्क रहना आवश्यक है। भूकम्प के समय "झुको, ढको और पकड़ो" की नीति अपनाना जीवन रक्षक साबित होता है। इसी संदेश को लेकर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने सिरमौर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आपदा न्यूनीकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

नाहन उपमंडल के ददाहू, खाला क्यार, शिलाई, संगड़ाह, पच्छाद, राजगढ़ और दाहन में यह कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से हुआ, जिसमें सुरक्षित निर्माण प्रथाओं, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और आपदा के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। कलाकारों ने जोर दिया कि आपदा संबंधी जानकारी को परिवार, बच्चों और बुजुर्गों के साथ साझा करना बेहद जरूरी है ताकि आपदा के समय जान-माल का नुकसान कम से कम हो सके। कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन के अधिकारी, स्थानीय प्रधान, शिक्षक, महिला व युवक मंडल के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस जागरूकता अभियान से लोगों में आपदा से बचाव के प्रति गंभीरता और सजगता बढ़ाने में मदद मिली।

## अर्की स्कूल ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की के छात्रों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनिहार में आयोजित अंडर-19 जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में एकांकी और लोक नृत्य में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा श्लोक उच्चारण और गीतिका में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकांकी प्रतियोगिता में माधव चतुर्वेदी को सर्वश्रेष्ठ कलाकार घोषित किया गया।

वहीं, राजकीय माध्यमिक पाठशाला बरोटीवाला की अंडर-14 बॉक्सिंग टीम ने जिला भर में दो गोल्ड, पांच सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ को बधाई दी और बताया कि आगामी सत्र में विद्यालय को सीबीएसई के प्रथम 100 स्कूलों में शामिल किया गया है। उन्होंने अध्यापकों से विद्यालय की गतिविधियों को और बढ़ावा देने का आह्वान भी किया।

# भाजपा नेत्रियां महिला यौन शोषण के मामलों को लेकर चुप: रीता ठाकुर



आम आदमी पार्टी सोलन जिला को-ऑर्डिनेटर रीता ठाकुर पत्रकार वार्ता करती हुईं।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हालिया दिनों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के परिजनों पर लगे यौन शोषण के आरोप को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा नेतृत्व पर हमला बोला है। सोलन जिला को-ऑर्डिनेटर रीता ठाकुर और अन्य पार्टी नेताओं ने सोलन में पत्रकार वार्ता में तंज कसा कि भाजपा का 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा अब पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। अब तो बीजेपी से बेटी को बचाओ वाली स्थिति है।

रीता ठाकुर ने कहा कि सोलन से संबंधित भाजपा के दो बड़े नेताओं के परिजनों पर महिला यौन शोषण के गंभीर आरोप लगे हैं। इसको लेकर कोई भी भाजपा नेता कुछ नहीं बोल रहा। इतना ही नहीं भाजपा की महिला नेत्रियां ने भी मामले को लेकर चुप्पी साधी हुई है। इन घटनाओं से साफ है कि भाजपा के नेताओं का असली चेहरा जनता के सामने आ रहा है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब उनके परिवार पर ऐसे गंभीर आरोप लगे हैं, तो उन्हें अपने पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। आम आदमी पार्टी ने पुलिस से मामले से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि पार्टी पीड़ित महिलाओं के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

## बाल सुरक्षा के प्रति स्टूडेंट्स कि जागरूक

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** चाइल्ड हेल्पलाइन सिरमौर द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय सालवाला में बाल अधिकारों और हेल्पलाइन 1098 के उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के मुख्याध्यापक ज्ञान सिंह राय्स्याडा एवं स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार की अध्यक्षता में हुआ।

परियोजना समन्वयक ईशु ठाकुर ने बच्चों को हेल्पलाइन 1098 की सेवाओं, उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने हेल्पलाइन पर मिलने वाली सहायता और मामलों की विभिन्न श्रेणियों को समझाया। वहीं, सुपरवाइजर सुरेश पाल ने गुड टच-बैड टच की संवेदनशील जानकारी के साथ बच्चों को जेजे एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल श्रम निषेध और बाल विवाह अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कानूनों के बारे में भी बताया। साइबर सुरक्षा और मोबाइल फोन के दुरुपयोग के खतरों पर भी विशेष जागरूकता दी गई, जिससे बच्चे सुरक्षित और जागरूक रह सकें।

# छोटे-मंझोले कर्मचारियों को अभी तक नहीं मिला बढ़ा हुआ वेतन: भाजपा

**अनंत ज्ञान, नाहन**



भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता जिला महामंत्री रणबीर ठाकुर एवं भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को संयुक्त बयान जारी करते हुए बताया कि प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने प्रदेश के छोटे एवं मंझोले सरकारी कर्मचारियों को अभी तक भी बढ़ाया हुआ वेतन नहीं दिया है। मुख्यमंत्री ने 17 मार्च 2025 को अपने दिए गए बजट भाषण में कहा था कि हम प्रदेश के छोटे एवं मंझोले कर्मचारियों को बढ़ाया गया वेतन एक अप्रैल 2025 से दे देंगे। यह कर्मचारी अभी तक भी अपने बढ़ाए गए वेतन का इंतजार कर रहे हैं।

इन भाजपा नेताओं ने अपने संयुक्त बयान में कहा है कि अप्रैल से लेकर आज तक सात महीने हो गए, लेकिन इन कर्मचारियों को अभी तक बढ़ा हुआ वेतन नहीं मिला है। जिसकी वजह से यह कर्मचारी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इन छोटे एवं मंझोले कर्मचारियों में सरकारी स्कूलों में कार्यरत मिड-डे मील वर्कर, मल्टीटास्क वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, सिलाई अध्यापिका आदि शामिल हैं।

इन नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने विधानसभा चुनाव से पहले इन छोटे कर्मचारियों को बड़े-बड़े सपने दिखाए थे जो आज भी सपने बनकर ही रह गए हैं। इन कर्मचारियों को प्रदेश की सुक्खू सरकार दिवाली के मौके पर भी बढ़ा हुआ वेतन नहीं दे पा रही है, जो बहुत ही शर्मनाक है। इतना ही नहीं प्रदेश के अन्य कर्मचारी भी काफी लंबे समय से अपने डीए का इंतजार कर रहे हैं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार झूठ बोलने की गारंटी दे सकती है, लेकिन काम करने की गारंटी नहीं कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने झूठ का सहारा लेकर प्रदेश में अपनी सरकार बनाई है।



कार्यक्रम में छात्र रचनात्मक मॉडल पेश करते हुए।

## पाइनग्रोव स्कूल में भारत बिल्डाथॉन 2025 का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन एवं एआईसीटीई के सहयोग से भारत बिल्डाथॉन 2025 का आयोजन किया गया। यह अखिल भारतीय हैकाथॉन कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत जैसे चार मुख्य विषयों पर नवाचार के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय शुभारंभ के लाइव प्रसारण से हुई। इसके बाद छात्र विचार मंथन, डिज़ाइनिंग और प्रोटोटाइप निर्माण की गतिविधियों में भाग लेने लगे। 21 टीमों में 100 से अधिक छात्रों ने मिलकर रचनात्मक मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें नवाचार के उद्देश्य और सामाजिक प्रभाव को साझा किया गया। इस अवसर पर सीनियर सेकेंडरी प्रमुख संजय चौहान, डॉ. किरण अत्री आदि शिक्षकों ने छात्रों को प्रोत्साहित किया।

**कार्यक्रम** धर्मपुर और सुबाथू परिसरों में तीन दिवसीय वार्षिक समारोह का भव्य आगाज

# पाइनग्रोव का 34वां वार्षिक समारोह धूमधाम से संपन्न

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल, सोलन में 15 से 17 अक्तूबर तक धर्मपुर और सुबाथू परिसरों में 34वां वार्षिक समारोह बड़े उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों की कला, प्रतिभा और समर्पण की अनूठी छवि प्रस्तुत करते हुए उनके कौशल और मेहनत का उत्सव था। समारोह का शुभारंभ धर्मपुर परिसर के दो प्रमुख स्थलों 'द कोलोसियम' और 'संत स्टेडियम' में हुआ, जहां दिनभर विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की गईं।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, समारोह के मुख्यातिथि थे। भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल विनीत गौर (सेवानिवृत्त) और विधायक विनोद सुल्तानपुरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना के सिस्टर स्कूल 'सैली बी हॉवर्ड स्कूल' के संदीप अग्रवाल (सहायक निदेशक एवं डीन), सुश्री प्रतिभा रानी (डायरेक्टर ऑफ इन्स्ट्रक्शन), चार शिक्षक और चार छात्र विशेष रूप से भारत आए और समारोह में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय रंग मिला।



कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र।

दिन की शुरुआत 'द कोलोसियम' सभाभवन में सिम्फनी ऑर्केस्ट्रा द्वारा 'एक्सोडस', 'फाइनल काउंटडाउन' और 'बेला सियाओ' जैसे मधुर संगीत से हुई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट 2025 प्रस्तुत की। इसके बाद पश्चिमी गीत 'हकुना मटाटा' और 'कल्पना' ने खुशी और उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया। नाटक 'समय 2.0' ने गीता के श्लोक 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' के माध्यम से सही मार्ग चुनने की प्रेरणा दी। दिन का समापन भक्त प्रह्लाद की कथा पर आधारित नृत्य-नाटिका से हुआ, जिसने विश्वास और भक्ति की शक्ति को प्रभावशाली रूप से दर्शाया।

'संत स्टेडियम' में आयोजित सायंकालीन कार्यक्रम भव्य रोशनी और जीवंत ऊर्जा के साथ शुरू हुआ। स्कूल रॉक बैंड ने धूम मचाई, जबकि ब्वॉयज ब्रास बैंड और गर्ल्स पाइप बैंड की लयबद्ध प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। छात्र परिषद के आठ सदस्यों ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें अकादमिक, सांस्कृतिक और खेल उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण दिया गया। बकेट ड्रमिंग की थाप से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। जिम्नास्टिक प्रदर्शन में 'चेयर वर्क', 'फ्रंट समरसॉल्ट', 'फिश डाइव' और 'स्टैंडल' जैसे करतबों ने तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी।

## सोलन कॉलेज के रोवर्स ने स्टेट निपुण टेस्टिंग कैंप में हासिल की सफलता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत स्काउट एंड गाइड्स हिमाचल प्रदेश के स्टेट लेवल निपुण टेस्टिंग कैंप में राजकीय महाविद्यालय सोलन के तीन रोवर्स कानव मेहता, मयंक और नीतीश कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। यह कैंप 9 से 13 अक्तूबर 2025 तक स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर (मंडी) में आयोजित हुआ। कैंप में ट्रेकिंग, हस्त कौशल, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, जीवन कौशल और सामाजिक गतिविधियों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। रोवर यूनिट प्रभारी डॉ. एनआर कश्यप ने बताया कि तीनों रोवर्स ने कड़ी मेहनत के बाद सफलता हासिल की है, जो महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने विद्यार्थियों के भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आवाहन किया, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।




# पढ़ाई से प्लेसमेंट तक सरकार का फोकस : नायब सिंह सैनी

## बाबा मस्तनाथ विवि के दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री ने गिनाई शिक्षा और रोजगार की उपलब्धियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा में सुधार और युवाओं को रोजगार देने के लिए समर्पित है। सरकार का उद्देश्य छात्रों को केवल डिग्री नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख शिक्षा देना है, ताकि वे समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। मुख्यमंत्री बुधवार को बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर (रोहतक) के चौथे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने मेधावी छात्रों को डिग्रियां और पदक प्रदान किए। इस अवसर पर राज्य के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी भी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी शिक्षण संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव होता है और यह विद्यार्थियों के जीवन में नया अध्याय जोड़ता है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विकास और शिक्षा क्षेत्र में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि 1957 में स्थापित बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक महाविद्यालय आज एक बहुविषयक विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हो चुका है, जहां आयुर्वेद, इंजीनियरिंग, कानून, नर्सिंग और मानविकी जैसे क्षेत्रों में शिक्षा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हरियाणा में 80 नए कॉलेज, जिनमें से 30 कॉलेज लड़कियों के लिए, और 13 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, 15 नए सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थान भी खोले गए हैं। तकनीकी संस्थानों की संख्या 28 से बढ़कर 43 हो गई है और उनकी प्रवेश क्षमता 11,985 से बढ़कर 16,434 तक पहुंच गई है।

मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी 6 से बढ़कर 17 हो गई है, और एमबीबीएस सीटें 700 से बढ़कर 2,435 हो गई हैं। ये सभी प्रयास इस दिशा में हैं कि हर विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार का अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने बिना पर्ची और खर्ची के अब तक 1.80 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है और अगले कार्यकाल में 2 लाख नौकरियों का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से न केवल युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है, बल्कि उन्हें रोजगार सुरक्षा भी प्रदान की जा रही है।

# संगीत, नृत्य और उमंग से गूंजा डॉल्फिन पीजी कॉलेज का 'शांग्रीला 2025' फ्रेशर्स ईव

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



डॉल्फिन पीजी कॉलेज में रंग-बिरंगी रोशनी, संगीत और युवाओं के उत्साह से भरा माहौल उस समय देखने को मिला, जब विद्यार्थियों ने अपने वार्षिक फ्रेशर्स ईव 'शांग्रीला 2025' का आयोजन किया। यह आयोजन सांस्कृतिक विविधता, उत्साह और एकजुटता का एक शाम था।

इस समारोह में डॉल्फिन पीजी कॉलेज के चेयरमैन डॉ. विनोद मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ डॉ. वीना मित्तल (मैनेजिंग डायरेक्टर), इंजी. विभव मित्तल (वाइस चेयरमैन), चेतना मित्तल (प्रो-वाइस चेयरपर्सन) और सुश्री प्रद्न्या मित्तल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए, प्राचार्य डॉ. मनु ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास पर कॉलेज के फोकस पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में, डॉ. विनोद मित्तल ने छात्रों से अनुशासन, नवाचार और टीम वर्क को सफलता की कुंजी मानने का आग्रह किया। डीन अकादमिक डॉ. मलकीत सिंह ने संस्थान के निरंतर विकास पर विचार किया और प्रबंधन को उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। शाम की शुरुआत भारत की क्षेत्रीय विविधता को प्रदर्शित करने वाले ऊर्जावान समूह नृत्यों से लेकर डीजे टाइटेनियम के थिरकाने वाले संगीत तक, जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शनों की एक शृंखला के साथ हुई। इन प्रदर्शनों ने दर्शकों की जोरदार तालियां बटोरीं, जिसमें डॉल्फिन परिसर की जीवंतता और एकता झलक रही थी। कार्यक्रम के समापन पर, छात्रों और शिक्षकों ने समान रूप से शांग्रीला 2025 की भावना का जश्न मनाया, जो याद दिलाता है कि डॉल्फिन पीजी कॉलेज में शिक्षा कक्षाओं से आगे बढ़कर आनंद, रचनात्मकता और एकजुटता को अपनाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्लोबल डिवाइन लाइट हाउस का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर 27-बी स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में नव-निर्मित 'ग्लोबल डिवाइन लाइट हाउस' का विधिवत उद्घाटन एक दिव्य और उत्साहपूर्ण समारोह के बीच हुआ। यह आध्यात्मिक केंद्र आत्मिक जागरूकता, आंतरिक शांति और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बनकर उभरा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु, गणमान्य अतिथि और ब्रह्माकुमारी प्रतिनिधि शामिल हुए। हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने इसे 'आध्यात्मिक प्रकाश का स्तंभ' बताते हुए कहा, 'ब्रह्माकुमारी संस्थान का शांति मिशन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को नई दिशा देगा और समाज में नैतिक मूल्यों व सकारात्मक सोच को पुनः स्थापित करेगा।' आयोजिका बीके पूनम ने इसे आत्मिक उन्नति और मन की शांति की खोज में एक दिव्य ऊर्जा केंद्र बताया। दिल्ली से आई महिला विंग की चेयरपर्सन चक्रधारी दीदी ने सेवा भाव और संकल्पों की महत्ता पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में भ्राता कर्मचंद ने ग्लोबल डिवाइन लाइट हाउस को समाज के लिए एक प्रकाश स्तंभ करार देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

### कुंदन इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया 19वां संस्थापक दिवस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर 46-बी स्थित कुंदन इंटरनेशनल स्कूल ने अपने संस्थापक राय साहिब कुंदन लाल की स्मृति में 19वां संस्थापक दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्यातिथि म्युनिसिपल कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस थे। 'विकसित भारत-द डेवलपिंग इंडिया' थीम पर छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें गुरुकुल से डिजिटल युग, हरियाली से नगरीकरण और नारी सशक्तिकरण जैसे विषय शामिल थे। विद्यालय की प्रिंसिपल योगेश जाडली ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उत्कृष्ट छात्रों तथा शिक्षकों को सम्मानित किया। मंजोत कौर और सत्यंम कौशिक को टॉपर के रूप में सम्मान मिला। ईशमीत सिद्धू को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' और प्रथम कुमार को 'डिजिटल डायनामो' अवॉर्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम का समापन भांगड़ा और शिक्षकों के ग्रैंड फिनाले के साथ हुआ, जो विद्यालय की एकता और उत्साह को दर्शाता था।



# एमसीएम कॉलेज में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**एजेंसी, चंडीगढ़**



मेहर चंद महाजन डीएवी महिला कॉलेज में यूथ वेलफेयर, कल्चरल, स्टूडेंट वेलफेयर कमेटी और एनएसएस ने मिलकर रंगारंग दिवाली उत्सव मनाया। इस आयोजन का उद्देश्य महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने किया।

उत्सव में 80 से अधिक महिला उद्यमियों ने स्वादिष्ट व्यंजन, आभूषण, परिधान, चित्रकला और गृह सज्जा सामग्री के स्टॉल लगाए। 'सर्वश्रेष्ठ महिला उद्यमी पुरस्कार' के तहत उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए मजेदार खेल, ओपन माइक, डीजे इवनिंग और अन्य गतिविधियां भी शामिल थीं। विशेष रूप से, आरजे मीनाक्षी ने अपनी ऊर्जा से सभी का मन मोह लिया। सायंकालीन सत्र में नगर निगम के विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में उद्यमशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करते हैं।

# हिंदू संगठनों ने की गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस मनाने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित नगर कीर्तन का आयोजन इस बार हिंदू संगठनों के सहयोग से किया जाएगा। यह घोषणा प्रेस क्लब चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जत्थेदार बाबा कुलविंदर सिंह (96 करोड़ी), परमिंदर भट्टी और एडवोकेट केतन शर्मा ने की। नगर कीर्तन श्री दरबार साहिब अमृतसर से शुरू होकर दिल्ली के चांदनी चौक स्थित गुरुद्वारा शीशगंज साहिब तक निकाला जाएगा। इस मार्ग में निशान साहिब, पंज प्यारे और श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। विभिन्न स्थानों पर नगर कीर्तन का गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कार्यालय तक कुछ महत्वपूर्ण मांगें भी पहुंचाई जाएंगी, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग का नाम गुरु तेग बहादुर जी के नाम परकरण, स्कूलों में सिख गुरुओं की प्राथमिकता से पढ़ाई और चांदनी चौक में एक स्मारक कॉरिडोर का निर्माण शामिल है। जत्थेदार बाबा कुलविंदर सिंह ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में इस ऐतिहासिक नगर कीर्तन में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में कई धार्मिक और सामाजिक नेता उपस्थित थे।

# सीयू एक्स मास्टरक्लास में स्क्रूवाला ने स्टूडेंट्स को दिए करियर टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंडीगढ़/मोहाली**



चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने सीयू एक्स मास्टरक्लास की शुरुआत की। यह पहल छात्रों को कक्षा की पढ़ाई और वास्तविक इंडस्ट्री अनुभव के बीच की दूरी को पाटने के लिए डिज़ाइन की गई है। इस मंच के माध्यम से देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ छात्रों को इंटरैक्टिव सेशन्स, मास्टरक्लास और नॉलेज शेयरिंग के माध्यम से प्रशिक्षित व प्रेरित करेंगे।

इस मास्टरक्लास का उद्घाटन प्रमुख फिल्म निर्माता, एंटरप्रेन्योर, समाजसेवी और अपग्रेड के चेयरमैन एवं को-फाउंडर रोनी स्क्रूवाला ने किया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर हरविंदर सिंह संधू भी मौजूद रहे। स्क्रूवाला ने मीडिया, शिक्षा और सामाजिक उद्यमिता में अपने अनुभव साझा किए और कहा कि सीयू एक्स मास्टरक्लास आने वाली पीढ़ी के लिए इनोवेशन और नेतृत्व का मंच बनेगा।

मास्टरक्लास के माध्यम से मीडिया, टेक्नोलॉजी, डिजाइन, एंटरप्रेन्योरशिप, फाइनेंस, पब्लिक पॉलिसी जैसे क्षेत्रों के दिग्गज छात्रों के साथ अपने अनुभव और विचार साझा करेंगे। यह मंच छात्रों को पारंपरिक पढ़ाई से आगे जाकर करियर रुझानों और समस्या समाधान में मदद करेगा।

## देश-विदेश

# बिहार चुनाव : जेडीयू ने जारी की पहली लिस्ट

## 57 कैंडिडेट्स के नाम, 4 विधायकों के टिकट काटे, 23 नए चेहरे, मुस्लिम एक भी नहीं, 3 बाहुबली मैदान में

**एजेंसी, पटना**

**बिहार** में विधानसभा चुनाव के लिए जेडीयू ने बुधवार को अपने 57 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 3 बाहुबलियों को टिकट दिया है। मोकामा से अनंत सिंह, एकमा से धुमल सिंह, कुचाएकोट से अमरेंद्र पांडेय को उतारा है।

लिस्ट में एक भी मुस्लिम नाम नहीं है। 10 अनुसूचित जातियों के कैंडिडेट्स को उतारा है। लिस्ट में 6 मंत्री भी हैं। 4 महिलाओं को भी टिकट मिला है। इसके अलावा चिराग के दावे वाली 5 सीटों सोनबरसा, अलौली, राजगीर, एकमा और मोरबा पर भी जेडीयू ने कैंडिडेट उतारे हैं। पहली लिस्ट में 18 विधायकों को रिपीट किया गया है। 2 विधायकों का टिकट कटा है। सकरा से आदित्य कुमार और बरबीघा से सुदर्शन कुमार। नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी के लिए अपनी सिटिंग सीट छोड़ दी है। पिछली बार तारापुर जेडीयू के खाते में थी। इस बार यहां से बीजेपी कोटे से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी लड़ेंगे। वहीं, परबत्ता सीट भी जेडीयू ने गठबंधन के लिए छोड़ी है। 2020 में परबत्ता जदयू के खाते में थी। 2020 में सबसे कम 12 वोटों से चुनाव जीते कृष्ण मुरारी शरण ऊर्फ प्रेम मुखिया को फिर से हिलसा से टिकट दिया गया है। 2025 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राज्य पहले फेज के लिए 6 नवंबर को 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। सरायरंजन से विजय कुमार चौधरी के बेटे के चुनाव लड़ने की सूचना थी, लेकिन पार्टी ने फिर से मंत्री विजय चौधरी को ही उतारा है। मंत्री महेश्वर हजारी के टिकट कटने की चर्चा चल रही थी, लेकिन पार्टी ने फिर से भरोसा जताया है। कल्याणपुर से टिकट दिया है। पार्टी ने मंत्री श्रवण कुमार को नालंदा, मदन सहनी को बहादुरपुर, महेश्वर हजारी को कल्याणपुर और सुनील कुमार को भोरे, सोनबरसा से रत्नेश सदा को मैदान में उतारा है। (अनंत ज्ञान)

# चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने जारी की सूची

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को चार राज्यों की 5 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इनमें एक मुस्लिम चेहरा भी शामिल है। भाजपा ने चार राज्यों की पांच सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बुधवार को भाजपा महासचिव अरुण सिंह की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक, भाजपा ने झारखंड की घाटशिला (एसटी) सुरक्षित सीट से बाबूलाल सोरेन, जम्मू-कश्मीर की बडगाम सीट से आगा सैयद मोहसिन और नगरोटा से देवयानी राणा को उम्मीदवार बनाया है। ओडिशा की नुआपाड़ा सीट से जय ढोलकिया और तेलंगाना की जुबली हिल्स सीट से लंकाला दीपक रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय मूल का अमेरिकी अधिकारी एश्ले गिरफ्तार

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी विदेश विभाग के सीनियर एडवाइजर एश्ले टेलिस को गिरफ्तार किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन पर देश की सुरक्षा से जुड़े गोपनीय डॉक्यूमेंट्स अपने पास रखने और चीनी अधिकारियों से सीक्रेट मुलाकात का आरोप है। 64 साल के टेलिस के वर्जीनिया वाले घर से एफबीआई को 1,000 से ज्यादा पेज के सीक्रेट दस्तावेज मिले हैं। अगर वे दोषी पाए गए तो 10 साल जेल और 2.5 लाख डॉलर (करीब 2 करोड़ रुपए) का जुर्माना हो सकता है। टेलिस की सुनवाई वर्जीनिया कोर्ट में होगी। (अनंत ज्ञान)

# जुबिन गर्ग मामला: पांचों आरोपी न्यायिक हिरासत में

**एजेंसी, गुवाहाटी।** प्रसिद्ध गायक जुबीन गर्ग की मौत से जुड़े मामले में अदालत ने आज पांचों आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। इन आरोपितों में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत, जुबिन के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, उनके चचेरे भाई संदीपन गर्ग और निजी अंगरक्षक नंदेश्वर बोरा व परेश बैश्य शामिल हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप कोंवर ने मीडिया से कहा कि अब तक किसी भी आरोपित ने जमानत के लिए आवेदन नहीं किया है। वहीं, श्यामकानु महंत, सिद्धार्थ शर्मा और तीन अन्य आरोपितों को बाक्सा जिले के निकासी जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। अधिवक्ता कोंवर ने यह भी बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब तक श्यामकानु महंत की हिरासत की मांग नहीं की है। आरोपितों को राज्य से बाहर सुरक्षा कारणों से स्थानांतरित करने का निर्णय जांच एजेंसियों के अनुरोध पर अदालत द्वारा लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# श्रीलंका की प्रधानमंत्री आज आएंगी भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर वीरवार को यहां आ रहीं हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार वह 16-18 अक्तूबर तक भारत की यात्रा करेंगी। प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। श्रीलंका की प्रधानमंत्री आपसी हित के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भारतीय राजनीतिक नेताओं से मुलाकात करेंगी। डॉ. हरिनी अमरसूर्या शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के रास्ते तलाशने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के साथ-साथ नीति आयोग का भी दौरा करेंगी। (अनंत ज्ञान)

# संतरागाछी एक्सप्रेस में महिला से दुष्कर्म

**एजेंसी, अमरावती।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर और पेद्दाकुरापाडु रेलवे स्टेशनों के बीच एक पैसेंजर ट्रेन में महिला के साथ रेप की घटना सामने आई है। आरोपी ने चाकू दिखाकर महिला से रेप किया। उसने पीड़ित के 5500 से ज्यादा रुपए और फोन भी लूट लिया। घटना 13 अक्तूबर को हुई जब राजामहेंद्रवरम की रहने वाली महिला, यहा चरलापल्ली जाने के लिए संतरागाछी स्पेशल एक्सप्रेस में सवार हुई। पीड़ित, महिला कोच में थी और शुरुआत में अकेली यात्रा कर रही थी। (अनंत ज्ञान)

# तमिलनाडु सरकार हिंदी पर बैन लगाने वाला बिल लाएगी

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु में सीएम एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार राज्य में हिंदी भाषा के इस्तेमाल पर बैन लगाने वाला बिल विधानसभा में पेश कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार पूरे तमिलनाडु में हिंदी होर्डिंग्स, बोर्ड, फिल्मों और गानों पर बैन लगाना चाहती है। सरकार ने इस बिल पर चर्चा के लिए मंगलवार रात कानूनी विशेषज्ञों के साथ एक इमरजेंसी मीटिंग बुलाई थी। तमिलनाडु विधानसभा का विशेष सत्र 14 अक्तूबर से शुरू हुआ है। यह 17 अक्तूबर को खत्म होगा। इसमें अनुपूरक बजट अनुमान भी पेश किए जाने की उम्मीद है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और केंद्र के बीच लंबे समय से राज्य में हिंदी भाषा के इस्तेमाल को लेकर तकरार चल रही है। इस साल मार्च में सीएम स्टालिन ने स्टेट बजट 2025-26 के सिंबल से रुपए का सिंबल ' हटाकर तमिल अक्षर' (तमिल भाषा में रुपए को दर्शाने वाले 'रुबाई' का पहला अक्षर) लगा दिया था। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान-अफगान में फिर हिंसक झड़प

# अफगानिस्तान में 12 की मौत, 100 नागरिक घायल

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुरक्षाबलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को फिर झड़पें हुईं। एपी के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में सीमा पर दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया है। अफगानिस्तान के तालिबान प्रवक्ता मावलवी जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि आज सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। इस हमले में 12 आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा घायल हो गए। इस लड़ाई में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के पोस्ट पर कब्जा करने का दावा किया है। साथ ही टैंकों के नुकसान की भी खबर है। पाकिस्तानी सरकारी मीडिया ने तालिबान पर बिना उकसावे के पहली गोली चलाने का आरोप लगाया। वहीं, अफगानिस्तान समर्थित सोशल हैंडल ने दावा किया कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान में उन जगहों को निशाना बनाया है जहां से अफगानिस्तान के लिए खतरा पैदा होता है। इसके साथ ही 7 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की भी बात कही। (अनंत ज्ञान)

# जैसलमेर बस अग्निकांड : मृतकों की संख्या 21 पहुंची

## एक मासूम ने तोड़ा दम, पांच लोग वेंटिलेटर पर और आठ की हालत नाजुक

**एजेंसी, जोधपुर**

**जोधपुर** जैसलमेर रोड थईयात गांव के पास में मंगलवार दोपहर हुए निजी बस अग्निकांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है, क्योंकि बुधवार दोपहर में एक और मासूम दस वर्षीय यूनिस की मृत्यु हो गई। वहीं, दो अधिकारी सस्पेंड कर दिए हैं। अब तक 19 शवों को जोधपुर लाकर एमजी अस्पताल और एम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।



डीएनए परीक्षण के बाद शव परिजन को सुपुर्द किए जाएंगे। अब 14 लोगों का उपचार चल रहा है। जिले के प्रभारी मंत्री मदन दिलावर एमजीएच पहुंचे और घायलों की कुशलक्षेम पूछने के साथ चिकित्सकीय व्यवस्था की जानकारी ली। एमजीएच अधीक्षक डॉ. फतेह सिंह भाटी ने बताया कि नौ शव एमजीएच और दस शवों को एम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। एक शव पहले से ही जोधपुर में मौजूद है। घायलों में पांच लोग वेंटिलेटर पर और आठ की हालत नाजुक बनी है। डॉक्टर भाटी ने बताया कि हर मरीज पर सघन निगरानी के साथ इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ पूरी तरह मुस्तैद है। मरीजों की विशेषज्ञ डॉक्टर्स देखरेख कर रहे हैं। अब तक पहचान न होने वाले शवों को जोधपुर लाया गया है, ताकि उनकी डीएनए जांच की जा सके। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को दोपहर साढ़े तीन बजे के आसपास जैसलमेर से जोधपुर की तरफ आ रही एक निजी बस के एसी में शार्ट सर्किट के बाद भीषण आग लग गई थी, हादसे में बीस लोगों की जलकर मौत हो गई। 15 लोग गंभीर और सामान्य तौर पर झुलस गए थे। बस में 57 लोग सवार थे। बस का इसी माह रजिस्ट्रेशन हुआ था और एकदम नई बस थी। रात में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहले जैसलमेर फिर जोधपुर के एमजी अस्पताल पहुंचे थे। (अनंत ज्ञान)

# भारत और सऊदी अरब रसायन व पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और सऊदी अरब ने रसायन एवं पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने, निवेश को बढ़ावा देने और सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज करने का निर्णय लिया है।

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने रसायन एवं पेट्रोरसायन क्षेत्र में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के लिए सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज मंत्रालय के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की। बैठक की अध्यक्षता सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज उप मंत्री खलील बिन इब्राहिम बिन सलामाह और केंद्रीय रसायन एवं पेट्रोरसायन सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा ने की। बैठक के दौरान द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने, निवेश को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज पर चर्चा हुई। अनुसंधान एवं विकास के साथ-साथ कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग करने पर सहमत हुए। सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। (अनंत ज्ञान)





# पूर्व सैनिकों और आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता सौ फीसदी बढ़ेगी, रक्षा मंत्रालय की मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से पूर्व सैनिक कल्याण विभाग की योजनाओं में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 फीसदी वृद्धि को मंजूरी दे दी है। विवाह अनुदान को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपए प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। इसके अलावा गरीबी अनुदान को दोगुना कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार गरीबी अनुदान को दोगुना करके प्रति लाभार्थी 4,000 रुपए से 8,000 रुपए प्रति माह कर दिया गया है। इसलिए अब उन 65 वर्ष से अधिक आयु के गैर-पेंशनभोगी पूर्व-सैनिकों और उनकी विधवाओं को आजीवन निरंतर सहायता मिलेगी, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है। इसके अलावा दो आश्रित बच्चों (कक्षा 1 से स्नातक तक) या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही विधवाओं के लिए शिक्षा अनुदान 1,000 रुपए से बढ़ाकर 2,000 रुपए प्रति व्यक्ति प्रतिमाह कर दिया गया है। विवाह अनुदान को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपए प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# मैक्सिको में बाढ़ से पूरा गांव बहा, 60 से ज्यादा लोगों की मौत

**एजेंसी, मैक्सिको सिटी**

**मैक्सिको** में बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही मची हुई है। बाढ़ के चलते 400 लोगों का एक पूरा गांव नक्शे से साफ हो गया है और कई इलाकों का संपर्क टूट गया है। लोग ऊंचे इलाकों पर फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित निकाला जा रहा है। सेना के हजारों जवान और नागरिक कार्यकर्ता लोगों को बचाने और सड़कों को फिर से शुरू करने के काम में जुटे हैं। मैक्सिको सरकार ने पुष्टि की है कि बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 64 लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों अभी लापता हैं। एक



पीड़िता ने बताया कि 'कुछ नहीं बचा, सबकुछ तबाह हो गया। पुल, मकान, सड़कें सबकुछ चला गया है।' अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दूर-दराज के इलाकों में सैकड़ों से लेकर हजारों तक लोग लापता हैं और भारी तबाही की आशंका है। मैक्सिको के पश्चिमी तट पर दो उष्णकटिबंधीय तूफानों के मिलने की वजह से मैक्सिको में भारी बारिश हुई। इससे नदियां उफान पर हैं और पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन हो रहा है। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता सड़कों को फिर से खोलना और हवाई ब्रिजों को सुरक्षित करना है, जिससे लोगों को राशन की आपूर्ति हो सके और उन्हें सुरक्षित बचाया जा सके। सरकार और सेना द्वारा लोगों को बचाने की भरसक कोशिश की जा रही है, लेकिन कई लोगों ने मिलकर खुद ही बचाव की कोशिशें शुरू कर दी हैं। कई लोगों ने अमेरिका में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से मदद मांगी है, जिन्होंने किराए पर हेलिकॉप्टर लेकर लोगों को बचाया। भारी तबाही से कई इलाके संपर्क से कट गए हैं और वहां पहुंचने के लिए सेना के जवानों को पहुंचने के लिए 6-7 घंटे पैदल चलकर जाना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

## कुलदीप यादव ने रैंकिंग में मारी छलांग राशिद खान फिर बने नंबर वन गेंदबाज

**एजेंसी, दुबई।** भारत के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में आठ विकेट लेकर आईसीसी की टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 14वीं रैंकिंग हासिल की है। कुलदीप ने सात स्थान की छलांग लगाई है। वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन और कप्तान रोस्टन चेज भी क्रमशः 30वें और 57वें स्थान पर आगे बढ़े। बल्लेबाजी में भारत के यशस्वी जायसवाल ने 175 रन की पारी के दम पर पांचवां स्थान पाया, जबकि केएल राहुल भी 33वें स्थान पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज के शाई होप और जॉन कैम्पबेल ने भी रैंकिंग में सुधार किया। एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में अफगानिस्तान के राशिद खान ने बांग्लादेश पर 3-0 की सीरीज जीत में 11 विकेट लेकर शीर्ष स्थान फिर हासिल किया है। राशिद के 710 रेटिंग अंक हैं, जो दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज से 30 अंक अधिक हैं। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो

### कतर और सऊदी अरब ने विश्व कप का टिकट कटाया

**एजेंसी, दोहा।** कतर और सऊदी अरब ने एशियाई क्वालीफाइंग में अपने अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करके अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित कर ली। कतर ने चौथे दौर के मैच में दोहा में संयुक्त अरब अमीरात को 2-1 से हराया जबकि सऊदी अरब ने जेद्दा में इराक के साथ गोल रहित ड्रॉ खेला, जिससे वे 48 टीमों के विश्व कप के लिए एशिया से क्वालीफाई करने वाली सातवीं और आठवीं टीम बन गईं। कतर दूसरी बार विश्व कप में भाग लेगा। पिछली बार मेजबान होने के कारण वह पहली बार विश्व कप में खेला था। इस तरह से यह पहला अवसर है जबकि उसने क्वालिफिकेशन के जरिए विश्व कप में जगह बनाई। सऊदी अरब सातवीं बार विश्व कप में भाग लेगा। कतर और सऊदी अरब से पहले एशिया से जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने जून में ही विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया था। (अनंत ज्ञान)

### नॉर्वे शतरंज के आयोजकों ने किया शतरंज विश्व चैम्पियनशिप टूर शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नॉर्वे शतरंज के आयोजकों ने बुधवार को टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर को शुरू करने की घोषणा की, जिसमें हर साल चार प्रतियोगिताएं होंगी और तीनों प्रारूप फास्ट क्लासिक, रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में एक संयुक्त चैंपियन होगा। नॉर्वे शतरंज के सीईओ केजेल मैडलैंड ने कहा कि टूर्नामेंट के लिए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के साथ एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह प्रतियोगिता 2027 से प्रत्येक साल आयोजित की जाएगी। मैडलैंड ने कहा, "हमें उम्मीद है कि यह (टोटल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप टूर) पूरे शतरंज कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक बन जाएगा। "उन्होंने कहा कि क्लासिकल प्रारूप में आयोजित होने वाली विश्व चैंपियनशिप और टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर एक साथ चलेंगे, क्योंकि इसे फिडे से मंजूरी मिल गई है। (अनंत ज्ञान)

### हेना कुर्तागीक का खास अंदाज

बेलग्रेड में जन्मी हेना कुर्तागीक एक सर्बियाई वॉलीबॉल खिलाड़ी है, जिन्हें मिडिल ब्लॉकर के रूप में उनकी दक्षता के लिए जाना जाता है। 1.80 मीटर लंबी कुर्तागीक क्लब और राष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं में एक मजबूत उपस्थिति रही है।



## महिला वनडे विश्व कप: ऑस्ट्रेलिया सात अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर

# बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

अब तक प्रत्येक मैच में दबदबा बनाए रखने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके महिला वनडे विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। ऑस्ट्रेलिया चार मैचों में तीन जीत और कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द किए गए मैच में अंक बांटने के बाद सात अंक लेकर विश्व कप तालिका में शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस मैच में भारत के खिलाफ पिछले मैच में जीत हासिल करने के बाद उतरेगी।

यदि प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया के फॉर्म को लेकर कोई संदेह था तो एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम ने महिला वनडे में विश्व रिकॉर्ड बनाकर इस संदेह को दूर कर दिया था इस प्रारूप में संभावित आठवीं खिताबी जीत की अपनी मंशा जाहिर कर दी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 331 रन का लक्ष्य रखा था। हीली ने 102 गेंदों पर 21 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 142 रन की आक्रामक पारी खेली, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने एक ओवर शेष रहते सात विकेट पर 331 रन बना लिए। इससे ऑस्ट्रेलिया ने प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी टीमों के लिए खतरे की घंटी बजा दी। यह मैच तब समाप्त हुआ जब एलिस पेरी ने छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की, लेकिन इससे पहले इस ऑलराउंडर को ऐंठन के कारण क्रीज छोड़नी पड़ी थी। ऑस्ट्रेलिया अपनी इस स्टार खिलाड़ी को लेकर किसी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहेगा और वह उन्हें कल के मैच में विश्राम दे सकता है। ऑस्ट्रेलिया भी अपनी गेंदबाजी में सुधार करना चाहेगा, क्योंकि उसने यहां बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 330 रन दे दिए हैं, खासकर इसलिए क्योंकि स्कोरबोर्ड का दबाव किसी भी दिन विपरीत प्रभाव डाल सकता है।

प्रतियोगिता में लगभग हर अन्य टीम की तुलना में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के कौशल में भारी अंतर के बावजूद उन्हें इस तथ्य से सावधान रहना होगा कि बांग्लादेश ने अपने पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर दी थी, लेकिन वह मैच तीन विकेट के मामूली अंतर से हार गया था। बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना ने स्पिनरों का अच्छा इस्तेमाल किया लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका को जीत हासिल करने से नहीं रोक पाया। इसके बावजूद इस मैच से बांग्लादेश का मनोबल बढ़ा होगा क्योंकि उसके बल्लेबाजों ने पहले की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया। बांग्लादेश को अगर ऑस्ट्रेलिया के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उसके बल्लेबाजों को फिर से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। (अनंत ज्ञान)



**मैच : दोपहर 3.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**ऑस्ट्रेलिया:** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी (विकेटकीपर), जॉर्जिया वोल, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, ताहलिया मैक्ग्रा, सोफी मोलिनी, एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड, डार्सी ब्राउन, मेगन स्कट, जॉर्जिया वेयरहैम।

**बांग्लादेश:** निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), फरगना हक, शोभना मोस्तरी, रुब्या हैदर, शर्मिन अख्तर, राबेया खान, रितु मोनी, शोर्ना अख्तर, सुमैया अख्तर, फाहिमा खातून, फरिहा त्रिस्ना, मारूफा अख्तर, नाहिदा अख्तर, निशिता अख्तर निशि, संजीदा अख्तर मेघला।

## वुमंस वर्ल्डकप: इंग्लैंड के 79 रन पर 7 बैटर्स आउट



**एजेंसी, नई दिल्ली**

वुमंस वनडे वर्ल्ड कप के 16वें मैच में इंग्लैंड का सामना पाकिस्तान से हो रहा है। टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले बॉलिंग करने का फैसला किया है। टीम ने कप्तान फातिमा सना के 3 विकेट की बदौलत 79 रन पर 7 विकेट गिरा दिए हैं।

बारिश के बाद मैच 8:30 बजे दोबारा शुरू होगा। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 25 ओवर का खेल हो चुका है। इंग्लैंड विमेंस ने टूर्नामेंट में अब तक खेले तीनों मैच में जीत दर्ज की है। टीम 6 प्वॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं पाकिस्तान तीनों मैच हारकर आखिरी पायदान पर है। वनडे में पाकिस्तान इंग्लैंड को आज तक नहीं हरा पाई है। दोनों के बीच 15 मैच खेले गए हैं। इसमें इंग्लैंड ने 13 जीते। जबकि 2 मैच बेनतीजा रहे। वर्ल्ड कप में आखिरी बार इंग्लैंड-पाकिस्तान के बीच मैच 2009 में खेला गया था। यहां इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 78 रन पर समेट दिया था। टीम ने यह मैच 8 विकेट से जीता था।

इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट टीम की टॉप बैटर हैं। उन्होंने 3 मैच में 94.30 की स्ट्राइक रेट से 149 रन बनाए हैं। ब्रंट ने एक सेंचुरी भी लगाई है। सोफी एक्लस्टन टूर्नामेंट की सेकेंड टॉप विकेट टेकर है। उन्होंने 3 मैच में 2.30 इकोनॉमी से 9 विकेट लिए हैं। सोफी से आगे केवल ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड हैं। उनके नाम 10 विकेट हैं। सिदरा अमीन पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर हैं। उन्होंने 3 मैच में 116 रन बनाए हैं। एक फिफ्टी भी लगाई है। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना हुई टीम इंडिया, कोहली-रोहित शर्मा भी आए नजर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के 24 घंटे के भीतर ही ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरनी पड़ी, जहां उन्हें 19 अक्टूबर से वनडे सीरीज खेलनी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 वनडे मैच और 5 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। टीम इंडिया का शेड्यूल काफी व्यस्त है, जिसके कारण खिलाड़ियों को आराम करने का मुश्किल से ही कोई मौका मिल पा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस वनडे सीरीज में सभी की निगाहें दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा पर होंगी, जो मार्च 2025 के बाद पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उनके लौटने से टीम इंडिया की बल्लेबाजी को मजबूती मिलने की उम्मीद है। टीम इंडिया ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी, जहां बड़ी संख्या में फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए उमड़े।

टीम इंडिया के खिलाड़ियों को लगातार हो रहे क्रिकेट मैचों के कारण काफी ज्यादा ट्रैवल करना पड़ रहा है। यह व्यस्तता यहीं नहीं थमेगी। ऑस्ट्रेलिया का दौरा 8 नवंबर को ब्रिस्बेन में खत्म होगा, जिसके तुरंत बाद टीम को 14 नवंबर को कोलकाता में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच खेलना है। (अनंत ज्ञान)

## वेस्टइंडीज के खिलाफ हर विकेट पांच विकेट जैसा लगा : सिराज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में समाप्त हुए दूसरे टेस्ट मैच में उन्होंने जो भी विकेट लिया वह उन्हें पांच विकेट जैसा लगा, क्योंकि पिच गेंदबाजों के लिए अनुकूल नहीं थी। सिराज ने मंगलवार को समाप्त हुए मैच में तीन विकेट लिए, जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत हासिल करके सीरीज 2-0 से अपने नाम की।

अहमदाबाद में पहले टेस्ट में उन्होंने सात विकेट लिए थे। सिराज को इस शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में सिराज ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो यह सीरीज बहुत अच्छी रही। जब हम अहमदाबाद में खेले तो तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिली। दिल्ली में हमें काफी ओवर गेंदबाजी करनी पड़ी। हर विकेट (जो मैंने लिया) पांच विकेट जैसा लगा।''

उन्होंने कहा, ''एक तेज गेंदबाज के रूप में जब आपको अच्छे प्रयास करने के बाद पुरस्कार मिलता है तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और ड्रेसिंग रूम में इम्पैक्ट प्लेयर पुरस्कार जीतने के बाद आपको खुशी भी मिलती है।'' पिछले कुछ समय से भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के केंद्र में रहे सिराज ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनका पसंदीदा प्रारूप है।

उन्होंने कहा, ''किसी भी उपलब्धि के बाद में एक व्यक्ति के तौर पर बहुत गर्व महसूस करता हूं। मैं इस तरह का प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करूंगा क्योंकि टेस्ट क्रिकेट मेरा पसंदीदा प्रारूप है।''

सिराज ने कहा, ''टेस्ट क्रिकेट में आपके सामने बहुत सारी चुनौतियां होती हैं। आपको पूरा दिन मैदान पर बिताना पड़ता है तथा इसके लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार रहना होता है। टेस्ट क्रिकेट सबसे हटकर है लेकिन इसमें खेलने से मुझे बहुत मजा आता है और मैं गर्व भी महसूस करता हूं।'' (अनंत ज्ञान)

## गुवाहाटी की परिस्थितियां भारत के लिए हो सकती हैं विदेश जैसी : अश्विन

**एजेंसी, चेन्नई**

रविचंद्रन अश्विन ने देश में अच्छी पिचों वाले स्थायी टेस्ट केंद्र बनाने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच गुवाहाटी में होने वाला टेस्ट मैच परिस्थितियों से अनभिज्ञ होने के कारण दोनों टीमों के लिए विदेश में होने वाला मैच जैसा हो सकता है। गुवाहाटी का बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम भारत का सबसे नया टेस्ट स्थल बन जाएगा, जब यह 22 से 26 नवंबर तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की गत विजेता दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे और अंतिम मैच की मेजबानी करेगा।

अश्विन ने कहा कि वह इस मैदान पर खेलने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उन्होंने स्थायी टेस्ट केंद्र बनाने के विचार का समर्थन किया। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा भारतीय खिलाड़ियों में से किसी ने भी इस मैदान पर लाल गेंद का मैच नहीं खेला होगा। अश्विन ने अपने हिंदी यूट्यूब चैनल पर कहा, ''दक्षिण अफ्रीका चैंपियन के रूप में भारत आ रहा है लेकिन मुझे नहीं लगता कि उसका स्पिन विभाग बहुत मजबूत है और उसके पास ऐसे बल्लेबाज भी नहीं है जो स्पिनर को अच्छी तरह से खेल सकें। लेकिन हमें टेस्ट केंद्रों के बारे में बात करनी होगी। हम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ईडन गार्डन्स और गुवाहाटी में खेल रहे हैं।'' इस ऑफ स्पिनर ने कहा, ''विराट कोहली ने कई साल पहले कहा था कि हमारे पास मानक टेस्ट केंद्र होने चाहिए। मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि अब समय आ गया है कि हम इस पर गंभीरता से विचार करें। हमें स्थायी टेस्ट केंद्र और अच्छी पिचें तैयार करने की जरूरत है।'' (अनंत ज्ञान)



## द. अफ्रीका, आइवरी कोस्ट और सेनेगल ने विश्व कप में बनाई जगह


**एजेंसी, जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका, आइवरी कोस्ट और सेनेगल ने अफ्रीकी क्वालीफायर से अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप का टिकट कटा लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को रवांडा को 3-0 से हराकर अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह 2010 में विश्व कप की मेजबानी करने के बाद पहला अवसर होगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका इस टूर्नामेंट में भाग लेगा। दक्षिण अफ्रीका की जीत के कारण नाइजीरिया ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा और उसे प्लेऑफ के जरिए क्वालीफाई करना होगा, हालांकि उसने बेनिन को उसके घरेलू मैदान पर स्टार स्ट्राइकर विक्टर ओसिमेन की हैट्रिक के दम पर 4-0 से हराया था। आइवरी कोस्ट ने केनिया पर 3-0 की जीत के साथ स्वत: ही क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया। सेनेगल ने मॉरिटानिया को 4-0 से हराकर लगातार तीसरी बार विश्व कप में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)

## दर्शकों के लिए कोहली-रोहित को देखने का हो सकता है आखिरी मौका : कमिंस

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि भारत के खिलाफ रविवार से पर्थ में शुरू हो रही एकदिवसीय सीरीज विशेष है, क्योंकि यह ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों के लिए सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को खेलते हुए देखने का आखिरी मौका हो सकता है। पीठ की चोट से जूझ रहे 32 वर्षीय कमिंस इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे।

कमिंस ने कहा, ''विराट और रोहित पिछले 15 वर्षों से लगभग हर भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं, इसलिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रेमियों के लिए उन्हें यहां खेलते हुए देखने का यह आखिरी मौका हो सकता है।' उन्होंने कहा, ''वे निश्चित रूप से भारत के लिए खेल के चैंपियन रहे हैं और उन्हें हमेशा अच्छा समर्थन मिलता है। जब भी हम उनके खिलाफ खेलते हैं, दर्शक पूरे जोश में रहते हैं।''



इस शीर्ष तेज गेंदबाज ने कहा कि वह इस सीरीज में नहीं खेल पाने से वह काफी निराश है जिसमें एडिलेड और सिडनी में भी मैच होंगे। इसके बाद 29 अक्तूबर से पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेली जाएगी। उन्होंने कहा, ''भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में नहीं खेल पाना निराशजनक है। मुझे पूरा विश्वास है कि स्टेडियम खचाखच भरे होंगे। ऑस्ट्रेलिया में पहले से ही इस सीरीज को लेकर काफी उत्साह बना हुआ है। इस तरह की सीरीज में नहीं खेल पाना वास्तव में निराशाजनक होता है।'' बहरहाल, उन्होंने कार्यवाहक कप्तान मिशेल मार्श के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया को जिस दृष्टिकोण का पालन करना चाहिए, उस पर अपनी राय दी।

उन्होंने कहा, ''ये तीन मैच हैं जिन्हें आप जीतना चाहते हैं, लेकिन साथ ही यह उन युवा खिलाड़ियों को मौका देने से जुड़ा है जिन्होंने अभी तक विश्व कप नहीं खेला है। हमें विश्व कप से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी 15 सदस्यीय टीम क्या होगी और हम इसके लिए अच्छी स्थिति में हैं।'' तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के टेस्ट करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में कमिंस ने कहा कि वह इस फैसले के पीछे की सोच को समझते हैं। (अनंत ज्ञान)

## खेल मंत्रालय का बड़ा गेमप्लान पारदर्शिता की नई पिच तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खेल मंत्रालय ने बुधवार को प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 के तहत मसौदा नियम जारी करते हुए खेल संगठनों में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नए ढांचे के तहत तीन सदस्यीय राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) के गठन और खिलाड़ी सदस्यों (एसओएम) के लिए स्पष्ट पात्रता मानदंड प्रस्तावित किए गए हैं।

एनएसबी को देश के सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को मान्यता देने, उनके वित्तीय संचालन की निगरानी करने और अनियमितताओं पर दंड देने का अधिकार होगा। सरकारी अनुदान प्राप्त करने के लिए एनएसएफ को एनएसबी से मान्यता लेना अनिवार्य होगा। बोर्ड में एक अध्यक्ष और दो सदस्य होंगे, जिनका चयन एक विशेष समिति द्वारा किया जाएगा।

### खिलाड़ियों के लिए तय हुआ दस स्तरीय पात्रता मानदंड खेल मंत्रालय ने मांगे सुझाव

सभी सदस्यों की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष तय की गई है और कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

मसौदे में उल्लेख है कि एनएसबी के सदस्य किसी भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल निकाय में कार्यरत नहीं हो सकते। बोर्ड हर वर्ष वित्तीय लेखा-जोखा तैयार करेगा, जिसे तीन महीने के भीतर सीएजी के पास ऑडिट के लिए भेजना होगा। इसके साथ ही मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पंचाट (ट्रि) और राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एनएसएफ में सदस्य अधिकतम 67 वर्ष तक चार वर्ष के कार्यकाल पर रह सकेंगे और उन्हें पद छोड़ने के बाद कुछ समय तक खेल मामलों में शामिल नहीं होने की शर्त होगी। खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए 10 स्तरों का वर्गीकरण किया गया है। स्तर-1 में वे खिलाड़ी होंगे, जिन्होंने ओलंपिक पदक जीता हो, जबकि स्तर-2 में वे शामिल होंगे जिन्होंने दो या अधिक ओलंपिक में भाग लिया हो। महासंघ को आम सभा में कम से कम चार प्रतिष्ठित खिलाड़ियों की मौजूदगी अनिवार्य होगी।

राष्ट्रीय ओलंपिक समिति में केवल वे खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने ओलंपिक में भाग लिया हो या पदक जीता हो। महासंघों में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेता या विश्व चैंपियनशिप में पदकधारी भी पात्र होंगे। मंत्रालय ने मसौदा नियमों को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किया है और 30 दिन के भीतर जनता से सुझाव मांगे हैं। (अनंत ज्ञान)

## उपलब्धि: हैरी केन की अगुवाई में इंग्लैंड ने लातविया को 5-0 से हराकर किया क्वालीफाई

# इंग्लैंड विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने वाला पहला यूरोपीय देश बना

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाने वाला यूरोप का पहला देश बन गया है, लेकिन क्रिस्टियानो रोनाल्डो और पुर्तगाल को हंगरी के खिलाफ इंजरी टाइम में गोल गंवाने के कारण अपना टिकट बुक करने के लिए इंतजार करना होगा। इंग्लैंड ने लातविया पर 5-0 से जीत हासिल की, जिसमें कप्तान हैरी केन ने पहले हाफ में दो गोल किए। इससे इंग्लैंड ने दो मैच शेष रहते अपने ग्रुप में पहला स्थान पक्का कर लिया।

इंग्लैंड इस तरह से लगातार आठवें विश्व कप में भाग लेगा। इंग्लैंड की टीम ने जर्मन कोच थॉमस ट्यूशेल के मार्गदर्शन में अब तक क्वालीफाइंग के छह मैचों में एक भी गोल नहीं खाया है। केन ने मैच के बाद कहा, ''कभी-कभी यह आसान बन जाता है, लेकिन क्वालीफाई करना मुश्किल भी हो सकता था। हम किसी भी टीम के खिलाफ खेलें, हम हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं।'' उधर लिस्बन में खेले गए मैच में 40 वर्षीय रोनाल्डो के दो गोल की बदौलत पुर्तगाल ने हंगरी पर 2-1 की बढ़त बना ली थी और वह अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के बेहद करीब पहुंच गया था।



इस मैच में जीत से पुर्तगाल का अपने ग्रुप में पहला स्थान पक्का हो जाता, लेकिन डोमिनिक सोबोस्जलाई ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। इससे रोनाल्डो और पुर्तगाल का विश्व कप में जगह सुरक्षित करने का इंतजार बढ़ गया। रोनाल्डो विश्व कप क्वालिफायर में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके नाम पर अब 41 गोल दर्ज हो गए हैं। उन्होंने ग्वाटेमाला के खिलाड़ी कार्लोस रुइज (39 गोल) को पीछे छोड़ा।

पिछले दो विश्व कप में जगह बनाने में नाकाम रहने वाली इटली ने इसरायल को 3-0 से हराकर कम से कम प्लेऑफ में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। इटली की टीम अभी अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। वह नॉर्वे से तीन अंक पीछे है, जिसका गोल अंतर कहीं बेहतर है। स्पेन ने बुल्गारिया को 4-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वह तुर्किए से तीन अंक आगे है जिसने जॉर्जिया को घरेलू मैदान पर 4-1 से हराया। (अनंत ज्ञान)